
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार,झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित

RNI-UPHIN/2014/58471



# दैनिक अमन लेखनी



कॉकटेल-2 का ट्रेलर रिलीज कृति-रश्मिका के बीच फंसे शाहिद

कॉन्फिडेंस ही बन जाता है आपका दुश्मन

वर्ष : 12 | अंक : 160 | लखनऊ, 04 जून, गुरुवार 2026 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

## खबर संक्षेप

### कर्नाटक कांग्रेस के नए अध्यक्ष बने हरिप्रसाद




बेंगलुरु। कांग्रेस ने बीके हरिप्रसाद को कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस समिति का नया अध्यक्ष नियुक्त किया है। उन्होंने डीके शिवकुमार की जगह ली है, जिन्होंने नए मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली है। सत्ता साझेदारी के तहत 3 साल बाद उन्हें सीएम बनाया गया है। हरिप्रसाद वर्तमान में कर्नाटक विधान परिषद के सदस्य हैं और उनका कार्यकाल इसी महीने समाप्त होने वाला है।

### मधुबनी में 5 बच्चों की एक साथ डूबने से मौत



मधुबनी। बिहार के मधुबनी जिले में बुधवार को एक दुखद हादसे में 5 बच्चों की जान चली गई। सभी पानी से भरे एक गड्ढे में नहाने गए थे। उसमें डूबने से उनकी मौत हो गई। यह घटना बिस्फी के पतौना थाना क्षेत्र स्थित केरवार गांव की है। 3 बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 2 बच्चों को तुरंत अस्पताल ले गए। उन्होंने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। इससे गांव में सन्नाटा है।

### जब रक्षक ही भक्षक बने तो... जमानत रद्द की



नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने कथित जबरन वसूली के 3 पुलिस अधिकारियों आरोपी की अग्रिम जमानत रद्द कर दी। कोर्ट ने कहा, जब कानून लागू करने वाले अधिकारी जबरन वसूली करने वाले बन जाते हैं, तो नागरिक संदेह से देखता है, दुविधा में पड़ जाता है। न्यायमूर्ति संजय कुमार और के विनोद चंद्रन की पीठ ने बॉम्बे उच्च न्यायालय के आदेश को 'अस्पष्ट' बताया।

### गांगुली की सुरक्षा 'जेड' से 'वाई' में डाउनग्रेड



कोलकाता। पूर्व भारतीय कप्तान और क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ बंगालके अध्यक्ष सौरव गांगुली की सुरक्षा व्यवस्था में कटौती की गई है। उनकी सुरक्षा को जेड कैटेगरी से घटाकर वाई कैटेगरी कर दिया गया है। गांगुली को पिछले कुछ वर्षों से जेड श्रेणी की सुरक्षा दी जा रही थी। हालिया सुरक्षा समीक्षा के बाद राज्य प्रशासन ने उनकी सुरक्षा श्रेणी में बदलाव किया है।

### आदिवासी समुदाय को मुख्यधारा से जोड़ें



नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को कहा कि विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा, जब आदिवासी समुदाय विकास की मुख्यधारा से पूरी तरह जुड़ जाएगा। राष्ट्रपति एकीकृत जनजातीय विकास अभिकरणों और एकीकृत जनजातीय विकास परियोजनाओं के राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित कर रही थीं। इससे देश का अहम विकास होगा।

---

## केंद्र सरकार ने दी 39,290 करोड़ रुपए की 6 बड़ी परियोजनाओं को मंजूरी

# देश का बुनियादी ढांचा किया जाएगा मजबूत और विमानन क्षेत्र को झटके से उबारा जाएगा

राजकुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / नई दिल्ली,

केंद्रीय कैबिनेट ने बुधवार को देश के बुनियादी ढांचे (इंफ्रास्ट्रक्चर) को मजबूत करने और विमानन क्षेत्र को वित्तीय झटकों से बचाने के लिए कुल 39,290 करोड़ के 6 अहम प्रोजेक्ट्स को अपनी आधिकारिक मंजूरी दे दी है। इन नीतिगत फैसलों का सीधा असर देश की एविएशन इंडस्ट्री की बैलेंस शीट, कमर्शियल परिवहन व्यवस्था और राज्यों की इंटर-सिटी कनेक्टिविटी पर पड़ेगा। इस मेगा पैकेज में विमानन टर्बाइन ईंधन (एटीएफ) की कीमतों को नियंत्रित रखने के लिए एक विशेष फंड बनाने के साथ-साथ दिल्ली के प्रदूषण स्तर को कम करने और चार प्रमुख राज्यों में राष्ट्रीय राजमार्गों के नेटवर्क को रफ्तार देने पर रणनीतिक फोकस किया गया है।

### सबसे बड़ा हिस्सा विमानन और पंर्यावरण सुधार के लिए दिया




केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव कैबिनेट के फैसलों की जानकारी देते हुए

**एविएशन सेक्टर और पर्यावरण सुरक्षा पर फोकस**

कैबिनेट के मौजूदा फैसलों में कुल स्वीकृत बजट का एक बड़ा हिस्सा सीधे तौर पर विमानन क्षेत्र की स्थिरता और राष्ट्रीय राजधानी के पर्यावरण सुधार के लिए रखा गया है।

**इंफ्रास्ट्रक्चर और एविएशन पर बड़ा दांव**

### 10 हजार करोड़ का एटीएफ प्राइस स्टेबलाइजेशन फंड

ईंधन की अंतरराष्ट्रीय कीमतों में होने वाले भारी उतार-चढ़ाव से घरेलू विमानन कंपनियों को बचाने के लिए 10,000 करोड़ रुपए का 'एटीएफ प्राइस स्टेबलाइजेशन फंड' स्थापित करने का अहम फैसला किया गया है। एविएशन इंडस्ट्री लंबे समय से ईंधन की अस्थिर लागत से जूझ रही थी। यह फंड एयरलाइंस की परिचालन लागत को स्थिर रखने और मार्जिन को सुरक्षित करने में मददगार साबित होगा। पश्चिम एशिया संकट के कारण अंतरराष्ट्रीय विमानन टर्बाइन ईंधन (एटीएफ) की कीमतें मार्च 2026 में 60.5 रुपए से बढ़कर मई 2026 में 142 रुपए प्रति लीटर हो गई।

### दिल्ली में पुराने ट्रकों और बसों को हटाने के लिए 5,041 करोड़

राजधानी दिल्ली में बढ़ते एमिशन (उत्सर्जन) और वायु प्रदूषण पर लगाम कसने के लिए एक विशेष योजना पेश की गई है। इसके तहत पुराने ट्रकों और बसों को सड़कों से हटाने की योजना को कैबिनेट ने मंजूरी दी है, जिसके लिए 5,041 करोड़ का बजटीय प्रावधान किया गया है।

### 24,249 करोड़ से नई सड़क और राजमार्ग बनाए जाएंगे

देश में बुनियादी ढांचे और लॉजिस्टिक्स नेटवर्क को विश्वस्तरीय बनाने के उद्देश्य से, कैबिनेट ने कुल 39,290 करोड़ के इस पैकेज में से 24,249 करोड़ केवल नई सड़क और राजमार्ग परियोजनाओं के लिए आवंटित किए हैं। इससे ओडिशा, तेलंगाना, बिहार को लाभ होगा।

### एयरलाइंस को मिलेगी राहत

सरकार का मुख्य फोकस लॉजिस्टिक्स की लागत कम करने, सुरक्षित व तेज यातायात सुनिश्चित करने और पर्यावरण को हो रहे नुकसान को कम करने पर है। 10,000 करोड़ के 'एटीएफ स्टेबलाइजेशन फंड' से एयरलाइंस को ईंधन के मोर्चे पर अप्रत्याशित वित्तीय झटकों से राहत मिलेगी, वहीं राजमार्ग परियोजनाओं से रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।

### हाइवे को मिलेगी और गति

- **ओडिशा (कोस्टल हाईवे):** पूर्वी तट पर कनेक्टिविटी बेहतर करने और पर्यटन व व्यापार को बढ़ावा देने के लिए रामेश्वर, कोणार्क और पारादीप को जोड़ने वाले कोस्टल हाईवे के निर्माण को हरी झंडी दी गई है। इसके लिए 8,301 करोड़ मंजूर किए गए हैं।
- **तेलंगाना (फोर-लेनिंग प्रोजेक्ट):** दक्षिण भारत में औद्योगिक परिवहन को तेज करने के लिए तेलंगाना में नेशनल हाइवे -63 और नेशनल हाइवे -563 के विभिन्न हिस्सों को चार लेन का बनाने का फैसला हुआ है। इस परियोजना के लिए 7,597 करोड़ आवंटित किए गए हैं।
- **मध्य प्रदेश (राजमार्ग अपग्रेडेशन):** मध्य भारत में सड़क नेटवर्क को दुरुस्त करने के लिए नेशनल हाइवे -347बी के आवश्यक अपग्रेडेशन के लिए 4,415 करोड़ की धनराशि को स्वीकृति मिली है।
- **बिहार (सड़क विस्तार):** राज्य में बुनियादी ढांचे के विकास के तहत खगड़िया से पूर्णिया तक नेशनल हाइवे -31 और नेशनल हाइवे -231 के सेक्शन को चार लेन में बदलने के लिए 3,936 करोड़ रुपए दिए गए हैं।

---

## सीबीएसई ने की फीस जमा करने की पहल

# 4 नए गेटवे बनाए गए, अब तक 40,000 आवेदन मिले

### 6 जून अंतिम तिथि रखी



अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) का वेरिफिकेशन और री-इवैल्युएशन पोर्टल छात्रों के भारी ट्रैफिक और कई साइबर हमलों के प्रयासों के बावजूद पूरी तरह सुरक्षित और सुचारू रूप से काम कर रहा है। सीबीएसई ने 'एक्स' पर इस बात की आधिकारिक जानकारी साझा की है। छात्रों से मिले फीडबैक के बाद बोर्ड ने पोर्टल में कई महत्वपूर्ण सुधार किए हैं, जिसमें सेशन टाइम लिमिट को बढ़ाना भी शामिल है। पोर्टल की क्षमता को अब काफी बढ़ा दिया गया है, जिससे अब एक साथ लगभग 14,000 यूजर्स इस वेबसाइट का उपयोग कर सकते हैं। आज सुबह 9:30 बजे तक 40,000 छात्र सुविधा का लाभ उठाकर अपनी आवेदन प्रक्रिया को सफलतापूर्वक पूरा कर चुके हैं।

### एसबीआई सहित कई बैंकों में सुविधाएं दी

सीबीएसई ने स्पष्ट किया है कि छात्रों की सुविधा के लिए वेरिफिकेशन और री-इवैल्युएशन पोर्टल पर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई), केनरा बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा और इंडियन बैंक के पेमेंट गेटवे उपलब्ध कराए गए हैं। बोर्ड ने यह भी साफ किया है कि भुगतान पूरा करने के लिए छात्रों का इन विशिष्ट बैंकों में खाता होना जरूरी नहीं है। वे इन गेटवे के माध्यम से किसी भी बैंक के ऑनलाइन भुगतान विकल्पों जैसे- यूपीआई, नेट बैंकिंग, क्रेडिट कार्ड या डेबिट से का उपयोग करके अपनी फीस जमा कर सकते हैं।

### बोर्ड ने दी सतर्क रहने की सलाह

सीबीएसई ने कहा कि हमारी टीमें एक सुरक्षित, विश्वसनीय और छात्र-अनुकूल प्लेटफॉर्म सुनिश्चित करने के लिए लगातार निगरानी रख रही हैं।' इसके साथ ही बोर्ड ने छात्रों को सलाह दी है कि वे आवेदन करने से पहले आधिकारिक दिशानिर्देशों को ध्यान से पढ़ें और पोर्टल पर दर्ज की जाने वाली सभी जानकारियों की सटीकता सुनिश्चित करें। छात्र इस प्रक्रिया के लिए 6 जून तक आवेदन कर सकते हैं।


### सोशल मीडिया पर भी नजर

अब सीबीएसई की टीम सक्रिय रूप से हर शिकायत का जवाब दे रही है। लॉगिन फेल होने, 'लॉगिन रिक्वेस्ट एक्सपायर्ड' या वेरिफिकेशन एरर जैसी समस्याओं पर बोर्ड ने छात्रों से सीधे संवाद किया है।

---

# अब उत्पादक कीमतों से मापी जाएगी महंगाई 15 जून से लागू होगी नई पीपीआई व्यवस्था

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,



केंद्र ने देश की महंगाई और मूल्य निर्धारण संबंधी सांख्यिकीय व्यवस्था को आधुनिक बनाने को थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई), होलसेल प्राइस इंडेक्स को चरणबद्ध तरीके से समाप्त कर उसकी जगह प्रोड्यूसर प्राइस इंडेक्स (पीपीआई) लागू करने का निर्णय लिया है। केंद्र का कहना है कि यह बदलाव भारत की आर्थिक सांख्यिकी प्रणाली को वैश्विक मानकों के अनुरूप बनाने के उद्देश्य से किया जा रहा है। नई श्रृंखला का विमोचन 15 जून को किया जाएगा।

### अब 5 वर्षों तक साथ-साथ जारी होंगे डब्ल्यूपीआई और पीपीआई

सरकार ने स्पष्ट किया है कि डब्ल्यूपीआई को तत्काल समाप्त नहीं किया जाएगा। इसका उपयोग हजारों सरकारी और निजी अनुबंधों, परियोजनाओं तथा मूल्य वृद्धि के प्रावधानों में किया जाता है, इसलिए इसे 5 वर्षों तक जारी रखा जाएगा। इस अवधि में संशोधित डब्ल्यूपीआई और नया पीपीआई दोनों प्रकाशित किए जाएंगे। नई प्रणाली अपनाने का समय मिलेगा।

### वैश्विक मानकों की ओर बड़ा कदम

विशेषज्ञों का कहना है कि डब्ल्यूपीआई से पीपीआई की ओर संक्रमण भारतीय आर्थिक सांख्यिकी प्रणाली में पिछले कई वर्षों के सबसे महत्वपूर्ण सुधारों में से एक माना जा सकता है। इससे भारत की महंगाई मापन प्रणाली अधिक आधुनिक, पारदर्शी और वैश्विक मानकों के अनुरूप बनेगी।

---

# अंधेरी सबवे में 4 फीट तक भरा पानी, मार्ग बंद

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

**आवासीय क्षेत्रों तथा सड़कों पर जलभराव, ट्रैफिक डायवर्ट**

**मुंबई में प्री मानसून बारिश ने शहर की रफ्तार रोकी**

देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में बुधवार को हुई तेज प्री-मानसून बारिश ने शहर की रफ्तार पर ब्रेक लगा दिया। मूसलाधार बारिश के कारण शहर के कई इलाकों में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई, जिससे यातायात ठप हो गया। पश्चिमी उपनगरों में हालात अधिक गंभीर रहे, जहां सड़कें पानी में डूब गईं और लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। अंधेरी, जोगेश्वरी, मलाड, कांदिवली और बोरीवली जैसे इलाकों में सबसे अधिक बारिश दर्ज की गई। निचले इलाकों में पानी भर गया और कई आवासीय क्षेत्रों तथा सड़कों पर जलभराव हो गया। कुर्ला, सांताक्रूज, जुहू, बांद्रा, वर्ली और मुलुंड सहित शहर के अन्य हिस्सों में भी बारिश का असर दिखा।



### महत्वपूर्ण मार्ग पर यातायात ठप

सबसे ज्यादा प्रभावित स्थानों में अंधेरी सब-वे रहा, जहां 3-4फीट तक पानी भरने की सूचना है। अंधेरी सबवे को वाहनों के लिए पूरी तरह बंद कर दिया गया। इससे पूर्वी और पश्चिमी उपनगरों को जोड़ने वाले इस मार्ग पर यातायात ठप हो गया।

**मानसून पर खुशखबर**

### अगले 24 घंटे में देगा दस्तक, अलर्ट जारी किया

नई दिल्ली। मौसम विभाग ने खुशखबरी दी है। विभाग के अनुसार अगले 24 घंटे के दौरान केरल में दक्षिण पश्चिम मानसून आने वाला है। 7 दिन तक केरल में बहुत भारी, तमिलनाडु, कर्नाटक में भारी बारिश होगी। पूरे हफ्ते उत्तर पश्चिम, मध्य और पूर्वी भारत, दक्षिण भारत में कई हिस्सों में 40-50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली तूफानी हवाओं के माध्यम से गरज-चमक का अलर्ट है।

---

## भारत निर्वाचन आयोग का 2 दिनी सम्मेलन दिल्ली में शुरू

# चुनावी दुष्प्रचार से निपटने 'नवाचार' पर वैश्विक मंथन होगा

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने बुधवार को नई दिल्ली स्थित भारत अंतरराष्ट्रीय लोकतंत्र एवं निर्वाचन प्रबंधन संस्थान (आईआईआईडीईएम) में 'चुनावी प्रक्रियाओं और अभियानों में मीडिया के लिए वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाएं और नवाचार' विषय पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन किया।गुरुवार तक चलने वाले सम्मेलन में चुनाव प्रबंधन से जुड़ी उभरती चुनौतियों, विशेषकर डिजिटल युग में सामने आ रही समस्याओं पर चर्चा के लिए चुनाव प्रशासक, शिक्षाविद, शोधकर्ता और मीडिया विशेषज्ञ एकत्र हुए हैं। सम्मेलन में जिला निर्वाचन अधिकारी (डीईओ), निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी (ईआरओ), विषय विशेषज्ञ, शोधार्थी और निर्वाचन साक्षरता क्लबों के सदस्य सहित 480 से अधिक प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं।

### *नई दिल्ली स्थित आईआईआईडीईएम में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का हुआ शुभारंभ*

**सुझावों और चर्चाओं को शामिल किया जाएगा**




केंद्रीय चुनाव आयोग | ज्ञानेश कुमार

कार्यक्रम में मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा कि निर्वाचन आयोग बूथ स्तर के अधिकारियों और बूथ स्तर एजेंटों सहित जमीनी स्तर के चुनाव कर्मियों के लिए व्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से मतदाताओं के साथ संवाद को लगातार मजबूत कर रहा है। सम्मेलन का उद्देश्य चुनाव प्रबंधन से जुड़े अंतरराष्ट्रीय अनुभवों, आदर्श मानकों और सर्वोत्तम प्रथाओं का वैश्विक ज्ञान संसाधन तैयार करना है। सुझावों और चर्चाओं को जनवरी में भारत अंतरराष्ट्रीय लोकतंत्र एवं निर्वाचन प्रबंधन सम्मेलन में दिल्ली घोषणा के तहत तैयार विषयगत प्रतिवेदन में शामिल किया जाएगा।

### प्रमुख चुनौतियों पर विचार-विमर्श होगा

सम्मेलन के विभिन्न सत्रों में दुनिया भर के लोकतांत्रिक देशों के सामने मौजूद प्रमुख चुनौतियों पर विचार-विमर्श किया जा रहा है। इनमें गलत सूचना और दुष्प्रचार का प्रसार, एआई आधारित डीपफेक और सिंथेटिक मीडिया का बढ़ता खतरा, डिजिटल राजनीतिक विज्ञापनों में पारदर्शिता की कमी तथा चुनाव अभियानों के दौरान ऑनलाइन मंचों की जवाबदेही जैसे विषय शामिल हैं। यह आईआईआईडीईएम व दिल्ली प्रौद्योगिकी कर रहे हैं।

---

## सीजेपी ने 3 प्रवक्ताओं का किया ऐलान

# खोजी पत्रकार सौरव को बनाया मुख्य प्रवक्ता, दहिया भी शामिल

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,




कॉकरोच जनता पार्टी ने 3 प्रवक्ताओं की नियुक्ति की है। सीजेपी ने अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट कॉकरोच इज बैक के जरिए सोशल मीडिया पर इन नियुक्तियों की जानकारी दी। खोजी पत्रकार सौरव दास को पार्टी का मुख्य प्रवक्ता बनाया गया है। इसके अलावा राजनीतिक शोधकर्ता, लेखिका और फिल्म निर्माता विजेता दहिया तथा आईआईटी कानपुर के पूर्व छात्र और वैश्विक प्रबंधन परामर्श कंपनी मैकिंजी से जुड़े रहे आशुतोष रांका को भी पार्टी का प्रवक्ता नियुक्त किया गया है। सीजेपी ने कहा है कि वह भारत में राजनीतिक विमर्श को बदलने के लिए प्रतिबद्ध है और इस पहल का नेतृत्व नई पीढ़ी के नेता करेंगे। पोस्ट में दावा किया गया है कि पार्टी का उद्देश्य देश में नई राजनीतिक सोच और संवाद को बढ़ावा देना है, जिसके लिए युवा नेतृत्व को आगे लाया जा रहा है।

# एयरपोर्ट पर हज यात्रियों का सामान चोरी हों जाने का आरोप



अमन लेखनी समाचार

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने पश्चिम बंगाल एवं असम में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक विजय के उपरांत नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से शिष्टाचार भेंटकर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। हज यात्रा पूरी कर अपने वतन लौट रहे हज यात्रियों को लखनऊ एयरपोर्ट पर जहां मंगलवार को सामान चोरी जैसी परेशानियों का सामना करना पड़ा था। वहीं हज यात्रा कर अपने वतन लौटे हज यात्रियों का बुधवार को लखनऊ एयरपोर्ट पर गर्मजोशी और सम्मान के साथ स्वागत किया गया। इसको लेकर हज यात्रियों के आगमन पर एयरपोर्ट प्रशासन ने विशेष तैयारियां की थीं, जिससे उन्हें किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। बताते चलें कि मंगलवार को हज यात्रा कर वापस लौटे काफी हज यात्रियों का सामान उन्हें लखनऊ एयरपोर्ट पहुंचने पर नहीं मिला था। उन्होंने चोरी का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया था। यह खबर जब मीडिया में आई तो एयरपोर्ट प्रशासन हरकत में आ गया। जिसके बाद बुधवार को एयरपोर्ट प्रशासन ने हज यात्रियों पर विशेष कृपा बरसानी शुरू कर दी। इसी के चलते बुधवार को एयरपोर्ट पहुंचने पर एयरपोर्ट प्रशासन द्वारा यात्रियों का फूल भेंट कर हज यात्रियों का भव्य स्वागत किया गया। वहीं हज यात्रियों के परिजन भी काफी संख्या में स्वागत के लिए एयरपोर्ट पहुंचे, जिससे वहां भावनात्मक और उत्साहपूर्ण माहौल रखा। एयरपोर्ट प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए एयरपोर्ट परिसर में पर्याप्त संख्या में कुर्सियों की व्यवस्था की गई थी। भीषण गर्मी से राहत दिलाने के लिए वॉटर कूलर और एयर कूलर भी लगाए गए थे, जिससे यात्रियों और उनके परिजनों को आराम मिल सके। इसके अलावा खाने-पीने की व्यवस्था भी विशेष रूप से की गई थी। एयरपोर्ट परिसर में लगाए गए स्टॉलों पर यात्रियों और उनके परिजनों के लिए उचित दरों पर खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराए गए। भीड़ को नियंत्रित करने और यात्रियों की आवाजाही को सुचारु बनाए रखने के लिए विभिन्न स्थानों पर क्यू मैनेजर्स तैनात किए गए थे।हालांकि एयरपोर्ट सूत्रों ने बताया कि कुछ यात्रियों के सामान समय पर नहीं पहुंचने की समस्या भी सामने आई। जिसमें कुछ लगेज संबंधित फ्लाइट के साथ नहीं आ सके। इस पर एयरपोर्ट प्रशासन ने एयरलाइन कंपनी फ्लाइनास को आवश्यक निर्देश जारी करते हुए यात्रियों के सामान के प्रति विशेष सतर्कता बरतने को कहा है।एयरलाइन प्रबंधन ने आश्वासन दिया है कि छूटा हुआ सामान अगली निर्धारित उड़ान से यात्रियों तक पहुंचा दिया जाएगा। बुधवार को हज यात्रा कर वापस लौटे झांसी निवासी हज यात्री मोहम्मद खालिद अंसारी और तारिक यूसुफ खान सहित कई हज यात्रियों ने एयरपोर्ट पर उपलब्ध कराई गई व्यवस्थाओं और स्वागत की सराहना करते हुए प्रशासन का आभार व्यक्त किया।



अमन लेखनी समाचार

कुशल रणनीतिकार एवं भाजपा को देश की सबसे बड़ी पार्टी बनाने में महती भूमिका निभाने वाले देश के गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से शिष्टाचार भेंटकर असम एवं बंगाल विधानसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत की बधाई देते हुए उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य

## युवक के घर में घुसकर मारपीट करने का आरोप,रिपोर्ट दर्ज

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ।बिजनौर थाना क्षेत्र में एक युवक के साथ मारपीट और घर में घुसकर हमला किए जाने का मामला सामने आया है। इस मामले में पीड़ित युवक की बहन बिजनौर के रहीमाबाद में रहने वाली सोनी ने अवधेश, अभिषेक, मोहित और रंजन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। सोनी का कहना है कि मंगलवार शाम करीब 7 बजे उसका भाई विवेक कोचिंग से पढ़कर घर लौट रहा था।इसी दौरान घर के पास मौजूद आरोपियों ने उस पर अभद्र टिप्पणी की। विवेक ने विरोध किया तो आरोपियों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। बाद में वह किसी तरह घर पहुंचा, लेकिन आरोप है कि इसके बाद आरोपी घर में घुस आए और परिवार के अन्य सदस्यों पर भी हमला कर दिया। पीड़िता का कहना है कि हमलावरों ने डंडों और ईंटों से उसके माता-पिता, बहन और भाई को पीटा, जिससे वह चोटिल हो गए।फिलहाल पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

## रनीपारा पुलिया के पास डाले और बाइक की भिड़ंत, युवक गंभीर घायल



घायल अवस्था में अस्पताल भर्ती युवक

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। माल-इटौंजा मार्ग स्थित रनीपारा पुलिया के पास बुधवार को सड़क हादसे में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को प्राथमिक उपचार के बाद ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार माल के पिपरी कुराखर गांव निवासी छोटू बाइक से माल की ओर से सैदापुर जा रहा था।इसी दौरान रनीपारा पुलिया के निकट एक डाला संपर्क मार्ग की ओर मुड़ रहा था।तभी दोनों वाहनों के बीच आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई।हादसा इतना भीषण था कि बाइक सवार छोटू सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई और अफरा-तफरी का माहौल बन गया।स्थानीय लोगों और राहगीरों ने तत्परता दिखाते हुए घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) माल पहुंचाया।सीएचसी में चिकित्सकों ने घायल का प्राथमिक उपचार किया, लेकिन हालत नाजुक होने के कारण उसे बेहतर इलाज के लिए ट्रॉमा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया।जहां उसका इलाज जारी है।

## आज मुरादाबाद में रालोद की विजय संकल्प रैली में शामिल होंगे रालोद प्रमुख जयंत चौधरी

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ।राष्ट्रीय लोकदल द्वारा आज जनपद मुरादाबाद में विजय संकल्प महारैली का आयोजन किया जा रहा है। इस रैली को राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय कौशल विकास मंत्री चौधरी जयन्त सिंह संबोधित करेंगे। राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे ने बताया कि ठाकुरद्वारा मुरादाबाद के सनातन धर्म हिन्दू इंटर कॉलेज मैदान में अपराह्न 2 बजे से आयोजित यह रैली मुरादाबाद के राजनैतिक इतिहास की सबसे बड़ी रैली होगी। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय लोकदल ने 2027 में पुनः एन0डी0ए0 को सत्ता में लाने के लिए अपने कार्यक्रम शुरू कर दिये हैं इसी श्रृंखला में राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयन्त सिंह पिछले दिनों मुजफ्फरनगर, शामली, अमरोहा, मेरठ, सहारनपुर से अपनी विजय संकल्प रैली की शुरूआत कर चुके हैं कल उनका पडाव ठाकुरद्वारा मुरादाबाद में होगा।इस रैली को सफल बनाने के लिए पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता किसानों, मजदूरों से गांव गांव जाकर सम्पर्क कर रहे हैं और विजय संकल्प रैली में आने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि ठाकुरद्वारा की धरती से चौधरी जयन्त सिंह किसानों, नौजवानों तथा मजदूरों की आवाज को बुलंद करेंगे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल किसानों के सम्मान, युवाओं के रोजगार तथा मजदूर के अधिकार तथा समाज के अन्तिम व्यक्ति को विकास के रास्ते पर ले जाने के लिए दृढ़ संकल्पित है और इस हेतु अपना अभियान लगातार जारी रखेगा।उन्होंने बताया कि इस विजय संकल्प रैली की सफलता के लिए मुरादाबाद के सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता ऐतिहासिक बनाने के लिए संकल्प के साथ जुटे हुये हैं।

## मदरसे में ताला लगाकर मौलाना फरार, कार्रवाई की मांग तेज

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। कसमंडी कला स्थित विवादित स्थल को लेकर चल रहा विवाद लगातार गहराता जा रहा है। मामले के तूल पकड़ने के बाद विवादित स्थल के निकट संचालित एक मदरसे में ताला लगा मिला, जबकि मदरसे के संचालक बहराइच निवासी मौलाना जमील अहमद के कथित रूप से क्षेत्र छोड़कर जाने की चर्चा है।इस बीच विभिन्न हिंदू संगठनों ने प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई की मांग की है। अखिल भारत हिन्दू महासभा के प्रवक्ता शिशिर चतुर्वेदी ने आरोप लगाया कि राजा कंसा किला एवं प्राचीन शिव मंदिर के समीप सुलेमानिया एजूकेशन स्कूल के नाम से एक मदरसा संचालित किया जा रहा था, जिसकी वैधता और पंजीकरण को लेकर सवाल उठ रहे हैं।उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग द्वारा अब तक कोई ठोस कार्रवाई न किया जाना चिंताजनक है।वहीं, सुहेलदेव आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेश पासी ने भी प्रशासन को तहरीर देकर मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। गांव में तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए बुधवार को भी पुलिस बल और पीएसी की तैनाती जारी रही। प्रशासन ने एहतियातन विवादित स्थल पर दोनों पक्षों के आवागमन तथा किसी भी प्रकार की धार्मिक गतिविधि पर रोक लगा रखी है।हिंदू पक्ष का आरोप है कि पिछले कुछ वर्षों में मौलाना जमील अहमद के संपर्क में आने वाले लोगों का विवादित स्थल पर आवागमन बढ़ा, जिससे विवाद की स्थिति उत्पन्न हुई।वहीं मुस्लिम पक्ष का कहना है कि संबंधित ढांचा कई पीढ़ियों से मस्जिद एवं मकबरे के रूप में उपयोग में रहा है और वहां नमाज अदा की जाती रही है।मामले को लेकर पुलिस और प्रशासन सतर्क हैं। मलिहाबाद इंस्पेक्टर सुरेंद्र भाटी ने बताया कि गांव में पर्याप्त पुलिस बल तैनात है तथा प्राप्त शिकायतों के आधार पर जांच की जा रही है। जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## नकलविहीन एवं शांतिपूर्ण वातावरण में टीजीटी परीक्षा सकुशल संपन्न

### जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने सभी परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण, दोनों पालियों में रही कड़ी निगरानी

अमन लेखनी समाचार

जनपद जालौन, उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग, प्रयागराज द्वारा आयोजित प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (टीजीटी) लिखित परीक्षा जनपद में नकलविहीन, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण वातावरण में सकुशल संपन्न हुई। परीक्षा के सफल एवं निष्पक्ष संचालन हेतु जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन पूरे समय सतर्क एवं सक्रिय रहा। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने जनपद के सभी परीक्षा केंद्रों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों की सघन जांच, सीसीटीवी निगरानी, कक्ष निरीक्षकों की तैनाती, सुरक्षा व्यवस्था तथा आयोग द्वारा निर्धारित दिशा-निदेशों के अनुपालन का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देशित किया कि परीक्षा की शुचिता एवं पारदर्शिता बनाए रखने में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। जनपद में टीजीटी परीक्षा के लिए कुल सात परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। प्रथम पाली में कुल 2,788 अभ्यर्थी पंजीकृत थे, जिनमें 1,269 अभ्यर्थी उपस्थित तथा 1,519 अनुपस्थित रहे। वहीं द्वितीय पाली में कुल 2,127 अभ्यर्थियों में से 1,033 अभ्यर्थी उपस्थित एवं 1,094 अनुपस्थित रहे। परीक्षा दोनों पालियों में पूरी तरह शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं की निष्पक्षता एवं विश्वसनीयता बनाए रखना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। इसके लिए सभी परीक्षा केंद्रों पर सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टैटिक मजिस्ट्रेट एवं पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई।

## नगर निगम ने सरकारी कब्जेवाली जमीन पर चलाया बुलडोजर

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ।सरकारी जमीनों से अवैध अतिक्रमण हटाने को लेकर नगर निगम द्वारा चलाए जा रहे अतिक्रमण मुक्त अभियान के तहत बुधवार को सरोजनीनगर तहसील क्षेत्र के रहीमाबाद में बड़ी कार्रवाई की गई। नगर आयुक्त गौरव कुमार के निर्देश पर अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव एवं उपजिलाधिकारी सरोजनीनगर अंकित शुक्ला के नेतृत्व में संयुक्त टीम ने राजस्व अभिलेखों में दर्ज सरकारी भूमि से अवैध कब्जे हटाए। इस दौरान नगर निगम और राजस्व विभाग की टीम ने खसरा संख्या 1279, 1286, 1385, 958, 959 और 960 की कुल 1.250 हेक्टेयर भूमि पर कार्रवाई की। यह भूमि राजस्व अभिलेखों में वृक्षारोपण, कब्रिस्तान एवं श्मशान आदि सार्वजनिक उपयोग के लिए दर्ज है। अधिकारियों के मुताबिक कुछ लोगों द्वारा अस्थायी बाउंड्रीवॉल बनाने के साथ प्लाटिंग कर भूमि पर अवैध कब्जे का प्रयास किया जा रहा था। प्रभारी अधिकारी संपत्ति रामेश्वर प्रसाद और नगर निगम तहसीलदार अरविंद पाण्डेय द्वारा उपलब्ध कराई गई टीम ने मौके पर पहुंचकर जेसीबी मशीनों की सहायता से अतिक्रमण हटाया। इस कार्रवाई का नेतृत्व नगर निगम के नायब तहसीलदार राजेन्द्र कुमार और नायब तहसीलदार सरोजनीनगर अनूप श्रीवास्तव ने किया।इस दौरान नगर निगम लेखपाल अनूप गुप्ता, तहसील लेखपाल अमरेन्द्र शर्मा, सारांश सिंह, ललितेश सिंह और नगर निगम की ईटीएफ फोर्स भी मौजूद रही। हालांकि अतिक्रमण हटाने के दौरान कुछ स्थानीय लोगों ने विरोध भी किया, लेकिन प्रशासन ने शांतिपूर्ण ढंग से कार्रवाई पूरी कर ली।अधिकारियों के मुताबिक कब्जा मुक्त कराई गई जमीन की अनुमानित बाजार कीमत करीब 18 करोड़ 75 लाख रुपये है। नगर निगम अधिकारियों ने बताया कि सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जों के खिलाफ यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा और अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## मामूली विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट,रिपोर्ट दर्ज

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र में बीते दिनों मामूली विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों नेएक दूसरे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। बंथरा के रामचौरा गाँव में रहने वाली महिला केतकी राठी के मुताबिक 25 मई की सुबह करीब आठ बजे वह अपनी गाय चराने गई थीं। इसी दौरान मामूली बात को लेकर संतोष कुमारी, हर्ष, रमेश की पत्नी, सुनील और विकास सहित कई लोगों ने गाली-गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट की।उसका कहना है कि बीच-बचाव करने पहुंची उसकी बुजुर्ग मां और भाभी को भी आरोपियों ने लाठी-डंडों से पीटा।केतकी का कहना है कि घटना में उन्हें कई जगह चोटें आईं और उनका बायां हाथ फ्रैक्चर हो गया। वहीं दूसरे पक्ष की ओर से गाँव की महिला संतोष अंबेडकर ने आरोप लगाया कि वह उस दिन सुबह काम पर जा रही थीं, तभी शिशुपाल, केतकी राठी, निर्देशक राठी और सुनीता ने रास्ते में रोककर उसके साथ गाली-गलौज कर मारपीट की। उसका कहना है कि उसे बचाने पहुंची उनकी रिश्तेदार रेखा को भी आरोपियों ने मारा पीटा और जान से मारने की धमकी दी।फिलहाल पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## एसीपी ने पुलिस टीम के साथ किया पैदल गश्त

### सार्वजनिक स्थलों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ। दक्षिणी जोन में शांति, सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने के उद्देश्य से बुधवार को सरोजनीनगर पुलिस द्वारा पैदल गश्त एवं सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। यह अभियान पुलिस उपायुक्त दक्षिणी अमित कुमार आनंद के निर्देशन और सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) कृष्णा नगर रजनीश वर्मा के नेतृत्व में संचालित किया गया। पुलिस टीम ने सरोजनीनगर थाने से कानपुर रोड स्थित स्कूटर इंडिया चौराहे तक दोनों ओर की पटरियों पर पैदल मार्च किया। इस दौरान बाजारों, सार्वजनिक स्थलों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। अभियान के दौरान संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की गहन जांच करने के साथ लोगों से सुरक्षा संबंधी जानकारी साझा करते हुए सतर्क रहने की अपील की गई। एसीपी रजनीश वर्मा ने बताया कि आमजन में सुरक्षा का भाव जागृत करने और असामाजिक तत्वों पर प्रभावी निगरानी बनाए रखने के लिए नियमित रूप से ऐसे अभियान चलाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कानून-व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की प्राथमिकता है और किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने के लिए लोगों को प्रेरित किया जा रहा है। इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक सरोजनीनगर राजदेव राम प्रजापति सहित कई उपनिरीक्षक एवं पुलिसकर्मी मौजूद रहे। अभियान के दौरान क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस की सक्रियता स्पष्ट रूप से देखने को मिली।

## ऑफिसर योगाचार्य पंडित नवीन को बनाया गया ब्रांड एंबेसडर

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। विख्यात योग गुरु एवं समाजसेवी योगाचार्य पं नवीन को उनके योग के क्षेत्र मे अतुलनीय योगदान के लिए पलल्व चैरिटेबल वेलफेयर सोसाइटी द्वारा इंडिया एक्सीलेंस अवार्ड सीजन 4 के कार्यक्रम में ब्रांड एंबेसडर की उपाधि प्रदान की गई यह उपाधि योगाचार्य पं नवीन को योग के क्षेत्र मे किये गए शराहनीय कार्य के लिए प्रदान की गयी ।इस मौके पर मुख्य अतिथि पूर्व विधान परिषद अरविन्द त्रिपाठी 'गुड्डू', पूर्व मेयर संयुक्ता भाटिया, पूर्व पार्षद रमाशंकर त्रिपाठी, के. के. सिंह तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में बॉलीवुड एक्ट्रेस प्रियंका चौहान ( भाभी जी घर पर हैं सीरियल फेम ), डा संदीप सनातनी तथा गणमान्य अतिथिगण मौजूद रहे । कार्यक्रम मे विभिन्न क्षेत्रो मे कार्य कर रहे 151 विभूतियों का सम्मान किया गया ।कार्यक्रम मे बच्चों के द्वारा रंगारंग प्रस्तुति दी गयी जिसमें डांस और योगाचार्य पं नवीन के टीम के बच्चों( कोमल जयसवाल, जे एम डी अकादमी के ईशान, शौर्य, आदित्य, वंश, आयुष )ने योग नृत्य की प्रस्तुति से सभी दर्शकों का मन मोह लिया योगाचार्य नवीन ने स्वास्थ्य संदेश देते हुए बताया कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने दैनिक दिनचर्या में योग अवश्य करना चाहिए। जिससे शारीरिक मानसिक और आध्यात्मिक लाभ होता है मुख्य अतिथि गुड्डू त्रिपाठी ने कार्यक्रम की सराहना की और योगनृत्य वाले बच्चों की जमकर तारीफ करते हुए कहा की इस तरह के कार्यक्रम करने से बच्चों को मनोबल बढ़ता है। कार्यक्रम का आयोजन सुनील रॉकी और गीतांजलि सिंह के द्वारा किया गया।

## आईओसीएल लखनऊ टर्मिनल पर मॉक ड्रिल का किया गया आयोजन

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ।सरोजनी नगर के अमौसी स्थित आईओसीएल लखनऊ टर्मिनल पर बुधवार को छह माह में आयोजित होने वाला आपातकालीन तैयारी अभ्यास (मॉक ड्रिल) का आयोजन किया गया। पेट्रोलियम उत्पादों में रिसाव और आग लगने जैसी आपात स्थिति में उससे निपटने को लेकर यह मॉक ड्रिल की गई। कार्यक्रम का संचालन टर्मिनल के लोकेशन इंचार्ज गौरव देव के निर्देशन में किया गया।इस मॉक ड्रिल में आईओसीएल बीकेपीएल स्टेशन, आईओसीएल एलपीजी बॉटलिंग प्लांट, एचपीसीएल आईआरडी टर्मिनल, अदानी एविएशन फ्यूल सर्विसेज और बीपीसीएल बॉटलिंग प्लांट सहित कई तेल एवं गैस कंपनियों के पारस्परिक सहायता भागीदारों ने हिस्सा लिया।इसके अलावा सरोजनी नगर फायर स्टेशन, टीएस मिश्रा अस्पताल और अवध अस्पताल की टीमें भी सहयोग के लिए मौजूद रहीं। इस अभ्यास के दौरान एटीएफ पिगिंग सुविधा में रिसाव और आग लगने की काल्पनिक स्थिति बनाई गई। रखरखाव कार्य के दौरान फ्लेंज जॉइंट से रिसाव शुरू होने पर कर्मचारी ने गेट वाल्व बंद कर स्थिति नियंत्रित करने का प्रयास किया, लेकिन रिसाव जारी रहने पर नियंत्रण कक्ष से आपातकालीन शटडाउन लागू किया गया। इसके बाद फोम ब्लैंकेटिंग की गई। इसी दौरान एक औजार गिरने से निकली चिंगारी से आग लगने की स्थिति पैदा हो गई, जिसे डीसीपी अग्निशामक यंत्रों और वाटर कम फोम मॉनिटर की मदद से नियंत्रित कर लिया गया। जबकि दूसरे चरण में टैंक लॉरी फिलिंग बे नंबर-3 में आग लगने का अभ्यास किया गया। अग्निशमन दल ने चार डीसीपी यंत्रों और वाटर कम फोम मॉनिटर के माध्यम से आग पर काबू पाया।संयुक्त प्रयासों से दोनों घटनाओं में लगी आग को 15 मिनट के भीतर सफलतापूर्वक बुझा दिया गया। अभ्यास के दौरान एक घायल व्यक्ति को प्राथमिक उपचार देने के बाद एम्बुलेंस से अस्पताल भेजा गया।बाद में मौजूद अधिकारियों ने बताया कि सभी अग्निशमन उपकरणों ने संतोषजनक प्रदर्शन किया।

## संक्षेप

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। थाना असोहा क्षेत्र के देवरा गांव के चंद्रपाल लोधी के 18 वर्षीय पुत्र रूपेश ने आज सुबह अज्ञात कारणों के चलते गांव के बाहर महुए के पेड़ पर रस्सी के सहारे फांसी लगा कर अपनी जान दे दी । ग्रामीण जब शौच क्रिया को गए तो रूपेश को रस्सी के सहारे पेंड पर लटका देख ,ग्रमीणों ने इसकी सूचना म्रतक रूपेश के परिजनों को दी ,परिजनों ने किसी को भी सूचना दिए बगैर म्रतक का अंतिम संस्कार गांव में ही कर दिया थाना प्रभारी फूल सिंह ने बताया कि फांसी सम्बंधित कोई सूचना थाने पर नही आई अगर मिलती है तो अग्रिम कार्यवाही की जाएगी

### अज्ञात वाहन की टक्कर से ऑटो चालक की मौत

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। थाना असोहा क्षेत्र के जबरेला निवासी गोविंद राजपूत (45 वर्ष) पुत्र शिवपाल ऑटो चला कर अपना जीवकोपार्जन करता था बीते मंगलवार की रात मौरांवा मोहनलाल गंज मार्ग पर कंचनपुर गांव में प्राथमिक विद्यालय के पास किसी अज्ञात वाहन ने गोविंद को टक्कर मार दी जिससे वह गिर पड़ा , देर रात जब बगल के लोगो ने उसे पड़ा देखा तो पुलिस को सूचना देते हुए उसके परिजनों को सूचना दी मौके पर पहुंचे उसके भाई विजय कुमार ने लोगो को बताया कि मेरा भाई सुबह निकल जाता था और देर रात तक ऑटो चलाकर घर जाता था , घटना स्थल पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिये उन्नाव भेजा । वही ग्रामीणों का कहना है कि गोविंद देर रात ऑटो खड़ा कर सड़क पार कर रहा था तभी गुजर रहे ट्रक की चपेट में आ गया और दर्दनाक मौत हो गई ।म्रतक गोविंद अपने पीछे तीन बेटियां काजल , शिल्पी व लछमी तथा पत्नी प्रेमा को रोता बिलखता छोड़ गया है ।ग्रामीणों ने बताया की यह एक इत्तेफाक ही है कि पिछले वर्ष जेष्ठ माह के चौथे मंगलवार को म्रतक गोविंद के इकलौते 14 वर्षीय बेटे रौनक नदी में डूब जाने से म्रत्यु हो गई थी ओर आज गोविंद की भी मंगलवार के दिन ही मौत हुई है थाना प्रभारी फूल सिंह ने बताया कि अज्ञात के नाम प्रार्थना पत्र मिला है कार्यवाही की जा रही है ।

# उच्च शिक्षा मंत्री को बनाया गया जनपद का प्रभारी

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। उत्तर प्रदेश सरकार ने उन्नाव जनपद के लिए नई प्रभारी मंत्री की नियुक्ति की है।हरदोई की शाहाबाद विधानसभा सीट से विधायक और उच्च शिक्षा मंत्री रजनी तिवारी को उन्नाव का प्रभारी मंत्री बनाया गया है। बुधवार को भाजपा सरकार द्वारा जारी सूची में उनके नाम की घोषणा की गई। इस घोषणा के बाद भाजपा कार्यकताओं और प्रशासनिक महकमे में नई जिम्मेदारी को लेकर चचाएं तेज हो गई हैं।प्रभारी मंत्री के तौर पर रजनी तिवारी जनपद में सरकारी योजनाओं की समीक्षा, विकास कार्यों की निगरानी और विभिन्न विभागों के कार्यों का मूल्यांकन करेंगी। वह जिला योजना समिति की बैठकों की अध्यक्षता भी करेंगी और जनपद में संचालित विकास परियोजनाओं की प्रगति पर विशेष ध्यान देंगी। सूत्रों के अनुसार, प्रभारी मंत्री के रूप में उनका पहला उन्नाव दौरा गुरुवार को संभावित है। हालांकि, अभी तक आधिकारिक कार्यक्रम जारी नहीं हुआ है, लेकिन प्रशासनिक स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। जिला प्रशासन उनके संभावित आगमन को देखते हुए आवश्यक व्यवस्थाओं में जुट गया है।रजनी तिवारी प्रदेश की राजनीति में एक सक्रिय और अनुभवी जनप्रतिनिधि हैं। वह कई बार विधायक चुनी जा चुकी हैं और वर्तमान में योगी सरकार में उच्च शिक्षा विभाग की जिम्मेदारी संभाल रही हैं। अब उन्नाव जिले की जिम्मेदारी मिलने के बाद विकास योजनाओं को गति मिलने की उम्मीद है। जनपद के भाजपा नेताओं और कार्यकताओं ने रजनी तिवारी को प्रभारी मंत्री बनाए जाने का स्वागत किया है। पार्टी पदाधिकारियों का कहना है कि उनके अनुभव का लाभ जिले को मिलेगा और केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन हो सकेगा। प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार, प्रभारी मंत्री के आगमन पर विकास कार्यों, कानून-व्यवस्था, स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल, सड़क और अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं की समीक्षा बैठकें आयोजित की जा सकती हैं। इसके अलावा जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ संवाद कार्यक्रम भी प्रस्तावित हैं।

# परियोजना में बाधा बन रहे मकानों पर चला बुलडोजर

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। कड़ेड पतारी गांव में प्रस्तावित रिंग रोड निर्माण कार्य को आगे बढ़ाने के लिए बुधवार को प्रशासनिक कार्रवाई की गई। परियोजना में बाधा बन रहे मकानों और अन्य निमार्णों को बुलडोजर से हटाया गया। इस दौरान राजस्व और पुलिस विभाग की टीमें मौके पर मौजूद रहीं, जिससे क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था बनी रही। प्रशासनिक अधिकारियों की देखरेख में सुबह से ही यह कार्रवाई शुरू हुई। बुलडोजर की मदद से उन ढांचों को हटाया गया जो रिंग रोड परियोजना के रास्ते में आ रहे थे।कुछ प्रभावित परिवारों ने पहले ही अपना सामान सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा दिया था, जबकि कई अन्य को अपने घरों से सामान निकालने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। मौके पर सदर नायब तहसीलदार के नेतृत्व में राजस्व विभाग की टीम मौजूद थी। इसमें कानूनगो अरविंद श्रीवास्तव, लेखपाल सत्यम शुक्ला, मनीष शुक्ला और मनोज यादव जैसे अधिकारी शामिल रहे।किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए भारी पुलिस बल भी तैनात किया गया था। अधिकारियों ने बताया कि रिंग रोड परियोजना जनपद की एक महत्वपूर्ण विकास योजना है। इसके निर्माण से शहर में यातायात का दबाव कम होगा और भारी वाहनों को एक वैकल्पिक मार्ग मिल सकेगा। परियोजना को समय पर पूरा करने के लिए भूमि अधिग्रहण और अवरोध हटाने की प्रक्रिया लगातार जारी है।इस कार्रवाई के दौरान कड़ेड पतारी के ग्राम प्रधान मनोज भी मौके पर उपस्थित रहे। उन्होंने ग्रामीणों से प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। ग्राम प्रधान ने कहा कि रिंग रोड बनने से क्षेत्र के विकास को गति मिलेगी और आवागमन की सुविधा बेहतर होने से स्थानीय लोगों को भी लाभ होगा। अधिकारियों ने बुलडोजर कार्रवाई के दौरान सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान रखने का दावा किया। उन्होंने यह भी बताया कि प्रभावित लोगों को पहले ही नोटिस दिए जा चुके थे। प्रशासन का कहना है कि परियोजना से संबंधित सभी कार्य नियमानुसार किए जा रहे हैं और आवश्यक प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही निर्माण कार्य आगे बढ़ाया जा रहा है।

# फांसी के फंदे पर लटकता मिला किसान का शव

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। सोहरामऊ थाना क्षेत्र के शेखपुर गांव में बुधवार को एक किसान का शव घर के बाहर छज्जे से लटका मिला। इस घटना से गांव में सनसनी फैल गई। परिजनों और ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की पहचान शेखपुर गांव निवासी 55 वर्षीय हरिशंकर यादव पुत्र भुइयादीन के रूप में हुई है। वह खेती-किसानी के साथ गांव में चाय-नाश्ते की दुकान चलाकर परिवार का भरण-पोषण करते थे। परिजनों ने बताया कि हरिशंकर लंबे समय से बीमारी से जूझ रहे थे, जिसके कारण वह मानसिक तनाव में रहते थे। सुबह ग्रामीणों ने हरिशंकर का शव घर के बाहर छज्जे से लटका देखा।सूचना मिलते ही परिजन और ग्रामीण मौके पर जमा हो गए। परिजनों ने शव को नीचे उतारा, लेकिन तब तक उनकी मृत्यु हो चुकी थी। सोहरामऊ थाना पुलिस को सूचित किया गया, जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आगे की कार्रवाई की। मृतक के भांजे रामविलास ने बताया कि हरिशंकर कई वर्षों से गंभीर बीमारी से पीड़ित थे। बीमारी के कारण वे अत्यधिक परेशान रहते थे और इसी मानसिक तनाव के चलते उन्होंने यह आत्मघाती कदम उठाया। रामविलास ने यह भी स्पष्ट किया कि हरिशंकर का किसी से कोई विवाद नहीं था। हरिशंकर अपने पीछे पत्नी, दो बेटे और एक बेटी छोड़ गए हैं। परिवार की आर्थिक स्थिति सामान्य बताई जा रही है। घटना के बाद से परिजनों में गहरा शोक है और गांव में भी गम का माहौल बना हुआ है। मृतक के भांजे रामविलास ने प्रशासन और सरकार से परिवार के लिए आर्थिक सहायता की मांग की है।उन्होंने कहा कि परिवार गरीब है और कमाने वाले सदस्य के निधन से उन पर संकट आ गया है। पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। परिजनों की ओर से किसी प्रकार का आरोप नहीं लगाया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# माता रानी के दरबार का धूम धाम से मनाया गया चौथा वार्षिकोत्सव

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर चौरासी, उन्नाव।क्षेत्र के काली मिट्टी स्थित दुर्गा मन्दिर का चौथा वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया जिसमें विशाल मेला लगा और रात में दुर्गा जागरण का आयोजन किया गया। दुर्गा जागरण में उपस्थित भक्त भजनो और प्रस्तुत झांकियों पर झूमते रहे उत्तर प्रदेश लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान, लखनऊ के तत्वावधान में रंग उत्सव संस्था द्वारा ग्राम काली मिट्टी , फतेहपुर चौरासी में चतुर्थ जय माँ दुर्गा मेले का भव्य एवं सफल आयोजन किया गया। जय माँ दुर्गा मंदिर के वार्षिकोत्सव के पावन अवसर पर आयोजित इस मेले में भक्ति, लोक संस्कृति एवं सामाजिक समरसता का अनुपम दृश्य देखने को मिला।कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ कलार्पण भारत के प्रदेश संगठन मंत्री सूरज गौतम एवं मेला समिति अध्यक्ष प्रेम सिंह द्वारा संयुक्त रूप से माता रानी के श्रीचरणों में दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्पार्चन के साथ किया गया। रात्रिकालीन सत्र में भव्य जागरण एवं सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का आगाज विघ्नहर्ता भगवान श्री गणेश की वैदिक मंत्रोच्चार के साथ वंदना से किया गया।लखनऊ से आमंत्रित प्रसिद्ध भजन गायिका सुश्री विंध्यवासनी त्रिपाठी ने अपनी सुमधुर एवं ओजपूर्ण प्रस्तुतियों से सम्पूर्ण वातावरण को भक्तिमय बना दिया। उन्होंने ह्यऐ माँ मुझको ऐसा घर दे जिसमें तुम्हारा मंदिर होह्व, ह्यमाता किसी गरीब की बिगड़ी संवार देह्व, ह्यएक छोटी सी कन्याह्व तथा ह्यमाँ मुरादें पूरी कर दे हलवा बाँटूगीह्व जैसे लोकप्रिय भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर झूमने पर विवश कर दिया।सांस्कृतिक संध्या में सुश्री स्नेहा गौतम द्वारा प्रस्तुत मनोहारी मयूर नृत्य एवं स्थानीय कलाकारों द्वारा प्रस्तुत लोकनृत्य विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। माँ के जयकारों एवं भजनों से पूरा मेला प्रांगण गुंजायमान हो उठा।कार्यक्रम के समापन पर माता रानी की महाआरती संपन्न हुई, तत्पश्चात भोग लगाकर सभी श्रद्धालुओं में प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर मेला समिति के पदाधिकारी आशीष कुमार, रुस्तम , प्रधान सर्वेश, राजू , मुकेश कश्यप अकबाल शंकर सहित क्षेत्र के सैकड़ों गणमान्य नागरिक एवं मातृशक्ति उपस्थित रहीं ।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत, साथी घायल

अमन लेखनी समाचार



पुरवा, उन्नाव। बैगांव गांव में रिश्तेदार के यहाँ आयोजित ज्येष्ठ मास के पांचवें मंगलवार का भंडारे का प्रसाद गृहण कर घर वापस जा रहे बाइक सवार दो युवकों को अज्ञात वाहन की जोरदार टक्कर लगने से इलाज के दौरान एक की मौत हो गयी,जबकि एक की हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस ने शव पीएम को भेजा है।पुरवा कोतवाली क्षेत्र के गांव बिछिया निवासी मंजेश पुत्र नंद किशोर उम्र 35 वर्ष व सुघर पुत्र छेदा उम्र 48 वर्ष एक ही बाइक से बैगाँव गांव में रिश्तेदार के यहां आयोजित मंगलवार के भंडारे में शामिल होने गए थे ।देर रात घर वापस होते समय दही चौकी पुरवा मार्ग बदली खेड़ा गांव मोड़ के निकट पीछे से अज्ञात वाहन की जोरदार टक्कर लगने से दोनों मौके पर गिरकर गम्भीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की मदद से उन्हें बिछिया अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सक ने हालत नाजुक देख उन्हें जिलाअस्पताल रेफर कर दिया। इलाज के दौरान मंजेश ने दम तोड़ दिया व सुघर का इलाज जारी है।मृतक किराए का ट्रक चलाकर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। मंजेश की शादी 13 मार्च वर्ष 2023 में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना अंतर्गत पुरवा विकास खण्ड परिसर में आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना कार्यक्रम में लँगरपुर गाँव निवासी जागेश्वर की बेटी सोमती के साथ सम्पन्न हुआ था। मंजेश की मौत से आहत माँ शिवावती, छोटा भाई नौरंग,पत्नी सोमती व डेढ़ माह के बेटे रुद्र के सर से पिता का साया उठने से रो रोकर बुरा हाल है। कोतवाल भुवन सिंह मौर्य ने बताया कि शव को पीएम के लिए भेजा गया है अज्ञात वाहन की तलाश जारी है,पीएम रिपोर्ट आने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# मार्ग के किनारे दोनो ओर खड़ी झाड़ियों से होती है घटनाएं



अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव।तहसील क्षेत्र के पाटन-पुरवा मार्ग पर कंटीले बबूल व झाड़ियों ने दुर्घटनाओं की संभावनाओं को बढ़ा दिया है। इस मार्ग पर अत्यधिक ओवरलोड डम्फरो व ट्रको की अनियंत्रित गति ने दर्जनों लोगों की जान ली है। स्थानीय लोगो के आक्रोशित होने पर प्रशासन द्वारा हाईगेज लगवाने के साथ आवश्यक जगहों पर स्पीड ब्रेकर बनवा काफी हद तक बड़े वाहनों पर रोक लगावाई थी। लेकिन हाई गेज हटते ही फिर से मौत का साया मंडराने लगा है।पाटन से पनहन के मध्य जंगली बबूलों ने इस तरह कब्जा जमा लिया है कि कोई भी बड़ी गाड़ी आ जाने पर बाइक सवार इस कांटो से बिना घायल हुए नही निकल सकता। रोड के दोनो तरफ 2 फिट रोड काटो से भरी है। स्थानीय लोगो के अनुसार अधिकांश ओवरलोड वाहन बिना नंबर प्लेट या नम्बर प्लेट पर लिखे नंबर पर पेंट कर चलते है। खबर में दी गयी फोटो में डम्फर चालकों की कारगुजारी साफ नजर आ रही है।स्थानीय लोगो मे नीशू शुक्ला,शेर बहादुर सिंह, मनोज दीक्षित उमेश द्विवेदी आदि ने रोड के किनारे पटरी सफाई के साथ मनमाने ढंग से चल रहे बड़े वाहनों पर अंकुश लगाए जाने की मांग प्रशासन से की है।

# प्रसूता मौत मामले में अस्पताल संचालक पर मुकदमा, 15 लाख मुआवजे की मांग पर अड़े परिजन

अमन लेखनी समाचार

नवाबगंज, उन्नाव।प्रसूता की मौत के बाद सेवा हॉस्पिटल के बाहर हुए हंगामे के मामले में पुलिस ने अस्पताल संचालक के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है। परिजन 15 लाख रुपये मुआवजे की मांग पर अड़े हैं।स्थिति को देखते हुए कुसुम्भी गांव में भारी पुलिस बल तैनात किया गया है।अजगैन क्षेत्र के कुसुम्भी गांव निवासी बिट्टू (27) पत्नी बबलू को प्रसव के लिए 29 मई की रात नवाबगंज स्थित सेवा हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। परिजनों का आरोप है कि उपचार के दौरान लापरवाही बरती गई, जिससे उसकी हालत लगातार बिगड़ती चली गई। बाद में उसे कानपुर रेफर किया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई थी। सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद परिजन शव लेकर एक बार फिर सेवा हॉस्पिटल पहुंचने का प्रयास करने लगे और मुआवजे की मांग को लेकर प्रदर्शन की तैयारी कर रहे थे।हालांकि साथ चल रहे भारी पुलिस बल ने उन्हें रोक लिया और शव को गांव ले जाया गया।इस दौरान गांव में बड़ी संख्या में महिलाओं और पुरुषों की भीड़ जुट गई तथा पुलिस और ग्रामीणों के बीच तीखी नोकझोंक भी हुई। सूचना पर पहुंचे एडिशनल श्यामलाल व क्षेत्राधिकारी तेज बहादुर ने ग्रामीणों और परिजनों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन परिजन मुआवजे और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग पर अड़े रहे। मृतका अपने पीछे पति बबलू और तीन बेटियों रिया, शिवानी व शगुन को छोड़ गई है।घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है। पुलिस ने मृतका के पति बबलू की तहरीर पर अस्पताल संचालक दीपक सिंह के विरुद्ध गैर इरादतन हत्या सहित संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।वहीं अस्पताल प्रबंधन पहले ही उपचार में लापरवाही के आरोपों को निराधार बताते हुए महिला को समय पर उच्च चिकित्सा केंद्र रेफर किए जाने की बात कह चुका है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सुरेश सिंह ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य चिकित्सकीय अभिलेखों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए अजगैन और सोहरामऊ थानों का पुलिस बल तैनात किया गया है। समाचार लिखे जाने तक शव का अंतिम संस्कार नही किया गया था।

# पंचवटी की वह रात : एक अनुशीलन पुस्तक का हुआ विमोचन

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। तहसील बीघापुर क्षेत्र के बालाजी धाम, ग्राम अढ़ौली मझिगँवा सेवक में बालाजी मंदिर स्थापना दिवस 2 जून 2026 को सांस्कृतिक एवं साहित्यिक कार्यक्रम सरस काव्य संध्या का आयोजन किया गया जिसमें साहित्य भूषण चंद्र किशोर सिंह एवं अनुज तिवारी द्वारा समीक्षात्मक पुस्तक ₹पंचवटी की वह रात : एक अनुशीलन₹ का विमोचन हुआ । यह पुस्तक तहसील क्षेत्र के बिहार निवासी लेखक साहित्य भूषण डॉक्टर गणेश नारायण शुक्ल जी की मूल कृति ₹ पंचवटी की वह रात₹ पर की गई समीक्षा कृति है। पुस्तक का लोकार्पण शिक्षक एवं साहित्य मनीषी प्रमोद कुमार काकुत्स्थ की अध्यक्षता और मुख्य अतिथि के रूप में के . बी.सिंह जेपीएस फाउंडेशन लखनऊ के संस्थापक, विशिष्ट अतिथि श्री अंकुर सिंह शैक्षिक एवं समाज चिंतक लखनऊ की उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ जिसमें वाणी पुत्रो सहित सभी अतिथियों को अंग वस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। सरस काव्य संध्या का प्रारंभ पिंटू काका (संजीव तिवारी) की वाणी वंदना से हुआ उन्होंने वर्तमान पर व्यंग्य करते हुए कहा कि-₹दुनिया फँसी है बवंडर माँ मोर जियरा फँसा है सिलेंडर माँ.. मनोज कुमार सरल जी ने सुनाया- विषम परिस्थितियों में देश नहीं सारा विश्व , प्रभु जिम्मेदारों को तो सद्बुद्धि दीजिए.. वरिष्ठ रचनाकार चंद्रकांत वाजपेई जी ने सुनाया- मलमास के ये दिन है , जेठ का महीना , गर्मी से तर-बतर सब हैं चू रहा पसीना.. डॉ शिवपाल जी ने जब सुनाया- जाग जा रे मन मुसाफिर , भोर का आगाज है , निशा वेदी की चहूँ दिशि हो रही आवाज है.. तब तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा पांडाल गूंज उठा । कवि डॉ अयोध्या सुमन जी ने भी वर्तमान गर्मी के संदर्भ में सुनाया- यह तो गर्मी हराम किये जीना , गीले वसन से टपके पसीना... कार्यक्रम का आयोजन तथा भंडारा प्रसाद वितरण बालाजी मंदिर के भक्तगणों की तरफ से हुआ । संयोजक की भूमिका साहित्य भूषण चंद्र किशोर सिंह जी ने निभाई । उन्होंने अपने उद्बोधन में पुस्तक पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम का संचालन अपने मनमोहक अंदाज में अनुज तिवारी ने किया। आभार राम भरोसे सिंह जी ने व्यक्त किया। इस अवसर पर गाँव के गण मान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# नाली के पानी को लेकर पड़ोसी ने की मारपीट

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। थाना क्षेत्र के नया खेड़ा गांव में नाली के पानी के निकास को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया।एक युवक ने पड़ोसियों पर मारपीट और गला घोंटने का प्रयास करने का आरोप लगाया है।युवक का दावा है कि बीच-बचाव करने आई उसकी गर्भवती पत्नी को भी चोटें आईं, जिसके बाद उसका गर्भपात हो गया। पीड़ित ने पुलिस पर शिकायत के बावजूद कार्रवाई न करने का भी आरोप लगाया है। नया खेड़ा गांव निवासी सुनील कुमार ने बताया कि नाली के पानी के निकास को लेकर उनका पड़ोसियों से विवाद चल रहा था। सुनील का आरोप है कि पड़ोसी अपने घर का पानी उस दिशा में निकालना चाहते थे, जहां पहले कभी पानी नहीं बहता था। जब उन्होंने इसका विरोध किया तो विवाद बढ़ गया।सुनील कुमार के अनुसार, विरोध करने पर पड़ोस के कई लोगों ने मिलकर उनके साथ मारपीट की। उन्होंने आरोप लगाया कि हमलावरों ने उनके गले में पड़ा अंगौछा खींचकर कस दिया, जिससे उनका दम घुटने लगा और जीभ बाहर निकल आई। सुनील का यह भी कहना है कि हमलावरों ने उनकी जीभ को पकड़कर खींचा, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं।घटना के दौरान सुनील कुमार की पत्नी उन्हें बचाने के लिए मौके पर पहुंचीं। आरोप है कि हमलावरों ने उन्हें भी धक्का-मुक्की और लात मारकर घायल कर दिया।पीड़ित के मुताबिक, उनकी पत्नी तीन माह की गर्भवती थीं और घटना के बाद उनकी तबीयत बिगड़ गई। देर रात उनका गर्भपात हो जाने का दावा किया गया है।हालांकि, इसकी आधिकारिक पुष्टि चिकित्सकीय रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगी। पीड़ित ने आरोप लगाया कि घटना के बाद वह न्याय की गुहार लेकर गांव के प्रधान के पास पहुंचे, जहां से उन्हें पुलिस चौकी जाने की सलाह दी गई। चौकी पहुंचने पर भी तत्काल कार्रवाई नहीं हुई।इसके बाद उन्होंने बीघापुर थाने में लिखित शिकायत दी और महिला डेस्क पर भी प्रार्थना पत्र दिया, लेकिन शिकायत पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। इस संबंध में बीघापुर थानाध्यक्ष अरविंद कुमार ने बताया कि यह दो महिलाओं के बीच विवाद का मामला है।प्रकरण की जांच की जा रही है।

# जिला जेल में बंद दुष्कर्म के आरोपी की मौत, परिजनो ने किया हंगामा

अमन लेखनी समाचार




उन्नाव।जिला जेल में बंद दुष्कर्म के एक आरोपी की वाराणसी के अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई।बुधवार को मृतक के परिजनों ने जिला जेल के बाहर जमकर हंगामा किया और जेल प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए। मृतक की पहचान गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के निहाल खेड़ा निवासी राहुल निषाद के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, राहुल निषाद को 28 सितंबर 2025 को दुष्कर्म के एक मामले में गंगाघाट कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया था। तब से वह न्यायिक अभिरक्षा में जिला जेल में बंद था।उसके खिलाफ पहले से भी कई मुकदमे दर्ज होने की बात सामने आई है।बताया जा रहा है कि तबीयत खराब होने पर राहुल को पहले स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया था।हालत गंभीर होने पर उसे वाराणसी के एक अस्पताल में रेफर किया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।राहुल की मौत की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में परिजन और ग्रामीण जिला जेल पहुंच गए।बुधवार दोपहर करीब तीन बजे सैकड़ों की संख्या में पहुंचे परिजनों और समर्थकों ने जेल प्रशासन पर समय रहते सही जानकारी न देने का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन शुरू कर दिया। उन्होंने मौत की निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। हंगामे की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों में हड़कंप मच गया।कोतवाली पुलिस सहित अन्य थानों का पुलिस बल मौके पर पहुंचा और स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया। अधिकारियों ने परिजनों से बातचीत कर उन्हें शांत कराने की कोशिश की।जेल प्रशासन की ओर से अभी तक मौत के कारणों को लेकर कोई विस्तृत आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। अधिकारियों का कहना है कि नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जा रही है। और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की जाएगी। वहीं पुलिस पूरे घटनाक्रम पर नजर बनाए हुए है ताकि किसी प्रकार की अप्रिय स्थिति उत्पन्न न हो। मृतक के परिजन पोस्टमार्टम रिपोर्ट सार्वजनिक किए जाने और मामले की निष्पक्ष जांच की मांग कर रहे हैं। घटना के बाद जिला जेल परिसर और उसके आसपास सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि परिजनों की शिकायतों को गंभीरता से लिया जाएगा और तथ्य सामने आने के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। जेल अधीक्षक नीरज देव ने बताया कि आरोपी राहुल निषाद को मार्च माह में मानसिक रोग अस्पताल बनारस रेफर किया गया था। वहीं इसका इलाज चल रहा था। आज मौत हो गयी है।

### किशोरी ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला की समाप्त

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। माखी थाना क्षेत्र के मर्दनखेड़ा गांव में एक गया प्रसाद की 16 वर्षीय पुत्री ने घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बुधवार को हुई इस घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा। परिजनों ने बताया कि बुधवार को महक घर में थी। कुछ देर बाद जब उन्होंने उसे देखा तो वह फांसी के फंदे से लटकी हुई मिली।परिजनों ने तत्काल उसे नीचे उतारने का प्रयास किया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में शोक का माहौल बन गया। सूचना मिलने पर माखी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और आवश्यक जानकारी जुटाई।

सम्पादकीय

# सरकार को परीक्षा तंत्र मजबूत करना ही होगा

देश के जेन जेड पर अपराधियों की बुरी नजर है। ये अपराधी येन-केन प्रकारेण युवाओं को भड़काना चाहते हैं। सीबीएसई, सीयूईटी-यूजी और नीट-यूजी जैसी राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं में गड़बड़ी हुई है। इसमें सरकार को भी क्लीन चिट नहीं दी जा सकती, क्योंकि वह भी इन परीक्षाओं को लेकर पूरी तैयारी से बुरी तरह चूकी है। कुछ एथिकल हैकर्स ने कमियों को उजागर भी किया है। इसके बाद सतर्क सरकार ने सभी परीक्षाओं के लिए पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था बनाने की तैयारी भी शुरू कर दी है। करोड़ों छात्र-छात्राएं हर वर्ष विभिन्न बोर्ड, प्रवेश और भर्ती परीक्षाओं के माध्यम से अपने भविष्य की दिशा तय करते हैं। ऐसे में परीक्षा प्रणाली की विश्वसनीयता केवल शैक्षणिक विषय नहीं, बल्कि सामाजिक स्थिरता और राष्ट्रीय विकास का भी प्रश्न है। हाल के वर्षों में कई महत्वपूर्ण परीक्षाओं को लेकर सामने आई गड़बड़ियों, पेपर लीक, तकनीकी बाधाओं और साइबर हमलों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि देश के परीक्षा तंत्र को और अधिक सुरक्षित, पारदर्शी तथा तकनीकी रूप से और अधिक सक्षम बनाने की जरूरत है। सीबीएसई में 12वीं के री-इवैल्यूएशन (पुनर्मूल्यांकन) को लेकर सीबीएसई का पोर्टल सोमवार को शुरू नहीं हो पाया। कड़ी मशक्कत के बाद आईआईटी दिल्ली और कानपुर के साइबर एक्सपर्ट ने पूरे दिन मेहनत कर पोर्टल को मंगलवार को शुरू किया। काफी हैरानी की बात है कि पोर्टल के चालू होते ही इस पर 2 मिनट में ही 15 लाख एक्सेस अटेंप्ट हुए, जबकि 1 लाख से ज्यादा बार सिस्टम की फाइलों तक बिना अनुमति पहुंचने की कोशिश की गई। इस तरह के प्रयास बताते हैं कि कुछ बाहरी शक्तियां सीबीएसई के पोर्टल को चलने ही नहीं देना चाहती थी। यानी ये शक्तियां किसी भी तरह से जेन जेड को व्यवस्था के प्रति भड़काना चाहती हैं, ताकि युवा सरकार के खिलाफ सड़क पर उतर जाएं और मोर्चा खोल दें। हाल ही में कथित तौर पर अमेरिका में बने एक इंटाग्राम ग्रुप के इरादे भी जग जाहिर हो चुके हैं। केंद्र सरकार द्वारा सीबीएसई में प्रशासनिक स्तर पर किए गए बदलाव और ओएसएम प्रक्रिया की जांच के लिए समिति का गठन जवाबदेही सुनिश्चित करने की दिशा में एक कदम माना जा सकता है, लेकिन यह स्थायी समाधान नहीं है। आवश्यकता इस बात की है कि परीक्षा प्रणाली की संपूर्ण समीक्षा की जाए और तकनीकी, प्रशासनिक तथा कानूनी स्तर पर व्यापक सुधार लागू किए जाएं। सबसे पहले, सभी राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय परीक्षा संस्थाओं के लिए एक मजबूत साइबर सुरक्षा ढांचा तैयार किया जाना चाहिए। नियमित सुरक्षा ऑडिट, एथिकल हैकिंग परीक्षण, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित निगरानी और डेटा सुरक्षा के आधुनिक उपाय अनिवार्य किए जाने चाहिए। दूसरा, परीक्षा संचालन से जुड़े प्रत्येक चरण में पारदर्शिता बढ़ाई जानी चाहिए, ताकि किसी भी विवाद की स्थिति में तथ्य तुरंत सार्वजनिक किए जा सकें। तीसरा, पेपर लीक, साइबर हमले और परीक्षा में गड़बड़ी फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जानी चाहिए। सरकार को गड़बड़ियों को हर हाल में रोकना होगा और परीक्षा तंत्र को मजबूत करना ही होगा, ताकि साल भर मेहनत कर रहे होनहारों के भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं हो। सरकार की जिम्मेदारी बनती है कि ऐसा कोई मौका अपराधियों को न दें, जिससे परीक्षाओं की शुचिता पर सवाल उठे और सालभर मेहनत करने वाले युवाओं का सिस्टम से भरोसा उठे, इसलिए सरकार को पूरे परीक्षा तंत्र को मजबूत बनाना ही होगा।



विश्लेषण
राजेश जैन

भारत और नेपाल का रिश्ता सबसे अनोखा, जटिल और सबसे भावनात्मक रिश्तों में से एक माना जाता है। दुनिया में बहुत कम ऐसे पड़ोसी देश हैं, जिनके बीच सीमाएं भी खुली हों और समाज भी इतने गहरे स्तर पर जुड़े हों। भारत-नेपाल संबंधों की आधुनिक संरचना काफी हद तक 1950 की भारत-नेपाल शांति और मैत्री संधि पर आधारित है। इस संधि का उद्देश्य दोनों देशों के बीच सुरक्षा सहयोग, व्यापार और नागरिक आवाजाही को आसान बनाना था। भारत अपनी सुरक्षा चिंताओं को नजरअंदाज नहीं कर सकता। चीन इस पूरे समीकरण में अपनी जगह मजबूत करना चाहता है। ऐसे में दोनों देशों को संवाद और विश्वास आधारित संबंधों की नई संरचना विकसित करनी होगी।

# बदलते भारत-नेपाल संबंधों की कहानी

दक्षिण एशिया की राजनीति में भारत और नेपाल का रिश्ता सबसे अनोखा, जटिल और सबसे भावनात्मक रिश्तों में से एक माना जाता है। दुनिया में बहुत कम ऐसे पड़ोसी देश हैं, जिनके बीच सीमाएं भी खुली हों और समाज भी इतने गहरे स्तर पर जुड़े हों। भारत और नेपाल का संबंध केवल दो सरकारों का संबंध नहीं है; यह सदियों से साझा संस्कृति, धर्म, भाषा, व्यापार, परंपराओं और मानवीय रिश्तों का जीवंत उदाहरण रहा है, लेकिन यही रिश्ता समय-समय पर अविश्वास, राष्ट्रवाद, सीमा विवाद और भू-राजनीतिक प्रतिस्पर्धा की वजह से तनावपूर्ण भी हो जाता है। हाल के दिनों में नेपाल के प्रधानमंत्री बालेन शाह के एक बयान ने फिर यही सवाल खड़ा कर दिया है कि आखिर भारत-नेपाल संबंध बार-बार सीमा विवाद और राजनीतिक असहजता के मोड़ पर क्यों पहुंच जाते हैं। बालेन शाह ने नेपाली संसद में कहा कि सिर्फ भारत ने ही नेपाली भूमि पर अतिक्रमण नहीं किया, बल्कि नेपाल ने भी कुछ भारतीय इलाकों पर कब्जा कर रखा है। इस बयान के बाद नेपाल की संसद में हंगामा मच गया। विपक्ष ने उनसे सबूत मांगे, विदेश मंत्रालय को सफाई जारी करनी पड़ी और सोशल मीडिया पर तीखी बहस शुरू हो गई। पहली नजर में यह एक सामान्य राजनीतिक बयान लग सकता है, लेकिन वास्तव में यह उस गहरे बदलाव का संकेत है जो पिछले कुछ वर्षों में भारत-नेपाल संबंधों में दिखाई दे रहा है। यह केवल सीमा विवाद का मामला नहीं है। इसके पीछे राष्ट्रवाद, भू-राजनीति, चीन की बढ़ती भूमिका, नेपाल की नई राजनीतिक सोच और भारत की पारंपरिक पड़ोसी नीति से जुड़ी कई परतें मौजूद हैं। भारत और नेपाल का रिश्ता आधुनिक सीमाओं से कहीं पुराना है। नेपाल के लाखों नागरिक भारत में शिक्षा प्राप्त करते हैं, रोजगार करते हैं और व्यापार से जुड़े हैं। भारतीय शहरों में नेपाली समुदाय सहज रूप से घुला-मिला दिखाई देता है। भारत की सेना में गोरखा रेजिमेंट का गौरवपूर्ण इतिहास दोनों देशों के भरोसे और साझेदारी का प्रतीक रहा है। खुली सीमा ने इस रिश्ते को और विशेष बनाया है। दुनिया के अधिकांश देशों के विपरीत भारत और नेपाल के नागरिक बिना वीजा और पासपोर्ट के एक-दूसरे के यहां आ-जा सकते हैं। यही वजह है कि भारत-नेपाल संबंध केवल कूटनीतिक नहीं, बल्कि सामाजिक और भावनात्मक संबंध भी हैं। राजनीतिक तनाव पैदा हो सकते हैं, लेकिन जनता के स्तर पर अपनापन अक्सर बना रहता है। भारत-नेपाल संबंधों की आधुनिक संरचना काफी हद तक 1950 की भारत-नेपाल शांति और मैत्री संधि पर आधारित है। इस संधि का उद्देश्य दोनों देशों के बीच सुरक्षा सहयोग, व्यापार और नागरिक आवाजाही को आसान बनाना था। उस समय चीन में कम्युनिस्ट क्रांति और हिमालयी क्षेत्र की बदलती भू-राजनीति को देखते हुए भारत नेपाल को अपनी सुरक्षा नीति का महत्वपूर्ण हिस्सा मानता था। इस संधि ने नेपाल को भारत के साथ विशेष आर्थिक और सुरक्षा संबंध दिए। व्यापार, निवेश और रोजगार के अवसर बढ़े। लेकिन समय के साथ नेपाल में यह धारणा मजबूत होने लगी कि यह संधि बराबरी के आधार पर नहीं बनी थी। नेपाल के कई राजनीतिक दल और बुद्धिजीवी इसे "असमान संधि" बताते रहे हैं। भारत इस संधि को सुरक्षा और रणनीतिक



सहयोग के लिए महत्वपूर्ण मानता है, जबकि नेपाल इसे अपनी संप्रभुता और स्वतंत्र विदेश नीति से जोड़कर देखता है। यही कारण है कि संधि की पुनर्समीक्षा की मांग समय-समय पर उठती रहती है। भारत और नेपाल के बीच सबसे संवेदनशील मुद्दा सीमा विवाद का है। कालापानी, लिपुलेख, लिम्पियाधुरा और सुस्ता जैसे क्षेत्रों को लेकर दोनों देशों के दावे अलग-अलग हैं। यह विवाद 2020 में सबसे ज्यादा उभरा, जब भारत ने नया राजनीतिक नक्शा जारी किया। इसके जवाब में नेपाल ने संविधान संशोधन कर नया नक्शा पारित किया, जिसमें कालापानी, लिपुलेख और लिम्पियाधुरा को नेपाल का हिस्सा दिखाया गया। नेपाल में इसे राष्ट्रीय अस्मिता का मुद्दा बना दिया गया। सड़कों पर प्रदर्शन हुए और भारत विरोधी भावना तेज हो गई। भारत इन क्षेत्रों को अपनी रणनीतिक सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण मानता है क्योंकि ये चीन सीमा के बेहद करीब स्थित हैं। बालेन शाह का हालिया बयान भी इसी राजनीतिक वातावरण की उपज माना जा रहा है। उन्होंने ब्रिटेन की संभावित भूमिका का जिक्र कर नया विवाद खड़ा कर दिया। भारत हमेशा सीमा विवादों को द्विपक्षीय तरीके से सुलझाने की नीति पर कायम रहा है, इसलिए नेपाल की ओर से तीसरे पक्ष का संकेत नई दिल्ली के लिए असहज करने वाला था। भारत-नेपाल संबंधों को अब चीन के बिना समझना संभव नहीं है। पिछले एक दशक में चीन ने नेपाल में तेजी से अपना प्रभाव बढ़ाया है। सड़क, रेल, हाइड्रोपावर और इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं में चीन का निवेश लगातार बढ़ रहा है। बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव के तहत नेपाल को चीन एक महत्वपूर्ण रणनीतिक साझेदार के रूप में देखता है। वह चीन के साथ आर्थिक और राजनीतिक संबंध बढ़ाकर भारत के प्रभाव को संतुलित करने की कोशिश कर रहा है। नेपाल की राजनीति में भी चीन की भूमिका पहले से कहीं अधिक सक्रिय दिखाई देती है। भारत के लिए यह स्थिति चिंता का विषय है। नई दिल्ली हमेशा नेपाल को अपनी उत्तरी सुरक्षा नीति का अहम हिस्सा मानती रही है। खुली सीमा और हिमालयी भूगोल के कारण भारत नहीं चाहता कि कोई बाहरी शक्ति नेपाल में अत्यधिक प्रभाव स्थापित करे। भारत-नेपाल संबंधों में 2015 का वर्ष एक महत्वपूर्ण मोड़ माना जाता है। नेपाल ने नया संविधान लागू किया, जिसका मधेशी समुदाय ने विरोध किया। मधेश आंदोलन के दौरान भारत-नेपाल सीमा पर आपूर्ति बाधित हो गई। नेपाल में यह धारणा बनी कि भारत ने "अनौपचारिक नाकेबंदी" की है। हालांकि भारत ने हमेशा कहा कि यह समस्या सीमा पर चल रहे आंदोलन की वजह से थी, लेकिन नेपाल में भारत विरोधी भावना तेजी से बढ़ी। दूसरी ओर सुरक्षा चुनौतियां भी कम नहीं हैं। खुली सीमा अवसर भी देती है और जोखिम भी पैदा करती है। नकली मुद्रा, तस्करी, मानव तस्करी और आतंकवादी गतिविधियों के लिए सीमा के दुरुपयोग की आशंका बनी रहती है। दोनों देशों के बीच खुफिया सहयोग और सुरक्षा समन्वय लंबे समय से चलता रहा है, लेकिन राजनीतिक अविश्वास कई बार इस सहयोग को प्रभावित करता है। दोनों को यह समझना होगा कि 21वीं सदी की राजनीति केवल ऐतिहासिक निकटता के भरोसे नहीं चल सकती। नेपाल बराबरी और सम्मान चाहता है। भारत अपनी सुरक्षा चिंताओं को नजरअंदाज नहीं कर सकता। चीन इस पूरे समीकरण में अपनी जगह मजबूत करना चाहता है। ऐसे में दोनों देशों को संवाद और विश्वास आधारित संबंधों की नई संरचना विकसित करनी होगी। 1950 की संधि की पुनर्समीक्षा पर खुली बातचीत हो सकती है। सीमा विवादों के समाधान के लिए स्थायी तंत्र बनाया जा सकता है। शिक्षा, डिजिटल तकनीक, ऊर्जा और युवा सहयोग को नई प्राथमिकता दी जा सकती है।

(लेखक प्रसिद्ध लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

विश्व साइकिल दिवस
डॉ. मोनिका शर्मा



# पर्यावरण-स्वास्थ्य संकट के दौर में बढ़ा साइकिल का महत्व

आज विश्व साइकिल दिवस है। हर वर्ष 3 जून को मनाया जाने वाला यह खास दिन साइकिल के उपयोग को बढ़ावा देने वाली जन-जागरूकता लाने से जुड़ा है। संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा वर्ष 2018 में पर्यावरण अनुकूल परिवहन को बढ़ावा देने के साइकिल के इस्तेमाल को रेखांकित करने हेतु यह घोषित किया गया था। वहीं 2022 में टिकाऊ विकास को बढ़ावा देने के लिए साइकिलों को सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था के एक अभिन्न अंग के तौर पर शामिल किया गया। तकलीफदेह है कि इन्सानों और पर्यावरण, दोनों स्वस्थ रखने वाली साइकिल, सुविधाजनक जीवनशैली की चाह में आम जीवन से दूर हो गई है। जबकि परिवहन के इस सरल, किफायती और स्वच्छ साधन से दूर होना प्रकृति और इंसानी मन-जीवन दोनों पर भारी पड़ रहा है। यही वजह है कि यह दिन वैश्विक स्तर पर लोगों को दैनिक यात्रा में प्रदूषण घटाने और सक्रिय जीवन शैली के लिए साइकिल का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करता है। विचारणीय है कि आज देश और दुनिया में छाये ऊर्जा संकट के बीच साइकिल की सवारी बेहद अहम हो गई है।

इतना ही नहीं, शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य दोनों में सुधार करने वाली साइकिल बढ़ती व्याधियों के चलते भी उपयोगी हो चली है। साथ ही पर्यावरण के मोर्चे पर दमघोटू होती हवा, ट्रैफिक जाम और पर्यावरण असंतुलन से तापमान और ठंड में असहनीय बढ़ोतरी को देखते हुए साइकिल सवासरी की ओर फिर लौटना आवश्यक है। ध्यातव्य है कि विश्व साइकिल दिवस 2026 का विषय भी 'हरियाली भरे भविष्य के लिए साइकिल चलाना' है। यह विषय पर्यावरण संरक्षण, कार्बन उत्सर्जन को कम करने और सतत परिवहन को बढ़ावा देने में साइकिल की भूमिका पर केंद्रित है। लाजिमी भी है क्योंकि ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन जैसी जीवन का जोखिम बनने वाली समस्याओं का व्यावहारिक समाधान साइकिल का उपयोग करना ही है। विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा भी स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए लाभकारी साइकिल चलाने को महत्वपूर्ण माना जाता है। डब्लूएचओ शारीरिक गतिविधि बढ़ाने, कैंसर और मधुमेह जैसी गैर-संचारी बीमारियों को कम करने और वायु- ध्वनि प्रदूषण घटाने के लिए साइकिल के उपयोग बढ़ावा देता है। साइकिलिंग को शिक्षा, ऊर्जा, रोजगार, शहरों और असमानताओं सहित कई सतत विकास लक्ष्यों की उपलब्धि के सूत्रधार के रूप में मान्यता भी देता है। असल में स्वास्थ्य से जुड़ी चिंतनीय स्थितियों के बीच साइकिल का उपयोग बहुत मददगार साबित हो सकता है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा हाल ही में जारी किए सर्वेक्षण के अनुसार भारत में मोटापे से ग्रस्त आबादी के आंकड़े बढ़ रहे हैं।वर्ष 2023-24 में 30.7 प्रतिशत महिलाएं और 27.3 प्रतिशत पुरुष मोटापे से ग्रस्त पाए गए हैं।सर्वेक्षण में सामने आया है कि वयस्कों में शरीर का वजन ही नहीं, ब्लड शुगर भी बढ़ रहा है। समझना कठिन नहीं शारीरिक निष्क्रियता इसका अहम कारण है।

परंपरागत जीवनशैली वाले भारतीय समाज में साइकिल बच्चों की प्यारी और पसंदीदा सवारी रही है। बदलती जीवनशैली के चलते बच्चे भी इससे दूर हुए हैं। इसी के चलते कम उम्र में ही मोटापा घेर रहा है। इस मामले में वर्ल्ड ओबेसिटी एटलस-2026 की रिपोर्ट भी चेताने वाली है। रिपोर्ट में बच्चों में मोटापे के मामले में भारत चीन के बाद दूसरे स्थान पर है। स्वास्थ्य से जुड़ी गंभीर चुनौती बना मोटापा बच्चों में डायबिटीज, हृदय रोग और दूसरी जानलेवा व्याधियों का जोखिम बढ़ा रहा है। विचारणीय हैं कि ऊर्जा संकट से निपटने के लिए भी नागरिकों को साइकिल की सवारी को प्राथमिकता देनी चाहिए। साइकिल का उपयोग ऊर्जा संकट का तो सबसे प्रभावी हल है। यह सीधे-सीधे पेट्रोल, डीजल और बिजली पर निर्भरता को कम करता है, जिससे कार्बन उत्सर्जन में कमी आती है। पैदल चलने और साइकिल चलाने जैसी गतिविधियां संयुक्त रूप से 2034 तक कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन को लगभग 37 प्रतिशत तक कम करने की क्षमता रखती है। ऐसे में साइकिल का इस्तेमाल वायु गुणवत्ता में सुधार, पर्यावरण संरक्षण और आथिक बेहतरी से भी जुड़ा है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 के आंकड़ों के अनुसार, देश के लगभग 55 प्रतिशत भारतीय घरों में साइकिल मौजूद होने के बावजूद इसके इस्तेमाल के प्रति उदासीनता का भाव है। आवश्यक है कि यह दिन साइकिल रेलियों, दिवस विशेष से जुड़े आयोजनों और जन-जागरूकता अभियानों तक ही ना सिमटे। आर्थिक, सामाजिक, स्वास्थ्य और प्रकृति की बेहतरी से जुड़ी साइकिल की सवारी को आम जीवन में जगह दें।

(लेखिका स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## मंदिर जैसे उपासना स्थल क्यों बनाए जाते हैं



संकलित
दर्शन

जब ईश्वर का वास हृदय में माना गया है, तो मंदिर जैसे उपासना स्थल क्यों बनाए जाते हैं? मंदिरों की स्थापना के पीछे उद्देश्य था कि पूजा, अर्चना और यज्ञ आदि द्वारा पवित्र तन्मात्रओं यानी पंचभूतों के सूक्ष्म रूप की सृष्टि की जाए। किसी साधु हृदय व्यक्ति को पूजा का कार्यभार सौंपा जाए। स्थान का मन पर अदृश्य प्रभाव पड़ता है। चिकित्सालय में व्यक्ति को हर तरफ रोग और रोगी ही दिखते हैं। स्वस्थ व्यक्ति भी वहां अशक्त महसूस करने लगता है। हमारे शरीर से प्रतिदिन शुभ या अशुभ अदृश्य सूक्ष्म शक्ति-राशि का उत्सर्जन होता रहता है। मंदिर जाने वाला व्यक्ति काम, क्रोध और आलस्य बाहर छोड़कर ईश्वर के प्रति भक्तिभाव से जाता है। यह सामूहिक भक्ति या उपासना शुभ तन्मात्रओं व तरंगों का सृजन करती है। अतः यहां आगमन दुर्बल मन वाले मनुष्यों में ऊर्जा का संचार करता है। सज्जनों से ही प्रार्थना स्थलों की पवित्रता बनी रहती है। यदि मंदिर में असाधु व्यक्तियों का आवागमन बढ़ जाए तो स्थान अपनी पवित्रता खोने लगता है। पवित्र श्रवण मास में शिवलिंग पर दुग्ध, बेलपत्र, फल-फूल आदि चढ़ाकर पुण्य अर्जित करने की होड़ लगी रहती है। यदि ईश्वर है और वह हमारी प्रार्थना से प्रसन्न होता है तो वह एक बेलपत्र, अंजुली भर दूध या एक पुष्प से भी प्रसन्न हो जाएगा। सावन के महीने से इतर भी ये दृश्य आमतौर पर मंदिरों में आम होते हैं। यदि यह व्यवस्था सुचारु न हो तो अव्यवस्था स्वाभाविक है। इसी कारण कई मंदिरों में व्यक्तिगत रूप से भोग-अर्पण की मनाही है।

## संस्कार क्या है



संकलित
प्रेरणा

एक राजा के पास सुन्दर घोड़ी थी। कई बार युद्ध में इस घोड़ी ने राजा के प्राण बचाये और घोड़ी राजा के लिए पूरी वफादार थी। कुछ दिनों के बाद इस घोड़ी ने एक बच्चे को जन्म दिया, बच्चा काना पैदा हुआ, पर शरीर हृष्ट पुष्ट व सुडौल था। बच्चा बड़ा हुआ, बच्चे ने माँ से पूछा- मां मैं बहुत बलवान हूं, पर काना हूँ, यह कैसे हो गया? इस पर घोड़ी बोली- बेटा जब में गर्भवती थी, तू पेट में था तब राजा ने मेरे ऊपर सवारी करते समय मुझे एक कोड़ा मार दिया, जिसके कारण तू काना हो गया। यह बात सुनकर बच्चे को राजा पर गुस्सा आया और मां से बोला- मां मैं इसका बदला लूंगा। मां ने कहा राजा ने हमारा पालन-पोषण किया है, तू जो स्वस्थ है, सुन्दर है, उसी के पोषण से तो है, यदि राजा को एक बार गुस्सा आ गया तो इसका अर्थ यह नहीं है कि हम उसे क्षति पहुंचाए, पर उस बच्चे के समझ में कुछ नहीं आया, उसने मन ही मन राजा से बदला लेने की सोच ली। एक दिन यह मौका घोड़े को मिल गया राजा उसे युद्ध पर ले गया। युद्ध लड़ते-लड़ते राजा एक जगह घायल हो गया, घोड़ा उसे तुरन्त उठाकर वापस महल ले आया। इस पर घोड़े को ताज्जुब हुआ और माँ से पूछा- मां आज राजा से बदला लेने का अच्छा मौका था, पर युद्ध के मैदान में बदला लेने का ख्याल ही नहीं आया और न ही ले पाया, मन ने गवारा नहीं किया। इस पर घोडी हंस कर बोली- बेटा तेरे खून में और तेरे संस्कार में धोखा है ही नहीं, तू जानकर तो धोखा दे ही नहीं सकता है। तुझ से नमक हरामी हो नहीं सकती, क्योंकि तेरी नस्ल में तेरी मां का ही तो अंश है।

अंतर्मन




### आज की पाती

### टीबी अब लाइलाज बीमारी नहीं

एक समय था जब टीबी यानी क्षय रोग का नाम सुनते ही मरीज और उसके परिवार में डर का माहौल बन जाता था। लोगों को लगता था कि यह बीमारी जीवन भर पीछा नहीं छोड़ेगी और इसका इलाज संभव नहीं है। जानकारी की कमी और स्वास्थ्य सुविधाओं के अभाव के कारण अनेक मरीज समय पर उपचार नहीं ले पाते थे। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में चिकित्सा विज्ञान ने इस क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। आज टीबी का प्रभावी इलाज उपलब्ध है और लाखों मरीज पूरी तरह स्वस्थ होकर सामान्य जीवन जी रहे हैं। यही कारण है कि अब टीबी को लाइलाज बीमारी नहीं माना जाता, बल्कि समय पर पहचान और नियमित उपचार से इसे पूरी तरह ठीक किया जा सकता है। - *सुदर लाल, अंबाला*

ट्रेंड

### 'वंदे भारत' ट्रेन



आत्मनिर्भर और सशक्त भारत का प्रतीक बन चुकी स्वदेशी 'वंदे भारत' ट्रेन, जो सुरक्षित और आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित है, देश के विकास की एक जीवंत तस्वीर पेश करती है।
**-जगत प्रकाश नड्डा**, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री

### अग्निवीर योजना



केंद्र सरकार द्वारा भारतीय सेना में अग्निवीर योजना लागू किए जाने से युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सीमित हो गए हैं। अग्निवीर योजना के कारण कई युवाओं के सपने और आकांक्षाएं आहत हुई हैं, जिससे उनमें निराशा का माहौल पैदा हो गया है।
**-सुखविंदर सिंह सुक्खू**, सीएम, हिमाचल प्रदेश

### कानून-व्यवस्था का पतन



पश्चिमी उत्तर प्रदेश से एशियाई खेलों के लिए चयनित पैरा एथलीट चिराग त्यागी की हत्या, राष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी अनुष्का पाल की हत्या, सूर्य चौहान और एक दूध व्यापारी की हत्या उत्तर प्रदेश में कानून-व्यवस्थ के पतन का प्रतीक है।
**-अखिलेश यादव**, सांसद, सपा

### झारखंड शराब घोटाला




झारखंड शराब घोटाला महज भ्रष्टाचार नही, बल्कि सत्ता में बैठे लोगों के संरक्षण में चलाया जा रहा एक संगठित आर्थिक अपराध है। शराब माफियाओं और सत्ता में बैठे लोगों के करीबी लोगों की मिलीभगत से जनता की कमाई को खुलेआम लूटा गया।
**-बाबूलाल मरांडी**, पूर्व सीएम, झारखंड



करंट अफेयर

## अफगान में महिला शिक्षाविदों का भविष्य अंधकारमय



कल्पना कीजिए कि आपने अपना करियर बनाने में दशकों लगा दिए हैं। आपके पास मास्टर डिग्री है। आपने सैकड़ों विद्यार्थियों को पढ़ाया है। आप हर सुबह उद्देश्य और उत्साह के साथ अपने कार्यस्थल पहुंचती हैं। फिर रातोंरात आपके लिए संस्थान के दरवाजे बंद कर दिए जाते हैं। आपको बता दिया जाता है कि अब आप वापस नहीं आ सकतीं। ऐसा किसी गलती की वजह से नहीं हुआ, बल्कि इसलिए हुआ क्योंकि आप एक महिला हैं। अगस्त 2021 में तालिबान के सत्ता मे लौटने के बाद पूरे अफगानिस्तान में महिला शिक्षाविदों के साथ यही हुआ। हमने 12 अफगान महिला शिक्षाविदों से बातचीत की। इनमें से आठ उस समय अफगानिस्तान में थीं, जबकि चार हाल ही में देश छोड़ चुकी थीं। जो महिलाएं अफगानिस्तान में थीं, उनमें से केवल एक ही बाद में देश छोड़ने में सफल हुई। बाकी सभी अब भी वहीं हैं। उन्होंने जो कुछ हमें बताया, वह बेहद पीड़ादायक था। जब तालिबान ने 1996 से 2001 के बीच पहली बार अफगानिस्तान पर शासन किया था, तब महिलाओं को शिक्षा और कई प्रकार के रोजगार से वंचित कर दिया गया था। अमेरिका के नेतृत्व वाले हस्तक्षेप के बाद स्थिति धीरे-धीरे सुधरी।

ऑफ बीट

## लाफिंग गैस के निरंतर उपयोग से मौत संभव



अमेरिकी खाद्य एवं औषधि प्रशासन अमेरिकी नागरिकों को मनोरंजन के लिए नाइट्रस ऑक्साइड उत्पादों के लगातार बढ़ते और संभावित रूप से घातक उपयोग के बारे में चेतावनी दे रहा है, विशेष रूप से युवाओं के बीच। नाइट्रस ऑक्साइड को आमतौर पर लाफिंग गैस कहा जाता है। 'गैलेक्सी गैस' और 'मियामी मैजिक' जैसे नामों से बेचे जाने वाले ये उत्पाद सस्ते हैं और गैस स्टेशन, बड़े किराना स्टोर और वॉलमार्ट सहित प्रमुख खुदरा दुकानों पर आसानी से उपलब्ध हैं। इन्हें ऑनलाइन भी बेचा जाता है। सार्वजनिक स्वास्थ्य मामलों के सहायक प्रोफेसर के रूप में इन उत्पादों का अध्ययन करने के चलते मैं जानता हूं कि ये कितने खतरनाक हो सकते हैं। लाफिंग गैस का मनोरंजन के लिये या अन्य वजहों से निरंतर उपयोग कई प्रकार की गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकता है, और कुछ मामलों में मृत्यु भी हो सकती है। संभावित नुकसान की एक लंबी सूची– लाफिंग गैस के बार-बार इस्तेमाल से होने वाले गंभीर दुष्प्रभावों की सूची लंबी है। इसमें स्मृति हानि, मतिभ्रम, सिरदर्द, चक्कर आना, चिड़चिड़ापन, रक्त के थक्के, अंगों की कमजोरी, चलने में परेशानी, आंत्र या मूत्राशय की समस्या, रीढ़ की हड्डी से जुड़ी समस्या और मस्तिष्क क्षति शामिल हैं।

## पुलिस क्षेत्राधिकारी ने किया बैंकों का निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार

गरौठा। गरौठा पुलिस क्षेत्राधिकारी पीयूष कुमार पांडे ने बुधवार को कस्बे की विभिन्न बैंकों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा बैंक अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान पुलिस क्षेत्राधिकारी सबसे पहले पंजाब नेशनल बैंक शाखा पहुंचे, जहां उन्होंने बैंक की सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की जांच की। उन्होंने बैंक परिसर में मौजूद ग्राहकों से संवाद कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली तथा संदिग्ध व्यक्तियों से भी पूछताछ की। इसके बाद उन्होंने उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पुलिस क्षेत्राधिकारी ने खाताधारकों को जागरूक करते हुए कहा कि बैंक संबंधी कार्य किसी भी दलाल या बिचौलिए के माध्यम से न कराएं। किसी प्रकार की समस्या होने पर सीधे बैंक कर्मियों से संपर्क करें, जिससे उनकी समस्या का उचित समाधान हो सके।

## मोतीपुर में रक्तदान शिविर: 40 लोगों ने किया महादान

### वरिष्ठजनों ने किया रक्तदाताओं का सम्मान

### सीओ, बीडीओ व भाजपा नेताओं ने बढ़ाया हौसला

### मेडिकल कॉलेज की 7 सदस्यीय टीम ने किया रक्त संग्रह

अमन लेखनी समाचार



मिहींपुरवा, बहराइच। ₹रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं₹ के संदेश के साथ बुधवार को सीमा जागरण मंच के तत्वावधान में मोतीपुर थाना परिसर में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ पुलिस क्षेत्राधिकार प्रद्युमन सिंह सहित वरिष्ठ जनों द्वारा भारत मां के चित्र पर माल्यार्पण उसे पर पर तथा द्वीप प्रयोजन के साथ किया गया। शिविर में 37 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानव सेवा की मिसाल पेश की । कार्यक्रम के दौरान पुलिस क्षेत्राधिकारी मिहींपुरवा प्रद्युम्न सिंह, खंड विकास अधिकारी विनोद यादव, सीमा जागरण मंच के प्रांत महामंत्री अनिल कुशवाहा व भाजपा नेता परशुराम कुशवाहा ने रक्तदाताओं व आमजन को संबोधित किया । वक्ताओं ने कहा कि एक यूनिट रक्त से चार जिंदगियां बचती हैं । 18 से 65 वर्ष का प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति हर तीन माह में रक्तदान कर सकता है। रक्तदान के उपरांत युवा समाजसेवी एवं सीमा जागरण मंच के प्रांत सह प्रचार प्रमुख योगेन्द्र मौर्य के नेतृत्व में वरिष्ठजनों द्वारा सभी रक्तदाताओं को अंगवस्त्र व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सभी ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए नियमित रक्तदान को जीवनशैली बनाने का आह्वान किया। शिविर में मेडिकल कॉलेज बहराइच ब्लड बैंक यूनिट से मेडिकल अफसर डॉ. अली मेहंदी, परामर्शदाता डॉ. नूर मोहम्मद, लैब टेक्नीशियन ज्ञानेंद्र वर्मा, वैभव मिश्रा, हेमंत निषाद, सुधांशु जी व विकास सिंह सहित 7 सदस्यीय टीम मौजूद रही। टीम ने प्रत्येक रक्तदाता की हीमोग्लोबिन, रक्तचाप व वजन की जांच के बाद ही रक्त लिया। आयोजकों ने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य बहराइच मेडिकल कॉलेज के ब्लड बैंक में पर्याप्त रक्त उपलब्ध कराना था, ताकि सड़क दुर्घटना, प्रसव व थैलेसीमिया पीड़ित गरीब व निराश्रित मरीजों को समय पर रक्त मिल सके।

### रक्तदाताओं के नाम

शिविर में समाजसेवी व्यवसायी अनूप मोदी उर्फ मुन्ना मोदी, व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय सिंह, समाजसेवी कमलेश मौर्य, सुनील सिंह, रनजीत सिंह शाक्य, कमल मौर्य, पत्रकार राम ध्यान कुशवाहा, शालिक राम यादव, सूरज शुक्ला, भानु प्रताप जायसवाल, महेंद्र वर्मा, विनीत चौधरी, धीरज यादव, डा. पंकज वर्मा, रामा दल यादव, विपिन कुमार, रविंद्र मौर्य, सुखलाल, राज किशोर, अखिलेश कुमार, राजाराम, गौरी शंकर, अमरेंद्र गुप्ता, आशीष कुमार, अमित सिंह, रवि वर्मा, अमित प्रताप सिंह, कुलदीप मान, दुर्गेश कुशवाहा, अर्जुन कुमार, सोनाक्षी वर्मा, सुरेश कुशवाहा, सौरभ वर्मा, विवेक गोयल समेत करीब 40 लोगों ने रक्तदान किया।

### गणमान्य रहे उपस्थित

इस अवसर पर सीमा जागरण मंच के जिला अध्यक्ष राजेश सिंह, जिला उपाध्यक्ष रामकिशोर वर्मा, मोतीपुर थानाध्यक्ष आनंद चौरसिया, उपनिरीक्षक कमलेंद्र प्रताप सिंह, उपनिरीक्षक अजीत सिंह, जिला युवा प्रमुख राहुल पोरवाल, पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रद्युम्न सिंह, भाजपा नेता परशुराम कुशवाहा, महिला अध्यक्ष राजेश सिंह, समाजसेवी सोमवर्धन पांडे, शिक्षक नाथूराम सोनी, पत्रकार रईस खान, शिक्षक अवधेश कुमार, विजय कुमार सिंह, रामदयाल कुशवाहा, राजकुमार सिंह, रामप्रीत वर्मा, अनूप वर्मा, अक्षय कुमार मौर्य, सत्य प्रकाश मौर्य, राम जियावन, संतोष रावत, अमन शुक्ला, अंग्रेज बहादुर सिंह, अंगद मौर्या सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक व क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## नशा उन्मूलन केंद्र के स्थापना होने से क्षेत्र के लोगों में हर्ष



अमन लेखनी समाचार

बाबागंज, बहराइच। बीते कई सालों से जल जंगल जमीन और जलवायु को बचाने एवं नशे के खिलाफ व्यापक आंदोलन कर रही संस्था मां राजेश्वरी देवी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा इंडो नेपाल बॉर्डर के कस्बा बाबागंज में नशा उन्मूलन केंद्र का निर्माण कार्य किया जा रहा है जिससे लोगों में हर्ष है। लोगों का कहना है कि इससे नशे में लिप्त लोगों को राहत मिलेगी और क्षेत्र में नशेड़ी कम होंगे। ट्रस्ट के संस्थापक भवानी प्रसाद तिवारी ने कहा की ट्रस्ट की मंशा है कि क्षेत्र में नशा और नशेड़ी दोनों ना रहे हम सभी लगातार प्रयास कर रहे हैं कि नशे पर व्यापक अंकुश लगाया जा सके। वरिष्ठ उपाध्यक्ष दुर्गेश वर्मा ने कहा कि नशा उन्मूलन केंद्र बन जाने से क्षेत्र में जो भी दुश्वारियां हैं वह कम होगी जो भी नशे में लिप्त लोग हैं और नशा छोड़ना चाहते हैं उन्हें उक्त केंद्र में भर्ती कर निःशुल्क दवाएं दी जाएगी और रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे।

## 02 केन्द्र व्यवस्थापकों व 01 सेक्टर मजिस्ट्रेट में हुआ बदलाव



### पुलिस सीधी भर्ती लिखित परीक्षा-2025

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ द्वारा आयोजित उ.प्र. पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती हेतु 08 से 10 जून 2026 तक दो पालियों में सम्पन्न होने वाली की लिखित परीक्षा-2025 हेतु पूर्व में तैनात किये गये 02 परीक्षा केन्द्रों के केन्द्र व्यवस्थापकों तथा 01 परीक्षा केन्द्र के लिए तैनात सेक्टर मजिस्ट्रेट में बदलाव कर दिया गया है। अपर जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी संशोधित आदेश के अनुसार परीक्षा केन्द्र आर्य कन्या इण्टर कालेज हेतु पूर्व में तैनात उपायुक्त स्वतः रोजगार के स्थान पर बीडीओ महसी प्रतीक को सेक्टर मजिस्ट्रेट नामित किया गया है। जबकि परीक्षा केन्द्र राजकीय पॉलीटेक्निक आसाम चौराहा भिनगा रोड हेतु पूर्व में तैनात रवि कुमार शुक्ला के स्थान पर प्रधानाचार्य अरूण कुमार तथा राजकीय पॉलीटेक्निक मोहम्मदनगर हेतु पूर्व में तैनात शिवेन्द्र सिंह के स्थान पर प्रधानाचार्य अमित रंजन को सम्बन्धित परीक्षा केन्द्रों के लिए केन्द्र व्यवस्थापक नामित किया गया है।

## लू प्रकोप से फसलों को बचाने के लिए निम्न बातों का ध्यान दें किसान: प्रिया नंदा

अमन लेखनी समाचार /मिथिलेश जायसवाल



बहराइच। मौसम आधारित राज्य स्तरीय कृषि परामर्श समूह द्वारा मौसम पूवार्नुमान के दृष्टिगत साप्ताहिक पाक्षिक रूप से कृषकों के उपयोगार्थ प्रदेश में लू-प्रकोप (हीट वेब) से कृषि फसलों की सुरक्षा/भूमि में जल एवं नमी संरक्षण हेतु संस्तुतियों एडवाइजरी निर्गत की जायेगी। जिला कृषि रक्षा अधिकारी प्रिया नंदा ने बताया कि हीट वेब से फसलों को बचाने के लिए किसानों को दी गई जानकारी के अनुसार कार्य करने की जरूरत है जिनसे उनकी फसलों की सुरक्षा बनी रहे उन्होंने बताया कि लू-प्रकोप (हीटवेव) से कृषि फसलों की सुरक्षा/भूमि में जल एवं नमी संरक्षण हेतु प्रस्तावित सामान्य संस्तुतियाँ, भूमि में नमी संरक्षण हेतु मल्चिंग एवं खरपतवार नियंत्रण की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। मल्च के रूप में बायोमास (जैव उत्पाद) का प्रयोग किया जाये।फसलों की सीडलिंग (पौध) की अवस्था में मल्चिंग करें।सिंचाई जल की क्षति न्यूनतम करने के लिए फसलों की सिंचाई के लिए स्प्रिंकलर एवं ड्रिप सिंचाई विधि का प्रयोग किया जाये। नियमित अन्तराल पर सायंकाल में खेतों में हल्की सिंचाई करें। खेतों में जैविक खादों का प्रयोग किया जाये।फसलों की बुवाई पंक्तियों में करें।सिंचाई नाली में सिंचाई करते समय जल की क्षति को कम करने के लिए सबसे आसान एवं सस्ती तकनीक के रूप में पॉलीथीन शीट का उपयोग करें। सिंचाई पूर्ण हो जाने पर इस पॉलीथीन शीट को उठा लेना चाहिए। इसके साथ ही सिंचाई हेतु कन्वेंस पाइप का उपयोग किया जाना चाहिए। सिंचाई नाली में सिंचाई करते समय जल की क्षति को कम करने के लिए सबसे आसान एवं सस्ती तकनीक के रूप में पॉलीथीन शीट का उपयोग करें। सिंचाई पूर्ण हो जाने पर इस पॉलीथीन शीट को उठा लेना चाहिए। इसके साथ ही सिंचाई हेतु कन्वेंस पाइप का उपयोग किया जाना चाहिए। खेत पूर्णतया समतल होने चाहिए जिससे कि सिंचाई जल पूरे खेत अथवा खेत के टुकड़ों में समान रूप से वितरण हो सके। उपरहार भूमियों में सिंचाई के लिए कन्टूर ट्रैन्च विधियों का प्रयोग किया जाये।जहाँ तक सम्भव हो सके, वर्षा के बहते जल का संग्रहण / संरक्षण किया जाय, जिससे फसलों की जीवन रक्षक सिंचाई एवं उनकी वृद्धि की क्रॉन्तिक अवस्थाओं पर की जाने वाली सिंचाई की व्यवस्था को सुनिश्चित किया जा सके।भूजल ही सबसे ज्यादा भरोसे का सिंचाई जल स्रोत है, अतः इसके अन्यायपूर्ण दोहन से बचे। कठोर अवमृदा / चट्टानी इलाकों के कुँओं में जल की उपलब्धता में निरन्तरता बनाये रखने हेतु लगातार पम्पिंग की जगह थोड़े-थोड़े समय की पम्पिंग कुछ-कुछ समयान्तराल पर करना चाहिए।धान नर्सरी में पर्याप्त नमी रखे व पानी की निकासी करें।

## अवैध कॉलोनाइजर पर मुकदमा दर्ज, सरकारी पोल जब्त करने की तैयारी

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। पुरवा बिजली चोरी रोकने और राजस्व को चूना लगाने वालों के खिलाफ मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड ने अब कमर कस ली है। इसी कड़ी में पुरवा उपकेन्द्र के तहत आने वाली एक आवासीय प्लॉटिंग साइट पर बिजली विभाग ने बड़ी छापेमारी की है। बिना किसी अनुमति के सरकारी बिजली पोल गाड़कर अवैध रूप से कॉलोनी चमकाने के मामले में विभाग ने एक नामजद आरोपी के खिलाफ एंटी पावर थेफ्ट थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। मिली जानकारी के अनुसार, विद्युत वितरण खण्ड-पुरवा के अधिशासी अभियन्ता के निर्देश पर मौरावां ग्रामीण के अवर अभियन्ता (खए) निशान्त यादव अपनी टीम के साथ क्षेत्र में चेकिंग पर निकले थे। टीम में तकनीशियन सतीश कुमार और संविदाकर्मी उदयभान सिंह व मिथिलेश कुमार भी शामिल थे। जांच टीम जब पुरवा थाना क्षेत्र के अंतर्गत डेला मोड़ के पास स्थित 'शिव विहार कॉलोनी' नाम की एक आवासीय प्लॉटिंग साइट पर पहुंची, तो वहां का नजारा देखकर अधिकारी भी हैरान रह गए। कॉलोनी में बिना किसी विभागीय अनुमति और बिना कोई प्राक्कलन (estimate) जमा किए, धड़ल्ले से 25 नग पी.सी.सी. विद्युत पोल (लंबाई 8.5 मीटर) खड़े किए गए थे। चौंकाने वाली बात यह है कि इन सभी खंभों पर MVVNL (मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड) की मार्किंग साफ दिखाई दे रही थी, जिससे यह स्पष्ट हो गया कि यह बिजली विभाग की ही संपत्ति है। जांच के बाद पता चला कि यह अवैध प्लॉटिंग गौरव यादव (पुत्र अज्ञात) द्वारा करवाई जा रही है। आरोपी ने बिना किसी लीगल प्रोसेस के सरकारी खंभों का इस्तेमाल कर पूरी कॉलोनी में बिजली का ढांचा खड़ा कर दिया था। अवर अभियन्ता निशान्त यादव की तहरीर पर एंटी पावर थेफ्ट थाना उन्नाव में आरोपी गौरव यादव के खिलाफ भारतीय विद्युत अधिनियम (संशोधन) 2003 की धारा 136 के तहत एफआईआर दर्ज कर ली गई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## नियमों का उल्लंघन करने वाले 1075 वाहनों का हुआ चालान

### 13 लाख से अधिक रुपए का हुआ राजस्व लाभ

अमन लेखनी समाचार /मिथिलेश जायसवाल



बहराइच। पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव के निर्देशन में यातायात पुलिस बहराइच द्वारा सड़क सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था के दृष्टिगत अभियान चलाकर कार्यवाही की गयी जिसमें बिना हेलमेट बाइक चलाना और दो से अधिक सवारी बैठने वालों चार पहिया वाहन में काली पिक्चर , बुलेट मोटरसाइकिल में मोडिफाइड साइलेंसर तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई की गई साथ ही कई वाहनों को सीज भी किया गया। तीन बुलेट मोटरसाइकिल में मोडिफाइड साइलेंसर लग पाए जाने पर वैधानिक कार्यवाही की गई साथ ही दो वाहनों को सीज किया गया इसके अलावा जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में चेकिंग के दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले 1075 वाहनों का चालान किया गया जिसमें 13 लाख रुपए से अधिक का राजस्व लाभ हुआ। यातायात प्रभारी राम प्रकाश ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है इस दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर कार्रवाई की जा रही है।

## किसान-मजदूरों की समस्याओं को लेकर यूनियन ने सौंपा ज्ञापन

अमन लेखनी समाचार/अभिषेक सिंह



संडीला। भारतीय किसान मजदूर यूनियन-दशहरी ने जनहित एवं किसान हित से जुड़ी विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर जिलाधिकारी हरदोई के नाम एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी संडीला को सौंपा। संगठन के राष्ट्रीय सचिव एवं लखीमपुर खीरी के जिला प्रभारी मो. अजहर सिद्दीकी के नेतृत्व में यूनियन पदाधिकारियों ने क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं को उठाते हुए शीघ्र कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में संडीला को जिला बनाए जाने की मांग प्रमुख रूप से उठाई गई। यूनियन का कहना है कि संडीला तहसील मुख्यालय हरदोई जिला मुख्यालय से लगभग 100 किलोमीटर दूर स्थित है, जिससे किसानों एवं आम नागरिकों को प्रशासनिक, न्यायिक, स्वास्थ्य और शिक्षा संबंधी कार्यों के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती है। ऐसे में संडीला को जिला घोषित किया जाना जनहित में आवश्यक है। संगठन ने संडीला सदर बाजार मार्ग की जर्जर एवं गड्ढायुक्त सड़क की मरम्मत कराने की भी मांग की। साथ ही संडीला औद्योगिक क्षेत्र से निकलने वाले प्रदूषित जल को बिना शोधन के नालों में छोड़े जाने पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि इससे पर्यावरण, जल स्रोतों, पशुधन तथा किसानों की फसलें प्रभावित हो रही हैं। यूनियन ने किसानों की भूमि संबंधी समस्याओं को भी उठाया। ज्ञापन में कहा गया कि कृषि पट्टों की अवधि पूरी होने के बाद भी कई पात्र किसानों को संक्रमणीय भूमिधर के रूप में दर्ज नहीं किया गया है। इसके अलावा ग्राम मीरनगर अजिगवां में सरकारी भूमि पर हुए कथित अवैध कब्जों को हटाकर भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग की गई। इसके साथ ही संडीला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने राष्ट्रीय राजमार्ग पर फुट ओवर ब्रिज के निर्माण की मांग उठाई गई, जिससे मरीजों, महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित हो सके। यूनियन ने चेतावनी दी कि यदि समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो संगठन व्यापक आंदोलन शुरू करने को बाध्य होगा।

## जबरन चोरी करने वाले तीन आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार करके ऑटो रिक्शा किया बरामद

अमन लेखनी समाचार




वसई। विरार पुलिस स्टेशन की गुन्हे प्रकटीकरण (क्राइम डिटेक्शन) की टीम ने जबरन चोरी (लूट) के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की गई ऑटो रिक्शा सहित कुल 60 हजार रुपये मूल्य का मुद्देमाल बरामद किया है। पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, 27 मई शनिवार की रात करीब 12:40 बजे एक रिक्शा चालक अपने तीन परिचित यात्रियों को लेकर विरार पूर्व के अनार्ला रोड की तरफ जा रहा था। इसी दौरान विरार पूर्व के कांदिवलीपाड़ा क्षेत्र में चार अज्ञात युवकों ने रिक्शा रुकवाया। युवकों ने रिक्शा ड्राइवर को नीचे उतारकर उसके साथ मारपीट की, जान से मारने की धमकी दी और उसकी शर्ट की जेब में रखे 1,500 रुपये नकद तथा ऑटो रिक्शा लेकर फरार हो गए। इस मामले में विरार पुलिस स्टेशन में भारतीय न्याय संहिता (इठर) की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर गुन्हे प्रकटीकरण शाखा ने जांच शुरू की। गोपनीय सूचना और तकनीकी जांच के आधार पर पुलिस ने तीन आरोपियों को हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने अपराध स्वीकार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की गई बजाज कंपनी की ऑटो रिक्शा बरामद कर ली है, जिसकी अनुमानित कीमत 60 हजार रुपये बताई गई है। यह कार्रवाई पुलिस आयुक्त निकेत कौशिक, अपर पुलिस आयुक्त दत्तात्रय शिंदे, पुलिस उपायुक्त सुहास बावचे तथा सहायक पुलिस आयुक्त बजरंग देसाई के मार्गदर्शन में विरार पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक एल.एम. तुरे और उनकी टीम द्वारा की गई। पुलिस आगे की जांच कर रही है इस मामले में अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

## समाधान दिवस पर जनता से रूबरू हुए पुलिस अधीक्षक

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर। जनपद के हथगांव थाना प्रांगण में समाधान दिवस आयोजित किया गया पूर्व काल से नियोजित समय के अनुसार जनपद के पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक थाना परिसर पहुंचे थाना परिसर पहुंचने पर हथगांव थाना प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार चतुवेर्दी समेत थाना परिसर के सभी आरक्षी कर्मचारी गणों ने पुलिस अधीक्षक को सलामी देते हुए स्वागत किया वहीं पुलिस अधीक्षक ने बैठक करते हुए जनता के दुख दर्द सुने पुलिस अधीक्षक के समक्ष क्षेत्रीय नागरिकों ने लगभग तीन दर्जन प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया जिनका निस्तारण पुलिस अधीक्षक ने पंचायत के माध्यम से कराया कुछ राजस्व विभाग के जमीनी मामले मौके पर मौजूद लेखपालों को सौंप कर जल्द ही निस्तारण का निर्देश दिया गया समाधान दिवस पर थाना प्रभारी के अतिरिक्त चौकी प्रभारी छिवलहा उत्कर्ष मिश्रा उप निरीक्षक हरेकृष्ण यादव आलोक तिवारी महिला उप निरीक्षक प्रियंका वर्मा आरक्षी अंकिता सिंह अंजली मोनिका समेत थाना परिसर का पुलिस बल तथा भारी संख्या में जनता जनार्दन मौजूद रहा।

## प्रतिवर्ष घाव ताजा कर देती है बलिदान तिथि - कृष्ण कुमार पाण्डेय

### अखनूर सेक्टर के अमर बलिदानी को दी गई गॉड ऑफ ऑनर श्रद्धांजलि

अमन लेखनी समाचार



अमौली, फतेहपुर। जनपद के चांदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत सठिगवां गांव में जन्मे अमर बलिदानी विजय कुमार पाण्डेय का शहादत दिवस श्रद्धांजलि सभा के रूप में मनाया गया श्रद्धांजलि सभा अंतर्गत राजधानी लखनऊ से पहुंची सेना की बटालियन तथा स्थानीय थाना प्रभारी प्रमोद कुमार मौर्य की अगुवाई में जवानों ने अमर शहीद को गार्ड ऑफ ऑनर देकर सलामी दी मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे प्रथम स्वतंत्रता संग्राम सन-1857 की क्रांति के महानायक क्रांतिकारी मंगल पाण्डेय के प्रपौत्र वर्तमान वरिष्ठ बेसिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष संतोष कुमार पाण्डेय का प्रांगण अंतर्गत भव्य स्वागत किया गया वहीं संतोष कुमार पाण्डेय ने अमर बलिदानी विजय कुमार पाण्डेय को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए शत-शत नमन किया मुख्य अतिथि के साथ-साथ पहुंचे भारी संख्या में वर्तमान सरकार के जनप्रतिनिधि मंडल अध्यक्ष देवेंद्र अवस्थी महामंत्री तथा अन्य सभी सदस्यों ने भी पुष्पांजलि अर्पित की

### खून की तरह खौल उठा प्रांगण में मंगल पाण्डेय का खून

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद सन 1857 के अमर योद्धा क्रांतिकारी मंगल पांडे के प्रपौत्र संतोष कुमार पाण्डेय ने वर्तमान सरकार के ऊपर गहरा प्रहार किया उन्होंने देश पर न्योछावर हो जाने वाले अमर बलदानियों की शहादत के प्रति सरकार को नजरअंदाज बताया उन्होंने कहा कि सरकार ऐसे महापुरुषों का आजीवन ऋणी हो अग्नि वीर योजना को पूर्णतया बंद करते हुए पूर्व काल की तरह सेना में भर्ती की जाए वहीं पुरानी पेंशन बहाली की मांग की भारी गर्जना में हुंकार भरते हुए उन्होंने कहा कि यदि देश के सैनिकों के प्रति लापरवाही बरती गई तो इस युद्ध के लिए अपने पूर्वजों की तरह प्राणों को भी न्योछावर कर देना वह एक छोटी बात समझते हैं अर्थात इस लड़ाई में वह सबसे आगे रहेंगे कार्यक्रम अंतर्गत अन्य पहुंचे गणमान्य जैसे एस आई रणजीत सिंह भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्य कर्ता अजय पटेल रामभक्त वर्मा भूतपूर्व सैनिक शिव गोपाल तिवारी शिक्षक अशोक पाण्डेय अनूप शुक्ला अमर बलिदानी विजयपाल सिंह यादव (झाऊपुर) के अनुज भ्राता समाजसेवी अजय यादव आर्य कुमार पाण्डेय अजय पांडे समेत भारी संख्या में क्षेत्रीय गणमान्य महिला पुरुष वर्ग मौजूद रहा वही कार्यक्रम का संचालन करते हुए गायक धर्मेंद्र सिंह ने वीर रस से ओतप्रोत अपनी स्वरचित कविताओं को सुनाते हुए संपूर्ण समुदाय को भाव विभोर कर दिया कार्यक्रम अंतर्गत भारत माता की जय अमर शहीद विजय कुमार पाण्डेय अमर रहे इत्यादि जयकारों से प्रांगण गुंजायमान होता रहा आए हुए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए अमर सपूत के पिता कृष्ण कुमार पाण्डेय ने कहा कि प्रतिवर्ष आज का दिवस 3 जून 2018 तिथि के घाव ताजा कर देता है करुण गाथा को सुनकर संपूर्ण जनमानस अश्रुपूरित दिखाई दिया

## विश्व कप में अंतिम एकादश को लेकर काफी हद तक स्पष्ट : हरमनप्रीत



टॉटन। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा कि उनकी टीम महिला टी20 विश्व कप में अपनी अंतिम एकादश को लेकर काफी हद तक स्पष्ट है तथा वह इससे पहले दो अभ्यास मैच का उपयोग कुछ और संयोजन आजमाने तथा राधा यादव और भारती फुलमाली जैसी खिलाड़ियों को अवसर देने के लिए करेगा।

भारत महिला टी20 विश्व कप का पहला खिताब जीतने के लंबे इंतजार को खत्म करने की उम्मीद से इंग्लैंड पहुंचा है लेकिन वह मेजबान इंग्लैंड से तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला 2-1 से हार गया जिससे आईसीसी के इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट से पहले उसकी तैयारियों को झटका लगा। हरमनप्रीत ने कहा, मेरा मानना है कि हम अपनी अंतिम एकादश को लेकर काफी हद तक स्पष्ट हैं। मुझे लगता है कि हम पूरी तरह से तैयार हैं। विश्व कप से पहले हमें दो अभ्यास मैच खेलने हैं जिनमें हम अन्य संयोजनों को आजमाने के बारे में सोच सकते हैं। उन्होंने कहा, राधा तो टीम में हैं ही। उसने डब्ल्यूपीएल में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया और वह भी पूरी तरह से तैयार है। उसके अलावा भारती फुलमाली ने भी मध्य क्रम में अच्छा प्रदर्शन किया है। उम्मीद है कि हम अभ्यास मैचों में उन्हें पर्याप्त मौका देंगे। भारत विश्व कप में अपना पहला मैच 14 जून को बर्मिंघम में अपने चिर प्रतिद्वंदी पाकिस्तान के खिलाफ खेलेगा। वहीं दूसरी ओर तेज गेंदबाज इशांत शर्मा के कोच श्रवण कुमार का मानना है कि तेज गेंदबाज औकिब नबी को बैक अप भूमिका तक ही सीमित नहीं रखा जाना चाहिए बल्कि अगानिस्तान के खिलाफ होने वाले एकमात्र टेस्ट के लिए भारतीय टीम की अंतिम एकादश का हिस्सा होना चाहिए। नबी ने इस रणजी ट्रॉफी सत्र में 60 विकेट लिए और उनके इस प्रदर्शन ने जम्मू-कश्मीर को पहली बार इस घरेलू टूर्नामेंट का खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई। श्रवण कुमार ने बुधवार को यहां कहा, मैं औकिब की बात कर रहा हूं। अपनी टीम को रणजी चैंपियन बनाने और 60 विकेट लेने के बाद भी औकिब नबी को अफगानिस्तान के खिलाफ एकमात्र टेस्ट मैच के लिए क्यों नहीं चुना जा रहा है? यह बैक-अप गेंदबाज वाली बात क्या है? उन्होंने कहा, आप उन्हें बैक-अप गेंदबाज के नाम पर नेट गेंदबाज बना रहे हैं। नबी को बैक-अप खिलाड़ी के नाम पर नेट गेंदबाज नहीं माना जाना चाहिए। यह देखना वाकई हैरान करने वाला है।

## प्रज्ञानानंदा ने फिर से कार्लसन को हराया, गुकेश की खिताब की उम्मीदें खत्म

ओस्लो। भारत के युवा ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञाननंदा ने नॉर्वे के दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन के खिलाफ अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में क्लासिकल बाजी में उन्हें दूसरी बार हराया और इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में पहले भारतीय चैंपियन बनने की अपनी दावेदारी को मजबूत किया। विश्व चैंपियन डी गुकेश की खिताब जीतने की उम्मीदें आठवें दौर में फ्रांसीसी ग्रैंडमास्टर अलीरेज़ा फ़िरोजा से एक और करारी हार के बाद खत्म हो गईं। वह आठ अंकों के साथ तालिका में सबसे निचले पायदान पर आ गए हैं।

इस तरह से गुकेश का 2024 में विश्व चैंपियन बनने के बाद खराब प्रदर्शन जारी है। प्रज्ञाननंदा इस वर्ष क्लासिकल बाजी में कार्लसन को दो बार हराने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं। इस एलीट डबल राउंड-रॉबिन प्रतियोगिता में उन्होंने पहले भी कार्लसन को क्लासिकल बाजी में हराया था। इस जीत से 20 वर्षीय



प्रज्ञाननंदा के 12 अंक हो गए और वह तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। दूसरी तरफ इस हार से कार्लसन की आठवीं बार नॉर्वे शतरंज खिताब जीतने की उम्मीदों को करारा झटका लगा है। अब केवल दो राउंड का खेल बचा हुआ है और ऐसे में मौजूदा चैंपियन कार्लसन के लिए खिताब बचाना आसान नहीं होगा। कार्लसन का यह अभियान अप्रत्याशित रूप से उथल-पुथल भरा रहा है, जिसमें उन्हें चार बार क्लासिकल बाजी में हार का सामना करना पड़ा। इनमें से दो बार उन्हें प्रज्ञाननंदा ने हराया।

इस तरह से वह विश्व के नंबर एक खिलाड़ी के वर्चस्व को चुनौती देने वाले प्रमुख खिलाड़ी बन गए हैं। काले मोहरों से खेल रहे प्रज्ञाननंदा ने मैच के बाद कहा, मैग्नस के खिलाफ जीत के बारे में सोचने से ज्यादा महत्वपूर्ण यह है कि मुझे यह जीत हासिल करनी है। निश्चित तौर पर मैग्नस के खिलाफ जीत हासिल करना शानदार है, लेकिन मुझे लगता है कि टूर्नामेंट के इस चरण में कोई भी मैच जीतना अच्छा है। प्रज्ञाननंदा नौवें दौर में काले मोहरों से हमवतन गुकेश के खिलाफ खेलेंगे। इस बीच अंक तालिका में शीर्ष पर चल रहे अमेरिकी ग्रैंडमास्टर वेस्ली सो ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए आर्मागेडन टाई-ब्रेक में जर्मनी के विंसेंट कीमर को हराकर अपने अंकों की संख्या 14 पर पहुंचा दी है।

# भारत-अफगानिस्तान टेस्ट मैच 6 से

### भारत के खिलाफ होगी अफगानिस्तान के कप्तान शाहिदी की सबसे बड़ी परीक्षा

एजेंसी

मुल्लांपुर। अफगानिस्तान के कप्तान हशमतुल्लाह शाहिदी की भारत के खिलाफ शनिवार से यहां शुरू होने वाले एकमात्र टेस्ट मैच में कड़ी परीक्षा होगी। अफगानिस्तान की बल्लेबाजी भी इस 31 वर्षीय खिलाड़ी के इर्द गिर्द घूमेगी। अफगानिस्तान के क्रिकेट प्रेमियों की उनसे काफी उम्मीद लगी होगी और यह देखना दिलचस्प होगा कि शाहिदी अपेक्षाओं के इस बोझ से कैसे निपटते हैं। अनुभवी खिलाड़ी राशिद खान और मोहम्मद नबी की अनुपस्थिति में शांत स्वभाव वाले शाहिदी पर यह साबित करने की जिम्मेदारी होगी कि अफगानिस्तान लाल गेंद की क्रिकेट में कुछ सुपरस्टार नामों पर निर्भर नहीं हैं। यह एक ऐसी भूमिका है जिस पर उनके पिता को गर्व होगा। शाहिदी के पिता भौतिकी के शिक्षक और कई पाठ्यपुस्तकों के लेखक हैं और वह शिक्षा को सर्वोपरि मानते हैं। कई अन्य अफगान परिवारों की तरह शाहिदी का परिवार भी अफगानिस्तान में वर्षों के संघर्ष और राजनीतिक उथल-पुथल से प्रभावित रहा है।

उन्होंने स्वदेश लौटने से पहले पाकिस्तान में कुछ समय बिताया। अनिश्चितता के ऐसे माहौल में पले-बढ़े एक युवा लड़के के लिए क्रिकेट शायद ही सबसे सुरक्षित करियर विकल्प था। इसके बावजूद उन्होंने कड़ी मेहनत करके अफगानिस्तान के क्रिकेट दिग्गजों में से एक के रूप में अपनी पहचान बनाई। अगर राशिद टीम के सुपरस्टार हैं तो शाहिदी वह खिलाड़ी हैं जिन्हें टीम को नई दिशा देने का जिम्मा सौंपा गया है। इसलिए उनके लिए भारत के खिलाफ इस टेस्ट मैच का महत्व परिणाम से कहीं अधिक है। अफगानिस्तान ने भारत के खिलाफ 2018 में बेंगलुरु में अपना पहला टेस्ट मैच खेला था। इस मैच में उसने केवल दो सत्र में 20 विकेट गंवा दिए थे। इसी मैच में शाहिदी ने अपना पदार्पण किया था। इसके आठ साल बाद वह टीम के कप्तान है और उन्हें भारत की मजबूत टीम की चुनौती से पार पाना है जो किसी भी लिहाज से आसान नहीं होगा। लेकिन शाहिदी धैर्य से काम लेते हैं और अनुशासन में रहना पसंद करते हैं। वह बल्लेबाजी में अपना लोहा मनवा चुके हैं। उन्होंने 2021 में अबू धाबी में जिम्बाब्वे के खिलाफ नाबाद 200 रन बनाए थे।



इस तरह से वह टेस्ट क्रिकेट में दोहरा शतक लगाने वाले अफगानिस्तान के पहले बल्लेबाज बने थे। उन्होंने तब 246 रन बनाए थे जो अफगानिस्तान की तरफ से सर्वोच्च स्कोर का रिकॉर्ड है। सबसे बड़ा सवाल लिया है कि क्या अफगानिस्तान इस मैच को पांच दिन तक खींच पाएगा। कम से कम भारत ऐसा कतई नहीं चाहेगा और वह मैच को जल्द से जल्द समाप्त करने में किसी तरह की कसर नहीं छोड़ेगा जिससे शाहिदी के लिए चुनौती और मुश्किल बन गई है। वहीं दूसरी ओर भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा ने अफगानिस्तान के खिलाफ छह जून से शुरू होने वाले एकमात्र टेस्ट मैच से पहले बुधवार को यहां भीषण गर्मी के बावजूद लगभग 25 मिनट तक जमकर अभ्यास किया। इस एकमात्र टेस्ट मैच के बाद भारत और अफगानिस्तान के बीच तीन मैच की वनडे श्रृंखला खेली जाएगी। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में दो महीने तक व्यस्त रहने के बाद गेंदबाजों के कार्यभार को लेकर कुछ सवाल उठ रहे थे।

## न्यूजीलैंड में इस साल के आखिर में दो टेस्ट सहित 12 मैच खेलेगा भारत

ऑकलैंड। भारत इस वर्ष 22 अक्टूबर से एक दिसंबर तक न्यूजीलैंड का दौरा करेगा, जहां वह दो टेस्ट, पांच एकदिवसीय और इतने ही टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलेगा। इस तरह से यह न्यूजीलैंड में भारत की अब तक की सबसे बड़ी पुरुष द्विपक्षीय क्रिकेट श्रृंखला होगी। यह पहला अवसर होगा जबकि कोई टीम न्यूजीलैंड में तीनों प्रारूप में कुल मिलाकर 12 मैच खेलेगी। यह श्रृंखला दोनों देशों के बीच खेल संबंधों के 100 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में खेली जाएगी। इस 40 दिवसीय दौरे की शुरुआत 22 अक्टूबर को क्राइस्टचर्च में टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच से होगी। टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के बाद एकदिवसीय श्रृंखला होगी जिसका पहला मैच चार नवंबर को ऑकलैंड के ईडन पार्क में खेला जाएगा। टेस्ट श्रृंखला की शुरुआत 19 नवंबर से वेलिंगटन के सेलो बेसिन रिजर्व में होगी। दूसरा और अंतिम टेस्ट मैच क्राइस्टचर्च के हैगली ओवल में 27 नवंबर से एक दिसंबर तक खेला जाएगा। न्यूजीलैंड क्रिकेट के मुख्य विपणन और वाणिज्यिक अधिकारी ग्लेन क्रिचली ने कहा, जब क्रिकेट की बात आती है तो भारत का कोई सानी नहीं है। भारतीय टीम का न्यूजीलैंड का यह दौरा क्रिकेट से कहीं अधिक मायने रखता है। यह भारत के साथ न्यूजीलैंड के साझा इतिहास और संस्कृति का उत्सव होगा। यह क्रिकेट के जरिए हमारी बढ़ती प्रतिद्वंद्विता और दोस्ती का भी जश्न होगा। भारत 2019-20 के बाद पहली बार न्यूजीलैंड में टेस्ट श्रृंखला खेलेगा। तब से न्यूजीलैंड ने भारत का दो बार दौरा किया है, जिसमें उनका 2024-25 का ऐतिहासिक दौरा भी शामिल है, जब उसने टेस्ट श्रृंखला में 3-0 से क्लीन स्वीप किया था। न्यूजीलैंड के स्पिनर ईश सोढ़ी ने कहा, भारत के खिलाफ खेलना हमेशा खास होता है। उनकी टीम बेहतरीन है जिसमें कई प्रतिभावान और स्टार खिलाड़ी शामिल हैं।

## फीफा विश्व कप में खेलेंगे भारतीय मूल के चार खिलाड़ी

**नयी दिल्ली।** भारत के लिए फीफा विश्व कप में खेलना अब भी दूर की कौड़ी बनी हुई है लेकिन अमेरिका में 11 जून से शुरू होने वाले फुटबॉल के सबसे बड़े टूर्नामेंट में भारतीय मूल के चार खिलाड़ी अपना जलवा दिखाने के लिए तैयार हैं। यह चार खिलाड़ी सरप्रीत सिंह, सैमुअल मौतौसामी, निशान वेलुपिल्ले और तहसीन मोहम्मद हैं जो फ्रांस के मिडफील्डर विकास धोरासू के नक्शेकदम पर चल रहे हैं। धोरासू जर्मनी में 2006 के विश्व कप में खेले थे। धोरासू के पूर्वज आंध्र प्रदेश के विजयनगरम की रहने वाले थे। इस सूची में शामिल होने वाले चार अन्य खिलाड़ियों पर एक नज़र डालते हैं।

ऑकलैंड में पंजाबी माता-पिता के घर जन्मे सरप्रीत 2018 में मुंबई में अंतरमहाद्वीपीय कप के दौरान भारत में भी खेले थे। उन्होंने उसी वर्ष न्यूजीलैंड के लिए पदार्पण किया था। भारत ने तब खिताब जीता जबकि न्यूजीलैंड चार देशों के इस टूर्नामेंट में तीसरे स्थान पर रहा। इसके एक साल बाद सरप्रीत जर्मन की पहली डिवीजन लीग में खेलने वाले भारतीय मूल के पहले खिलाड़ी बने। उन्होंने 2019 में बायर्न म्यूनिख की तरफ से पदार्पण किया। वह ऑस्ट्रेलियाई ए-लीग टीम वेलिंगटन फीनिक्स से बायर्न म्यूनिख में शामिल हुए थे। सरप्रीत ने 20 जून, 2020 को एससी फ्रीबर्ग के खिलाफ बायर्न म्यूनिख के लिए अपना पहला सीनियर मैच खेला। वह उस टीम का हिस्सा थे जिसने 2019-2020 सत्र में



बुंडेसलीगा का खिताब जीता था। मिडफील्डर सरप्रीत पुर्तगाल के यूनियाओ डी लीरिया और सर्बिया की सुपरलीगा टीम एफके टीएससी की तरफ से भी खेले।

इसके बाद वह फीनिक्स के लिए ए-लीग में खेले। उन्हें इस साल फरवरी में चोट लग गई थी, जिसके कारण वह आठ सप्ताह तक मैदान से बाहर रहे, लेकिन अप्रैल में उन्होंने वापसी की और न्यूजीलैंड की विश्व कप की 26 सदस्यीय टीम में जगह बनाई। उन्होंने न्यूजीलैंड के लिए 24 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं और तीन गोल किए हैं। सरप्रीत ने 2017 और 2019 फीफा अंडर-20 विश्व कप में भी न्यूजीलैंड के लिए खेले थे। मौतौसामी का जन्म फ्रांस में हुआ था। उनकी माता कांगो मूल और पिता तमिल मूल के हैं। फीफा के नियमों के अनुसार, कोई खिलाड़ी किसी राष्ट्रीय टीम के लिए तभी खेल सकता है।

## संक्षेप

### हॉकी : चीनी को हराकर भारत सेमीफाइनल में

काकामिगाहारा (जापान)। भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने बुधवार को यहां अपने आखिरी पूल ए मैच में चीनी ताइपे को 13-1 से हराकर शानदार प्रदर्शन किया और अंडर-18 एशिया कप 2026 के सेमीफाइनल में जगह बनाई। भारत ने कजाखस्तान, कोरिया और चीनी ताइपे के खिलाफ जीत के साथ अपने पूल मैच खत्म किए जबकि मेजबान जापान से उसे हार का सामना करना पड़ा। इससे टीम को चार मैच में नौ अंक मिले। चीनी ताइपे के खिलाफ टीम ने आक्रामक रूख अपनाया जिसमें आशीष तानी पूर्ति ने हैट्रिक (27वें, 35वें, 42वें मिनट) करके सबसे अच्छा प्रदर्शन किया जबकि गाजी खान (40वें, 44वें), सिद्धार्थ बेन (30वें, 52वें) और राहुल यादव (20वें, 54वें) ने दो-दो गोल किए। करण गौतम (सातवें), प्रेमचंद सोय (11वें), कप्तान केतन कुशवाहा (13वें) और वरिंदर सिंह (50वें) ने भी गोल किए।

### बालाजी और डेमोलिनर की जोड़ी फ्रेंच ओपन से बाहर

पेरिस। भारतीय टेनिस खिलाड़ी एन श्रीराम बालाजी और ब्राजील के उनके जोड़ीदार मार्सेलो डेमोलिनर का फ्रेंच ओपन पुरुष युगल में शानदार प्रदर्शन क्वार्टर फाइनल में हैरी हेलियोवारा और हेनरी पैटन की दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी से सीधे सेटों में हार के साथ खत्म हो गया। बालाजी और डेमोलिनर की जोड़ी एक घंटे 17 मिनट तक चले मुकाबले में 3-6, 4-6 से हार गई। हार के बावजूद बालाजी और डेमोलिनर की जोड़ी के लिए टूर्नामेंट में प्रदर्शन यादगार रहेगा क्योंकि वे तीसरे दौर में जर्मनी के केविन क्राविएट्ज और टिम पुट्ज की छठी वरीयता प्राप्त जोड़ी को 7-5, 6-4 से हराकर क्वार्टर फाइनल में पहुंचे थे। बालाजी के लिए क्वार्टर फाइनल में पहुंचना उनके करियर के सबसे अच्छे ग्रैंड स्लैम प्रदर्शनों में से एक है।

## ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान को हराया

लाहौर। तेज गेंदबाज नाथन एलिस ने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 33 रन देकर चार विकेट लिए जिससे आस्ट्रेलिया ने दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में पाकिस्तान को 41 रन से हराकर श्रृंखला 1-1 से बराबर कर दी। ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद नौ विकेट पर 231 रन बनाए। इसके जवाब में पाकिस्तान की टीम 44



ओवर में 190 रन पर आउट हो गई। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से कप्तान जोश इंग्लिस (51) और कैमरन ग्रीन (53) ने अर्धशतक बनाए। उनके अलावा मैथ्यू रेनशॉ ने 43 रन का योगदान दिया जबकि 19 वर्षीय ओलिवर पीक ने 32 गेंदों में 31 रन की उपयोगी पारी खेली। पाकिस्तान की तरफ से कप्तान शाहीन शाह अफरीदी ने 36 रन देकर तीन विकेट लिए। पाकिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसका स्कोर एक समय छह विकेट पर 78 रन था।

### विश्व कप में नहीं करेंगे ऐसी गलती : मंधाना

टॉटन। भारतीय महिला टीम की उप-कप्तान स्मृति मंधाना ने कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में उनके गेंदबाज पर्याप्त डॉट गेंद नहीं कर पाए जिससे उन्हें छह विकेट से हार का सामना करना पड़ा। इस सलामी बल्लेबाज ने उम्मीद जताई कि महिला टी20 विश्व कप में यह गलती नहीं दोहराई जाएगी। इंग्लैंड ने श्रृंखला 2-। से जीत कर भारत की विश्व कप की तैयारी को झटका दिया। मंधाना ने मैच के बाद पत्रकारों से कहा, हमने गेंदबाजी में अच्छी शुरुआत की थी और उनके तीन विकेट जल्दी हासिल कर लिए थे। इसके बाद उन्होंने शानदार साझेदारी निभाई। मुझे लगता है कि उन्होंने बहुत अच्छे शॉट खेले। उन्होंने कहा, हम कुछ डॉट गेंद करके उन पर दबाव बना सकते थे लेकिन हम ऐसा करने में नाकाम रहे।

## विश्व योगासन चैंपियनशिप में हिस्सा लेंगे 400 एथलीट

अहमदाबाद। पहली विश्व योगासन चैंपियनशिप 2026 में 60 से ज्यादा देशों के 400 से अधिक एथलीट हिस्सा लेंगे जो बृहस्पतिवार से यहां शुरू हो रही है।

विश्व योगासन चैंपियनशिप 2026 के पहले चरण में अमेरिका, घाना, कीनिया, मलेशिया, श्रीलंका और उज्बेकिस्तान समेत दुनिया भर के एथलीट हिस्सा लेंगे। यह ऐतिहासिक चैंपियनशिप योगासन के विकास में एक अहम मोड़ है जो भारत के योग को दुनिया भर में प्रतिस्पर्धी खेल के तौर पर बदल रहा है और साथ ही ओलंपिक मूवमेंट में पहचान दिलाने का रास्ता भी मजबूत कर रहा है।

### एरिना सबालेंका फ्रेंच ओपन से बाहर

पेरिस। दुनिया की नंबर एक महिला टेनिस खिलाड़ी एरिना सबालेंका बुधवार को यहां फ्रेंच ओपन क्वार्टरफाइनल में डायना श्नाइडर के खिलाफ पहला सेट जीतने के बावजूद तीन सेट में हार के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गईं। चार बार की ग्रैंडस्लैम विजेता सबालेंका को क्वार्टर फाइनल में श्नाइडर के खिलाफ 3-6, 7-5, 6-0 से शिकस्त झेलनी पड़ी। सबालेंका दूसरे सेट में 4-1 से आगे थीं और जब वह 5-4 के स्कोर पर मैच जीतने के लिए सर्विस कर रहीं थी तब जीत से सिर्फ दो अंक दूर थीं। पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम के क्वार्टर फाइनल खेल रहीं श्नाइडर ने हालांकि इसके बाद जोरदार वापसी की और सबालेंका को कोई मौका नहीं दिया। निर्णायक सेट के छठे गेम में सबालेंका ने 0-40 से पिछड़ने के बाद दो मैच प्वाइंट बचाए लेकिन इसके बाद उन्होंने शॉट को नेट पर मारकर मैच श्नाइडर की झोली में डाल दिया।

## आयुष इंडोनेशिया ओपन के प्री क्वार्टर फाइनल में

जकार्ता। युवा भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी आयुष शेट्टी ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए बुधवार को यहां इंडोनेशिया ओपन के प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई जबकि सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार पुरुष युगल जोड़ी मैच के बीच से हट गई। मिश्रित युगल में

**सात्विक-चिराग मैच से हटे**



रोहन कपूर और रुतविका गड्डे की दुनिया की 41वें नंबर की भारतीय जोड़ी ने पो सुआन येंग और लिंग फेंग हू की चीनी ताइपे की दुनिया की 20वें नंबर की जोड़ी के खिलाफ 21-14, 21-14 से उलटफेर भरी जीत दर्ज करके दूसरे दौर में जगह बनाई। रोहन और रुतविका अगले दौर में थॉम गिक्केल और डेलफाइन डेलरुए की फ्रांस की गत चैंपियन जोड़ी से भिड़ेंगे।

## भारत ने सिंगापुर को 25-0 से हराया, पूल ए में शीर्ष पर

काकामिगाहारा (जापान)। पहले ही सेमीफाइनल में जगह पक्की कर चुके भारत ने महिला अंडर-18 एशिया कप हॉकी प्रतियोगिता के पूल ए के अपने अंतिम मैच में सिंगापुर को 25-0 से करारी शिकस्त दी। इस जीत से भारत ने पूल ए में शीर्ष स्थान हासिल किया। भारत ने सिंगापुर के खिलाफ शुरू से ही आक्रामक रवैया अपनाया। उसकी कम से कम 10 खिलाड़ियों ने गोल किए जिनमें नौशीन नाज़ सबसे आगे रहीं। उन्होंने सात गोल (आठवें मिनट, 13वें, 17वें, 18वें, 40वें, 52वें, 58वें) दागे। मैच की



सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रही गीताश्री नाम्मी ने पांच गोल (13वें, 28वें, 47वें, 48वें, 60वें) किए, जबकि कप्तान स्वीटी कुजुर ने चार गोल (दूसरे, 24वें, 38वें, 45वें) का योगदान दिया। प्रियंका मिंज ने भी हैट्रिक (22वें, 37वें, 53वें) बनाई। उनके अलावा दीया (27वें), नैन्सी सरोहा (36वें), श्रुति कुमारी (40वें), पुष्पा मांझी (47वें), रशमीन कौर (47वें) और संदीपा कुमारी (51वें) ने भी स्कोरशीट में अपना नाम लिखवाया। भारत ने शुरुआत से ही अपना दबदबा बना दिया था। कप्तान स्वीटी ने दूसरे ही मिनट में पहला गोल दाग दिया। नौशीन ने आठवें मिनट में बढ़त को दोगुना कर दिया।

## कोहली, रोहित के साथ खेलने को हर्ष उत्साहित

एजेंसी

नयी दिल्ली। युवा भारतीय ऑलराउंडर हर्ष दुबे का मानना है कि विराट कोहली और रोहित शर्मा के साथ वनडे ड्रेसिंग रूम साझा करना उनके लिए बड़ी उपलब्धि होगी और वह इसके साथ ही अफगानिस्तान के खिलाफ आगामी घरेलू श्रृंखला में टेस्ट कप्तान शुभमन गिल की नेतृत्व शैली को समझने के लिए भी उत्सुक हैं। बाएं हाथ के स्पिनर 23 वर्षीय दुबे को टेस्ट और वनडे दोनों टीम में चुना गया है। उन्होंने कहा कि जब उन्हें पहली बार राष्ट्रीय टीम में चुने जाने की जानकारी मिली तब से सब कुछ एक सपने जैसा लग रहा है। दुबे ने जिओस्टार से कहा, मैं तब हवाई अड्डे पर था जब मुझे किसी व्यक्ति का फोन आया कि वनडे श्रृंखला के लिए भारतीय टीम में चुने जाने पर मुझे कैसा लग रहा है।

उन्होंने कहा, लाउंज में शोर और नेटवर्क की समस्या के कारण मुझे लगा कि वह श्रीलंका में भारत ए टीम की वनडे त्रिकोणीय श्रृंखला की बात कर रहे हैं। इसलिए मैंने कहा कि ऐसा लग रहा है जैसे मैं अपना सपना सच करने के करीब पहुंच गया हूं। दुबे ने कहा, लेकिन मैंने जैसे ही फोन बंद किया संदेश आने लग गए कि मुझे टेस्ट और वनडे दोनों टीम में चुना गया है। मैंने ऑनलाइन खबर देखी तो सच कहूं मुझे ऐसा लगा जैसे कि मैं सपना देख रहा हूं। आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद की तरफ से खेलने वाले इस खिलाड़ी ने रणजी ट्रॉफी के पिछले सत्र में विदर्भ की तरफ से खेलते हुए 69 विकेट लेने के अलावा 469 रन भी बनाए थे। उन्होंने कहा, मैं अभी 2027 में होने वाले वनडे विश्व कप में खेलने के बारे में नहीं सोच रहा हूं। अभी मैं जो भी मौका मिलता है उसमें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर ध्यान केंद्रित कर रहा हूं। टेस्ट मैच के बाद होने वाले तीन वनडे मैचों के दौरान कोहली और रोहित के साथ ड्रेसिंग रूम साझा करने को लेकर दुबे ने कहा, मैं उन्हें देखते हुए बड़ा हुआ हूं।

जब से मैंने क्रिकेट को समझना शुरू किया है, तब से उन्हें खेलते हुए देख रहा हूं। अगर मुझे उनके साथ एक भी मैच खेलने का मौका मिल जाए, तो यह मेरे लिए सपना सच होने जैसा होगा। टेस्ट और वनडे कप्तान गिल के साथ खेलने के बारे में दुबे ने कहा, मैं वास्तव में शुभमन गिल को एक व्यक्ति के रूप में करीब से देखना चाहता हूं क्योंकि एक प्रतिद्वंद्वी के रूप में आप कभी भी पूरी तरह से यह नहीं समझ सकते कि कोई व्यक्ति कैसा है या एक कप्तान के रूप में वह कैसा है। वहीं दूसरी ओर सुपरस्टार विराट कोहली के कोच राजकुमार शर्मा ने वैभव सूर्यवंशी की टी20 प्रारूप में दुर्लभ प्रतिभा के रूप में सराहना करते हुए उनसे अपने खेल में कोई बदलाव नहीं करने का आग्रह किया। पंद्रह वर्षीय खिलाड़ी सूर्यवंशी के लिए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का दूसरा सत्र शानदार रहा और राजस्थान रॉयल्स के लिए खेलते हुए 776 रन के साथ वह टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे। इस प्रदर्शन से उन्हें भारतीय टीम में शामिल करने की बातें तेज हो गई हैं। शर्मा ने कहा, वह निस्संदेह एक असाधारण प्रतिभा है। वह जिस तरह से इस आईपीएल में खेला, वह उल्लेखनीय है। जिस तरह से उसने सभी प्रथम श्रेणी, अंतरराष्ट्रीय और विश्व स्तरीय गेंदबाजों की धुनाई की है, वह सराहनीय है और मुझे कहना होगा कि वह एक विशेष प्रतिभा है। वैभव बहुत अच्छा खेलता है।

उन्होंने कहा, वह जिस तरह का निर्भीक क्रिकेट खेलता है, उसने जिस तरह से विश्व स्तरीय गेंदबाजों की धुनाई की है, वह सराहनीय है। जिस तरह से उसने छक्के मारे हैं, वह अविश्वसनीय है, टी20 क्रिकेट के लिए वह शानदार है। जब शर्मा से पूछा गया कि एक कोच के रूप में वह उन्हें क्या सलाह देना चाहेंगे, तो उन्होंने कहा, वह टी20 खेल रहा है इसलिए मैं कहूंगा कि कुछ भी मत बदलो। बस जाओ और



ऐसे ही खेलो, जैसे तुम खेल रहे हो। उन्होंने कहा, जबरदस्त क्रिकेट खेल रहे हो, गेंद को मारते रहो और लोगों का मनोरंजन करते रहो। जहां तक टेस्ट क्रिकेट खेलने की बात है तो मैंने उसे इतना नहीं देखा है कि यह बता सकूं कि वह कितना परिपक्व है, वह अपना खेल कैसे बदल सकता है, वह गेंद को ऑफ स्टंप के बाहर कैसे छोड़ सकता है या वह स्विंग गेंदबाजी कैसे खेल सकता है।

# थाना चिलुआताल क्षेत्र में एसपी उत्तरी का पैदल गश्त, सुरक्षा व्यवस्था का लिया विस्तृत जायजा

**संवेदनशील स्थानों का निरीक्षण, अधिकारियों को सख्त सतर्कता व प्रभावी पुलिसिंग के निर्देश**

**अमन लेखनी समाचार**



गोरखपुर। कानून-व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त बनाए रखने और आमजन में सुरक्षा की भावना को मजबूत करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक उत्तरी ज्ञानेंद्र ने थाना चिलुआताल क्षेत्र में व्यापक पैदल गश्त किया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र के प्रमुख बाजारों, भीड़भाड़ वाले स्थानों, चौराहों तथा संवेदनशील इलाकों का गहन निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था की स्थिति का जायजा लिया। पैदल गश्त के दौरान एसपी उत्तरी ने पुलिस की सक्रियता, ड्यूटी पर तैनात कर्मियों की मुस्तैदी तथा यातायात व्यवस्था का भी निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि वे नियमित गश्त बढ़ाएं और क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों व गतिविधियों पर विशेष नजर रखें। उन्होंने कहा कि अपराध एवं अवैध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए पुलिस की निरंतर उपस्थिति और सतर्कता अत्यंत आवश्यक है। एसपी उत्तरी ने यह भी निर्देश दिया कि बाजारों और सार्वजनिक स्थानों पर अनावश्यक भीड़भाड़ न होने दी जाए तथा यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं। उन्होंने स्थानीय दुकानदारों और नागरिकों से संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना और पुलिस की त्वरित सहायता उपलब्ध कराने का भरोसा दिलाया। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की कानून-व्यवस्था से जुड़ी समस्या या शिकायत मिलने पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही, महिला सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखने और रात्रि गश्त को भी सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। इस दौरान क्षेत्राधिकारी कैम्पियरगंज अनुराग सिंह, थानाध्यक्ष चिलुआताल सूरज सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# चिलूवाताल का पर्यटन विकास, 20.35 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण



**रामगढ़ ताल की तर्ज पर तैयार हुआ नया पर्यटन केंद्र, उत्तरी क्षेत्र को मिली बड़ी सौगात**

**अमन लेखनी समाचार**

गोरखपुर। शहर के उत्तरी क्षेत्र में स्थित चिलूवाताल को पर्यटन के नए केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। 20.35 करोड़ रुपये की लागत से तैयार विभिन्न निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया गया। इस परियोजना के तहत चिलूवाताल को रामगढ़ ताल नौकाविहार की तर्ज पर विकसित किया गया है, जिससे अब उत्तरी क्षेत्र के वे पर्यटक, जो रामगढ़ ताल नहीं जा पाते, यहां उसी तरह का आनंद ले सकेंगे। लोकार्पण से पहले भजन संध्या भवन का निरीक्षण कर परिसर में पौधरोपण भी किया गया। चिलूवाताल लगभग 400 एकड़ से अधिक क्षेत्र में फैला हुआ है और अपनी प्राकृतिक सुंदरता के लिए पहले से ही जाना जाता रहा है। यहां हर साल साइबेरियन पक्षियों का आगमन होता है, जो इस क्षेत्र को और आकर्षक बनाता है। परियोजना के पूर्ण होने से न केवल स्थानीय लोगों को एक बेहतर पर्यटन स्थल मिलेगा, बल्कि इससे क्षेत्र में रोजगार और आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। चिलूवाताल का यह विकास गोरखपुर के पर्यटन मानचित्र पर एक नई पहचान स्थापित करेगा।

# कछुआ संरक्षित क्षेत्र में अवैध बालू खनन का रैकेट, प्रशासन पर मिलीभगत का आरोप

**अमन लेखनी समाचार**



मीरजापुर। जन जागरण विकास आंदोलन के जिला अध्यक्ष रतन लाल दूबे ने कछुआ संरक्षित क्षेत्र (ड्ढूँ४ रंल्लू३४१८) में हो रहे बड़े पैमाने पर अवैध बालू खनन की शिकायत जिलाधिकारी मीरजापुर को दी है। आरोप है कि स्थानीय खनन माफिया पुलिस व प्रशासन की मिलीभगत से रात-दिन लाखों रुपये का अवैध उत्खनन कर रहे हैं, जिससे पर्यावरण को भारी नुकसान हो रहा है और पीपा पुल भी खतरे में पड़ गया है।रतन लाल दूबे (निवासी ग्राम गोगांव, विकास खंड छानबे) ने अपने प्रार्थना पत्र में बताया कि जिगना थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गोगांव, गौरा, परमानपुर, दुगौली सहित आसपास के इलाकों में दिसंबर 2025 से लगातार अवैध बालू खनन चल रहा है। रात 10 बजे से सुबह 8 बजे तक ट्रैक्टर-ट्रॉली व अन्य वाहनों से बालू का परिवहन किया जा रहा है।आरोपियों के नामःपरमेश कुमार दूबे पुत्र काल बिहारी दूबे, गोगांव बृजेश तिवारी उर्फ बल्लू पुत्र राजेंद्र तिवारी, गोगांव विनोद कुमार यादव पुत्र सीताराम यादव, गोगांव पिन्टू पाण्डेय पुत्र कलेक्टर पाण्डेय, भौरूपुर साटनपट्टी जय सिंह पुत्र लाले, फोलेपुर सुनिल कुमार निषाद, विनोद निषाद, सिपाही निषाद (गोगांव) सत्यम दूबे उर्फ शक्ति, कुलदीप सिंह उर्फ पप्पु (भौरूपुर) रतन लाल दूबे ने बताया कि पूर्व में एसडीएम सदर गुलाब चंद्र के कार्यकाल में इस अवैध खनन पर कार्रवाई हुई थी और काफी हद तक रोक लगी थी, लेकिन उनकी तैनाती समाप्त होते ही फिर से यह धंधा बेलगाम हो गया है। सूत्रों का कहना है कि इसमें कुछ बड़े सफेदपोश नेता भी शामिल हैं।प्रशासन की रिपोर्ट खनन निरीक्षक, मीरजापुर द्वारा जारी पत्र (दिनांक 14 जनवरी 2026) के अनुसार शिकायतकर्ता रतन लाल दूबे द्वारा दी गई शिकायत पर 5 जनवरी 2026 को जांच की गई। जांच दल को मौके पर अवैध खनन नहीं मिला, लेकिन शिकायतकर्ता ने मौके पर पहुंचकर बताया कि हनुमान मंदिर की तरफ गंगा नदी किनारे अवैध खनन चल रहा है। जांच रिपोर्ट में फोटोग्राफ्स भी संलग्न हैं।

### पर्यावरणीय खतरा

अवैध खनन से कछुआ संरक्षित क्षेत्र में वन्यजीवों (विशेषकर कछुओं) का अस्तित्व खतरे में है। ग्राम गौरा, परमानपुर (पीपा पुल के पास) और आसपास के इलाकों का पर्यावरण बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। साथ ही सरकारी राजस्व की भी भारी हानि हो रही है।रतन लाल दूबे ने जिलाधिकारी से मांग की है कि किसी निष्पक्ष अधिकारी से तुरंत जांच कराई जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। उन्होंने मोबाइल नंबर 7880522844 पर भी संपर्क करने की अपील की है।यह मामला अब स्थानीय स्तर पर सुर्खियों में है और प्रशासन की भूमिका पर सवाल उठ रहे हैं। जनता निष्पक्ष जांच और अवैध खनन पर तत्काल रोक की मांग कर रही है।

खास समाचार

# बरगढ़ घाटी के पास अनियंत्रित ट्रक कूदा, एक की मौत

**अमन लेखनी समाचार**



चित्रकूट। कल शाम 5:00 बजे बरगढ़ घाटी में पंचमुखी हनुमान मंदिर के पास नशे से धुत ड्राइवर ने मंदिर परिसर में कुदा दिया ट्रक। आश्रम में खाना बना रहे मऊ नगर पंचायत पहाड़पुरवा के बटुकदत्त मिश्रा की मौके पर मौत संयोग से वहां पर एक ही व्यक्ति मौजूद था यदि जितने होते तो वह बड़ा ट्रक सब की जान ले लेता। 12 फुट के नीचे ट्रक कूदने से बड़ा दर्दनाक हादसा हो गया। मौके पर भतीजे राजेश मिश्रा व आश्रम के लोगों ने 112 में कॉल किया पीआरबी पुलिस में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बटुक दत्त मिश्रा को ले आए। गंभीर चोट होने के कारण डॉक्टरों ने प्राथमिक इलाज करके प्रयागराज के लिए रेफर कर दिया रास्ते में ही 56 वर्षीय बटुकदत्त मिश्रा की मौत हो गई। परिजनों ने लौटकर के मऊ थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई मऊ थाना प्रभारी निरीक्षक श्रीप्रकाश यादव ने पता किया कि मध्य प्रदेश का ट्रक है जो घटना हुई है हमें दुख है जो भी उचित करवाई और मुआवजा होगा हम दिलाएंगे। पोस्टमार्टम के बाद शव को परिवार में लाया गया उनके दो लड़के थे, अंधी पत्नी दिव्यांग है जिसका रो-रो कर बुरा हाल है। दत्त खानदान के आठ भाइयों का परिवार है बड़े परिवार में मातम छाया हुआ है।

# कैबिनेट मंत्री संजय निषाद का जनपद दौरा क्या चुनावी मुद्दा?

**अमन लेखनी समाचार**

चित्रकूट। चुनावी समर आने पर ही कैबिनेट मंत्री संजय निषाद चित्रकूट का दौरा क्यों करते हैं। जनपद की दोनों विधानसभा में 10 लाख के लगभग निषाद जाति के लोग हैं जिसमें से अब भी 40% लोग झोपड़ी बनाकर अपना जीवन यापन कर रहे हैं। मंत्री जी चुनाव के थोड़ा पहले नहीं आएंगे तो अनपढ़ निषाद जाति को कैसे पढ़ा सकेंगे निषाद जाति में शिक्षा का स्तर भी बहुत निचले स्तर पर है। निषाद बस्तियों को जाने वाली चकरोडें व गलियां भ्रष्टाचार से परिपूर्ण है। जिन गांवों में निषाद बस्ती रहती है वहां पर विकास के रूप में भ्रष्टाचार ज्यादा है। जनपद चित्रकूट में कैबिनेट मंत्री संजय निषाद चुनाव के टाइम में आते हैं इसके बाद 4 वर्ष निषादों की शुध नहीं लेते कि उनके कपड़ा रोटी मकान की स्थिति क्या है। निषाद जाति के लोग मेहनती होते हैं जो कि अपना जीवन उपार्जन अपनी मेहनत की कमाई से करते हैं। निषाद पार्टी के राजा संजय निषाद जी को जनपद चित्रकूट के निषादों के लिए आवास, जल व्यवस्था व मछली उत्पादन में साथ देना चाहिए जो कि नहीं हो रहा। मऊ तहसील में निषाद जाति की संख्या बहुतायत में है जो राजनीति को पलटने में माहिर हैं।



# पूर्व विधायक स्वर्गीय जितेंद्र कुमार उर्फ नंदू चौधरी की चौथी पुण्यतिथि पर करनपुर में प्रतिमा स्थापना एवं श्रद्धांजलि सभा

**अमन लेखनी समाचार**



बस्तीः साऊघाट विकासखंड के करनपुर गांव में पूर्व विधायक स्वर्गीय जितेंद्र कुमार उर्फ नंदू चौधरी की चौथी पुण्यतिथि के अवसर पर उनके पुत्र बसपा नेता पूर्व लोकसभा प्रत्याशी लवकुश पटेल उर्फ रिंकू पटेल द्वारा श्रद्धांजलि सभा एवं प्रतिमा स्थापना कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, समर्थक एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। सभी ने स्वर्गीय जितेंद्र कुमार उर्फ नंदू चौधरी के चित्र एवं प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर लवकुश पटेल ने भावुक शब्दों में अपने पिता को याद करते हुए कहा कि ह्लपिताजी का स्नेह, संरक्षण और मार्गदर्शन आज भी हर कदम पर महसूस होता है। जीवन के अनेक अवसरों पर उनकी कमी सबसे अधिक खलती है, लेकिन उनके द्वारा दिए गए संस्कार, संघर्ष करने की प्रेरणा और समाज के प्रति समर्पण की भावना हमें सदैव आगे बढ़ने का साहस देती है।ह्व उन्होंने कहा कि पिताजी ने अपना सम्पूर्ण जीवन जनसेवा, सामाजिक उत्थान और लोगों के विश्वास को मजबूत करने में समर्पित किया। उनके आदर्शों और विचारों को आगे बढ़ाना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने यह भी कहा कि जनता का प्यार और आशीर्वाद ही उनके पिता की सबसे बड़ी पूंजी थी, जिसे आगे बढ़ाने का प्रयास निरंतर किया जाएगा। श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित लोगों ने भी पूर्व विधायक स्वर्गीय जितेंद्र कुमार उर्फ नंदू चौधरी के व्यक्तित्व और कृतित्व को याद करते हुए कहा कि उन्होंने क्षेत्र की राजनीति में सेवा, संघर्ष और ईमानदारी की एक अलग पहचान बनाई थी।

# अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंगदल बस्ती गोरक्ष प्रांत द्वारा जिलाधिकारी को ज्ञापन प्रेषित

**अमन लेखनी समाचार**



बस्ती - गाजियाबाद में ईद के दिन हुई सूर्या चौहान की निर्मम हत्या से सम्पूर्ण समाज दुःखी, आक्रोशित एवं व्यथित है। इस जघन्य घटना ने प्रदेशवासियों की भावनाओं को गहरी ठेस पहुँचाई है इस प्रकरण में उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई करते हुए एक आरोपी के विरुद्ध की गई कठोर कार्रवाई के लिए हमारा संगठन आपका तथा उत्तर प्रदेश पुलिस का हार्दिक धन्यवाद एवं अभिनंदन करते हैं। इस कार्य से प्रदेश की जनता में कानून के प्रति विश्वास और मजबूत हुआ है। हमारे संगठन की मांग है कि इस हत्या में शामिल शेष सभी आरोपियों तथा इस अपराध के षड्यंत्र में सम्मिलित सभी व्यक्तियों की पहचान कर उनके विरुद्ध भी कठोरतम कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में कोई भी अपराधी ऐसी घटना को अंजाम देने का साहस न कर सके। समाज की भावना है कि निर्दोष युवक की हत्या करने वाले तथा इस अपराध की योजना बनाने वाले सभी दोषियों को उनके अपराध के अनुरूप कड़ा दंड मिले और पीड़ित परिवार को पूर्ण न्याय प्राप्त हो। इस प्रकरण को आज अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंगदल बस्ती गोरक्ष प्रांत द्वारा एक ज्ञापन आदरणीया जिलाधिकारी महोदय को एक ज्ञापन प्रेषित किया गया है। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय बजरंगदल के प्रांत मंत्री मनमोहन त्रिपाठी अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के जिला प्रमुख मोहन राव जिला महामंत्री रवीन्द्र कश्यप नगर उपाध्यक्ष तेजराम कोषाध्यक्ष राजेश अग्रहरि तहसील अध्यक्ष राजू चौहान जिला कार्यकारणी सदस्य राजेश मणि त्रिपाठी विनोद निषाद रामजी विनीत तथा अन्य कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

# मीरजापुर में जल जीवन मिशन के 16 मजदूरों को बिना नोटिस के निकाला, वेतन वृद्धि की मांग पर सितम

**मेघा इंजीनियरिंग और एनरजेटिक पिपुल प्रा.लि. पर लगे गैरकानूनी निष्कासन के आरोप, मजदूरों ने जिलाधिकारी से लगाई गुहार**

**अमन लेखनी समाचार**



मीरजापुर। जल जीवन मिशन के अंतर्गत गोठौरा-धौहां क्षेत्र में कार्यरत वाल्व आपरेटर, पंप आपरेटर और ऑफिस बॉय मजदूरों को वेतन वृद्धि की मांग करने पर बिना किसी पूर्व नोटिस या लिखित कारण के मौखिक रूप से नौकरी से निकाल दिया गया है। प्रभावित मजदूरों ने इस संबंध में जिलाधिकारी मीरजापुर को ज्ञापन सौंपकर तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है।ज्ञापन के अनुसार, एनरजेटिक पिपुल प्रा.लि. कंपनी द्वारा मेघा इंजीनियरिंग एण्ड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के तहत 10 से 20 गांवों में जल सप्लाई, लीकेज मरम्मत और अन्य संबंधित कार्य करने वाले मजदूरों को मात्र 400 रुपये प्रतिदिन की मजदूरी दी जा रही है। मजदूरों का कहना है कि वे पिछले 3 से 4 वर्षों से लगन से कार्य कर रहे हैं, लेकिन इस दौरान न तो वेतन वृद्धि की गई और न ही कोई अन्य सुविधाएं दी गईं।जब मजदूरों ने महंगाई को ध्यान में रखते हुए वेतन वृद्धि की मांग की तो कंपनी प्रबंधन ने 16 कर्मचारियों को चिन्हित कर मौखिक रूप से निष्कासित कर दिया। उनकी उपस्थिति भी दर्ज नहीं की जा रही है। मजदूरों का आरोप है कि कंपनी प्रबंधन ने धमकी दी है कि जितने भी मजदूर कार्य कर रहे हैं, उन्हें बिना वेतन दिए निकाल दिया जाएगा।

### प्रभावित मजदूरों के नाम:

अजय कुमार सिंह, मनोज कुमार, प्रशांत कुमार, संतोष कुमार, अमरेश कुमार, नितिन विश्वामी, अतुल डंगार, चौभान कृपाराम, दीपक कुमार सहित कुल 16 कर्मचारी।मजदूरों ने जिलाधिकारी से अनुरोध किया है कि दोनों कंपनियों को आदेश दिया जाए कि सभी कर्मचारियों की कार्य के अनुरूप वेतन वृद्धि की जाए तथा निकाले गए मजदूरों को तुरंत पुनः कार्य पर बहाल किया जाए।यह मामला श्रम कानूनों के उल्लंघन का प्रतीत होता है। स्थानीय प्रशासन द्वारा इसकी जांच कर उचित कार्रवाई किए जाने की मजदूरों ने मांग की है।

### अधिकारियों का बयान:

अभी तक इस मामले में जिलाधिकारी कार्यालय या संबंधित कंपनियों की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है।

# रास्ते के विवाद में मारपीट, हत्या के प्रयास में तीन आरोपी गिरफ्तार

**दो पक्षों में लाठी-डंडे चले, कई लोग घायल; पुलिस की त्वरित कार्रवाई**

**अमन लेखनी समाचार**



गोरखपुर। थाना सहजनवां क्षेत्र में रास्ते के विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हुई हिंसक मारपीट के मामले में पुलिस ने हत्या के प्रयास के आरोप में तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई अपराध नियंत्रण अभियान के तहत की गई। पुलिस के अनुसार, 31 मई 2026 की रात करीब 9:30 बजे रास्ते के विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच कहासुनी के बाद मामला बढ़ गया और दोनों ओर से लाठी-डंडों से जमकर मारपीट हुई। इस घटना में दोनों पक्षों के कई लोगों को गंभीर चोटें आईं। घटना के संबंध में दोनों पक्षों से मिली तहरीर के आधार पर थाना सहजनवां में अलग-अलग मुकदमे दर्ज किए गए। पुलिस अधीक्षक उत्तरी के मार्गदर्शन, क्षेत्राधिकारी गीडा के पर्यवेक्षण एवं थानाध्यक्ष सहजनवां के नेतृत्व में पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अभियुक्त धर्मेन्द्र उर्फ बब्लू कन्नौजिया, आदित्य कन्नौजिया निवासीगण टिकरियखोर थाना सहजनवां जनपद गोरखपुर तथा सुनील कुमार उर्फ सोनू निवासी अमरहा थाना धर्मसिंघवा जनपद संतकबीर नगर को गिरफ्तार किया। अभियुक्त धर्मेन्द्र उर्फ बब्लू कन्नौजिया और आदित्य कन्नौजिया के विरुद्ध मु0अ0सं0 269/2026 के तहत धारा 115(2), 109, 352, 351(3) भारतीय न्याय संहिता में मुकदमा दर्ज है, जबकि सुनील कुमार उर्फ सोनू के खिलाफ मु0अ0सं0 270/2026 के तहत धारा 109 भा0न्या0सं0 में कार्रवाई की गई है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि जनपद में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए इस प्रकार के मामलों में सख्ती बरती जा रही है और किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा।

# जमीन विवाद में युवक ने लगाया धमकी और फर्जी मुकदमे का आरोप, DGP से लगाई न्याय की गुहार

**अमन लेखनी समाचार**




मिजार्पुरः मंगलवार को कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के लोहंदी कला निवासी अनिल गुप्ता ने जमीन विवाद को लेकर लखनऊ पहुंचकर पुलिस महानिदेशक (DGP) से न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित का आरोप है कि पड़ोसी अनूप पटेल द्वारा उन्हें उनकी ही जमीन पर जाने से रोका जाता है और लगातार जान से मारने की धमकी दी जा रही है।पीड़ित अनिल गुप्ता का कहना है कि स्थानीय स्तर पर सुनवाई न होने के कारण उन्हें न्याय के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है। मामले में उन्होंने DGP से निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई तथा परिवार की सुरक्षा की मांग की है।अनिल गुप्ता ने बताया कि विपक्षी अपने भाई पुष्प कुमार, जो सिटी ब्लॉक प्रमुख हैं, का नाम लेकर थानों में दबाव बनाता है। पीड़ित के अनुसार उन पर जमीन बेचने का दबाव बनाया जा रहा है और मना करने पर फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी दी जाती है। पीड़ित ने यह भी आरोप लगाया कि पूर्व में कोतवाली देहात में तैनात रहे दरोगा भारत लाल पांडेय की मिलीभगत से उनके खिलाफ फर्जी मुकदमा दर्ज कराया गया था। साथ ही दरोगा भारत लाल पांडे द्वारा मुकदमा खत्म कराने के नाम पर 20 हजार की वसूली भी की गई।

# समर कैंप बच्चों के सर्वांगीण विकास की मजबूत नींव रखते हैं :डॉक्टर मंगलेश

**पर्यावरण संरक्षण के लिए सभी अपने घरों के आसपास वृक्ष लगाए:नंदू मिश्रा**

**बालपुर बच्चों को समृद्ध मंच प्रदान करता है :शिवजी सिंह**

**अमन लेखनी समाचार**

गोरखपुर। बाल स्वर संस्थान का 15 दिवसीय समर कैंप का समापन समारोह सरस्वती विद्या मंदिर सभागार में बड़े ही आकर्षक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा कैंप के दौरान सीखी गई विभिन्न विधाओं की शानदार प्रस्तुतियाँ मंच के माध्यम से प्रस्तुत की गईं, जिसने उपस्थित अतिथियों एवं अभिभावकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि गोरखपुर के महापौर श्री मंगलेश श्रीवास्तव, विशिष्ट अतिथि विद्या मंदिर संस्थान प्रमुख शिवाजी सिंह, भजन सम्राट नंदू मिश्रा, समाजसेवी सुधा मोदी, व्यापारी नेता पुष्पदंत जैन, संरक्षक राजेश श्रीवास्तव मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने भगवान गणेश की स्तुति के साथ नृत्य पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर सभी का हृदय जीत लिया। इसके पश्चात बच्चों द्वारा ह्लकहते हैं हमको प्यार से इंडिया वालेश्व गीत पर भावपूर्ण प्रस्तुति दी गई, जिसे उपस्थित लोगों ने खूब सराहा। समर कैंप में प्रशिक्षित बच्चों ने, सामूहिक नृत्य, आत्मरक्षात्मक कराटे का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम संयोजक मनोज श्रीवास्तव एवं राहुल रजत मुख्य अतिथि का बुके देकर अभिनंदन किया। वहीं मार्शल आर्ट के बच्चों ने अपने अद्भुत कौशल का प्रदर्शन कर सभी को आश्चर्यचकित कर दिया। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा वेस्ट मटेरियल से तैयार की गई आकर्षक आर्ट एंड क्राफ्ट प्रदर्शनी भी विशेष आकर्षण का केंद्र रही। मुख्य अतिथि श्री मंगलेश श्रीवास्तव ने बच्चों की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि – ह्लगर्मी की छुट्टियों का सही सदुपयोग तभी है जब बच्चे नई कला, अनुशासन और संस्कार सीखें। बाल स्वर संस्था द्वारा ऐसे समर कैंप विगत 30 वर्षों से आयोजित किया जा रहे हैंजो बच्चों के सर्वांगीण विकास की मजबूत नींव रखते हैं।ह्वजिस प्रकार से 15 दिवसीय कार्यशाला में प्रशिक्षकों द्वारा विभिन्न प्रकार के विधाओं का प्रशिक्षण दिया जा रहा है वह अपने आप में प्रशंसनीय हैं। विशिष्ट अतिथि भजन सम्राट नंदू मिश्रा ने इस रचनात्मक प्रयास की प्रशंसा करते हुए कहा कि – ह्लबच्चों के अंदर छिपी प्रतिभाओं को समृद्ध मंच देने का यह प्रयास समाज के लिए प्रेरणादायी है ह्व निश्चित रूप से यही बच्चे देश और समाज का नाम आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने इस बात की अपील की पर्यावरण संकट को देखते हुए सभी बच्चे एवं उनके विभाग अपने घरों के आसपास वृक्षारोपण करें एवं संवर्धन भी करें। व्यापारी नेता पुष्प जैन ने प्रशिक्षकों की सराहना करते हुए कहा कि इतने कम समय में बच्चों को उत्कृष्ट प्रशिक्षण देना वास्तव में सराहनीय कार्य है। समर कैंप में प्रशिक्षण प्राप्त बच्चों एवं प्रशिक्षकों को मुख्य अतिथि द्वारा सर्टिफिकेट एवं ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। विद्या मंदिर संस्थान के प्रमुख शिवाजी सिंह एवं समाजसेवी सुधा मोदी ने कहा कि आज के इस मोबाइल युग में बच्चों के अंदर वास्तविक गुणो का विकास करना उन्हें रचनात्मक कार्यों के माध्यम से सही रास्ता दिखाना हम सब का नैतिक दायित्व है और निश्चित ही बाल स्वर इस दिशा में सार्थक प्रयास कर रहा है।

**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट- बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ- 226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

**मो. - 9838159555, 9935457982**


**E-mail address amanlekhaninews@gmail.com**



# कॉकटेल-2 का ट्रेलर रिलीज कृति-रश्मिका के बीच फंसे शाहिद

मुंबई। शाहिद कपूर, कृति सेनन और रश्मिका मंदाना की मच अवेटेड रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म 'कॉकटेल 2' का ट्रेलर मंगलवार को रिलीज हो गया। 3 मिनट 1 सेकंड के इस ट्रेलर की शुरुआत शाहिद कपूर, कृति सेनन और रश्मिका मंदाना की कार ट्रिप से होती है। शुरुआत में शाहिद कहते हैं, 'जब भी कोई रिश्ता नया होता है, तो वह रोमांचक होता है, क्योंकि वह नया होता है। नए दोस्त मजेदार होते हैं क्योंकि उनकी कहानियां हमें दिलचस्प लगती हैं। पुराने दोस्तों से वही पुरानी कहानियां सुनते-सुनते हम थक जाते हैं। लेकिन, प्यार उस फटी हुई टी-शर्ट की तरह है जिसमें हमें दो रातों तक चैन की नींद आती है।

## लाइफ Style



# तृप्ति

## कॉन्फिडेंस ही बन जाता है आपका दुश्मन

एनिमल में रणबीर कपूर के साथ तृप्ति डिमरी की जोड़ी लोगों को खूब पसंद आई थी, लेकिन यह भी आरोप लगे कि तृप्ति उस फिल्म की सक्सेस के बाद काफी बदल गईं। तृप्ति डिमरी ने कहा कि प्रोफेशनल लाइफ मे उतार-चढ़ाव आते रहते हैं और ऐसे लोगों का साथ होना जरूरी है जो आपकी गलतियां बता सकें और सही रास्ता दिखा सकें।

एजेंसी ▶▶ मुंबई


एनिमल फेम एक्ट्रेस ने कहा कि अपनी बुराई सुनना आसान नहीं होता है। हालांकि यही वह चीज है जो आगे बढ़ने में आपकी मदद करती है। जब उनका परिवार और दोस्त उन्हें बताते हैं कि वह कहां गलती कर रही हैं, तो वह रुककर उनकी प्रतिक्रियाओं पर चिंतन करती हैं। तृप्ति ने माना कि कभी-कभी आपका कॉन्फिडेंस ही आपका सबसे बड़ा दुश्मन बन जाता है। साल 2023 में आई रणबीर कपूर और रश्मिका मंदाना की फिल्म एनिमल ब्लॉकबस्टर हिट रही थी। संदीप रेड्डी वांगा के निर्देशन में बनी इस फिल्म में तृप्ति डिमरी ने अहम किरदार निभाया था। तृप्ति यूं तो उससे पहले बुलबुल, लैला मजनू और पोस्टर बॉयज जैसी फिल्मों में नजर आ चुकी थीं, लेकिन इस फिल्म ने उन्हें वो पहचान दिलाई, जिसकी उन्हें इंडस्ट्री में चमकने के लिए जरूरत थी। तृप्ति के कॅरियर का ग्राफ रॉकेट की रफ्तार से ऊपर गया और उन्हें धड़क-2, भूल भुलैया-3 और स्पिरिट जैसी बड़ी फिल्मों में फीमेल लीड रोल मिलने लगे, लेकिन साथ ही साथ लोगों ने यह भी आरोप लगाया कि एनिमल के बाद तृप्ति काफी बदल गई हैं। एक हालिया इंटरव्यू में एक्ट्रेस ने खुद इस सवाल का जवाब दिया।

## हॉलीवुड मसाला



# भारत में ताबड़तोड़ कर रही कमाई

नई दिल्ली। करी बार्कर की फिल्म 'ऑब्सेशन' भारत में बीते शुक्रवार को रिलीज हुई। महज चार दिनों में ही इस फिल्म ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई कर ली है। आने वाले दिनों में फिल्म को वर्ड ऑफ माउथ पब्लिसिटी का फायदा मिल सकता है। हॉलीवुड की हॉरर फिल्म 'ऑब्सेशन भारतीय दर्शको को भी खूब पसंद आ रही है। कम बजट की यह फिल्म दर्शकों को डराने में अब तक कामयाब रही है। फिल्म ऑब्सेशन को दुनियाभर में काफी पसंद किया जा रहा है। शुक्रवार को फिल्म को मिली धीमी शुरुआत के बाद इसने वीकेंड पर अपनी रफ्तार पकड़ी।




# सुरक्षा कारणों से रद्द हुआ कान्ये और ट्रैविस का शो

लॉस एंजिल्स। अमेरिकी रैपर कान्ये वेस्ट और ट्रैविस स्कॉट का एक कॉन्सर्ट इटली में होना था, जो कि अब रद्द कर दिया गया है। इस बात से रैपर के फैंस बेहद निराश हैं। यह फैसला किन्हीं सुरक्षा कारणों से लिया गया है। यह कॉन्सर्ट जुलाई में इटली के उत्तरी शहर रेजियो एमिलिया के आईसीएफ एरिना में होने वाले था। ट्रैविस स्कॉट का शो 17 जुलाई को और कान्ये वेस्ट का शो 18 जुलाई को होना था। ट्रैविस स्कॉट के कॉन्सर्ट को सुरक्षा व्यवस्था की चिंताओं के कारण रद्द किया गया है, न कि उन पर किसी प्रतिबंध की वजह से। स्थानीय अधिकारियों ने सुरक्षा कारणों से इन्हें रद्द करने का आदेश दिया। दरअसल, कान्ये वेस्ट द्वारा अप्रैल में की गई यहूदी-विरोधी टिप्पणियों का कड़ा विरोध हो रहा था। शहर के यहूदी समुदाय, फासीवाद-विरोधी समूहों, ट्रेड यूनियनों और नेताओं ने इस कॉन्सर्ट को रोकने की मांग की थी।



# अल्फा की रिलीज डेट बदली...

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट इन दिनों अपने कई प्रोजेक्ट्स को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। आलिया अल्फा और लव एंड वॉर में नजर आएंगी। अल्फा की रिलीज से पहले निर्माताओं ने इसकी नई रिलीज डेट जारी की है। आलिया भट्ट और शार्वरी वाघ की मुख्य भूमिका वाली एक्शन फिल्म अल्फा अब अपने तय समय से एक हफ्ता पहले यानी 3 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। पहले यह फिल्म 10 जुलाई को आने वाली थी। फैंस आलिया को एक्शन अवतार में देखने के लिए बेताब हैं। इस फिल्म से पहले आलिया ने फिल्म जिगरा में एक्शन किया था। फिल्म धमाल 4 की रिलीज डेट 17 जुलाई तय होने के बाद, अल्फा के निर्माता आदित्य चोपड़ा ने यह फैसला लिया है। 3 जुलाई के आसपास कोई बड़ी फिल्म रिलीज नहीं हो रही है।



# अनिल ने पत्नी संग यूरोप में मनाईं छुट्टियां

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता अनिल कपूर हाल ही में अपनी पत्नी सुनीता कपूर के साथ यूरोप की यात्रा पर गए थे। उन्होंने मंगलवार को सोशल मीडिया पर इस जादुई वेकेशन की कुछ खूबसूरत तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों के साथ अनिल ने इस जगह को मैजिकल बताया है। 69 साल के अनिल ने इंस्टाग्राम पर आज मोंटेनेग्रो देश की कुछ तस्वीरें पोस्ट की हैं। उन्होंने इस जगह को बहुत ही जादुई और खूबसूरत बताया। तस्वीरों में अनिल काले रंग के कपड़ों और स्टाइलिश चश्मे में बेहद हैंडसम दिख रहे हैं। अनिल की दोस्त और बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी ने इस पोस्ट पर कमेंट करते हुए लिखा कि यह उनकी भी पसंदीदा जगह है। इसके साथ ही शिल्पा ने लिखा कि अनिल बहुत शानदार लग रहे हैं। शिल्पा के अलावा अनिल के कई फैंस ने इस पोस्ट पर लाल दिल वाला और फायर इमोजी बनाया है।

## टीवी मसाला



# 'तारक मेहता' में जमील जमाली की एंट्री से भागने लगे लोग...

नई दिल्ली। 'धुरंधर' और जमील जमाली की लोकप्रियता अब गोकुलधाम सोसाइटी तक पहुंच गई है। शो में एक मजेदार मोड़ आएगा जब लोग यह देखकर हैरान रह जाएंगे कि जमील जमाली बिल्कुल तारक मेहता के बॉस बाबूलाल जैसे दिखते हैं। यह अजीब समानता भ्रम पैदा कर रही है और कई मजेदार पलों को जन्म देती है। इससे पहले कि कोई सच और झूठ में फर्क कर पाए, अफवाहें फैलने लगती हैं, तरह-तरह के कयास लगने लगते हैं और बेचारे बाबूलाल खुद को एक ऐसे तूफान में पाते हैं जिसकी उन्होंने कल्पना भी नहीं की थी। ये किरदार राकेश बेदी निभा रहे हैं और जो 2020 से तारक के बॉस बने हुए हैं। एक मामूली भ्रम से शुरू हुई बात जल्दी ही एक बड़े तमाशे में बदल जाती है। जैसे-जैसे हर कोई स्थिति को समझने की कोशिश करता है, भ्रम और बढ़ता जाता है। बाबूलाल इस स्थिति में फंस जाते हैं और एक के बाद एक समस्याओं का सामना करते हैं। हालांकि, तारक अपने बॉस को अकेला नहीं छोड़ते और मुश्किल को संभालने की पूरी कोशिश करते हैं। वह स्थिति को पूरी तरह से हाथ से निकलने से पहले हर संभव प्रयास करते हैं। 'धुरंधर' के क्रेज के चलते बाबूलाल को जमील जमाली समझ लिया जाता है। लोग टीवी के किरदार को असली इंसान समझ बैठते हैं। एक छोटी सी गलतफहमी से और भी उलझनें पैदा हो जाती हैं। इससे हंसी-मजाक और मनोरंजन का माहौल बनता है। 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' एक बार फिर यही कमाल कर रहा है। यह फेमस सिटकॉम रोजमर्रा की साधारण घटनाओं को एक मजेदार और मनोरंजक कहानी में बदल देता है।

## प्रोड्यूसर पर लगाए थे यौन शोषण के झूठे आरोप

नई दिल्ली। टीवी का मशहूर सीरियल 'भाभी जी घर पर हैं' आपने कभी ना कभी तो जरूर देखा होगा। टीवी के इस शो को लोगों ने खूब पसंद किया।



कुछ साल पहले इस शो से जुड़ा एक बड़ा विवाद भी सामने आया था। जिसमें इस शो की लीड एक्ट्रेस शिल्पा शिंदे ने शो के प्रोड्यूसर पर यौन शोषण का आरोप लगाया था। हाल ही में दिए गए एक इंटरव्यू में शिल्पा ने बताया कि शो छोड़ने के दौरान उन्होंने प्रोड्यूसर पर भी सेक्सुअल हैरेसमेंट का आरोप लगाया था वह बिल्कुल झूठ था। इसके अलावा शिल्पा ने इंटरव्यू के दौरान और भी कई बातें बताईं। भारती सिंह और हर्ष लिंबाचिया के पॉडकास्ट में शिल्पा ने लीगल लड़ाई और अपने इमोशनल ब्रेकडाउन पर खुलकर बातचीत की। बातचीत के दौरान शिल्पा ने बताया कि उनके सामने एक समय आया जब उन्हें यह महसूस होने लगा था कि वह काफी बुरी तरह से फंस चुकी हैं और उनके पास लड़ाई लड़ने का कोई दूसरा रास्ता नहीं बचा है।

# कपूर परिवार के नाम हैं ये 7 दिलचस्प रिकॉर्ड

*नई दिल्ली। बॉलीवुड के 'कपूर खानदान' को इंडस्ट्री की 'फर्स्ट फैमिली' भी कहा जाता है। पृथ्वीराज कपूर से लेकर रणबीर कपूर तक इस परिवार का फिल्ममेकिंग और एक्टिंग से बहुत पुराना नाता रहा है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि वो कौन से 7 रिकॉर्ड हैं जो इस परिवार के नाम पर दर्ज है?*

***ऑनस्क्रीन जा चुका सबसे बड़ा परिवार :*** *साल 1999 तक ही इस एक परिवार के 24 से अधिक सदस्य फिल्मों में बतौर एक्टर, डायरेक्टर या प्रोड्यूसर काम कर चुके थे। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में इस परिवार के नाम फिल्म इंडस्ट्री में सबसे बड़े ऑन-स्क्रीन परिवार होने का नाम दर्ज है।*

***सिनेमा में 5 पीढ़ियों का सफर :*** *भारतीय सिनेमा जगत के इतिहास में कपूर परिवार इकलौता ऐसा परिवार है जिसकी 5 पीढ़ियां लगातार फिल्म इंडस्ट्री में सक्रिय रही हैं। शुरुआत दीवान बशेश्वरनाथ कपूर (पृथ्वीराज कपूर के पिता) से हुई थी और अब रणबीर कपूर व राहा कपूर तक पहुंच चुकी है।*

***एक ही फिल्म में 3 पीढ़ियां :*** *साल 1971 में आई फिल्म 'कल आज और कल' में एक अनोखा रिकॉर्ड बना। इस फिल्म में कपूर परिवार की तीन पीढ़ियां एक साथ नजर आई थीं। इस फिल्म में पृथ्वीराज कपूर (दादा), राज कपूर (पिता), और रणधीर कपूर (बेटे) एक साथ नजर आए थे।*

***सबसे यंग डायरेक्टर का रिकॉर्ड :*** *शोमैन राज कपूर ने महज 24 साल की उम्र में फिल्म 'आग' (1948) का निर्देशन किया था। यह अपने आप में एक वर्ल्ड रिकॉर्ड था। उस दौर में सबसे कम उम्र के फिल्म निर्देशक बनने का रिकॉर्ड राज कपूर ने अपने नाम किया।*



***सुपरस्टार बनीं पहली सगी बहनें :*** *कपूर खानदान की बेटियों ने भी फिल्म इंडस्ट्री में कम नाम नहीं कमाया। करिश्मा कपूर और करीना कपूर भारतीय सिनेमा के इतिहास की पहली ऐसी सगी बहनें बनीं, जिन्होंने पुरानी रिवायतों को तोड़ा और इंडस्ट्री पर राज किया। नंबर वन एक्ट्रेस बनीं।*

***एक परिवार में 3 दादा साहेब फाल्के पुरस्कार:*** *सिनेमा जगत के सर्वोच्च सम्मान 'दादा साहब फाल्के पुरस्कार' को एक ही परिवार में 3 बार जीतने का रिकॉर्ड भी कपूर खानदान के नाम है। यह सम्मान पृथ्वीराज कपूर, राज कपूर और शशि कपूर को भारतीय सिनेमा में उनके योगदान के लिए दिया गया।*

## शम्मी कपूर के नाम पर ऐसा भी एक रिकॉर्ड

शम्मी कपूर के नाम पर सिनेमा से अलग एक अनोखा रिकॉर्ड है। उन्होंने 1990 के दशक में 'इंटरनेट यूजर्स क्लब ऑफ इंडिया' की स्थापना की थी। वह भारत के पहले कुछ लोगों में से थे जिनके पास अपना पर्सनल कंप्यूटर और इंटरनेट कनेक्शन था।

# आदर्श ने हॉलीवुड सीरीज एलियन- अर्थ 2 को लेकर जताई खुशी

नई दिल्ली। अभिनेता आदर्श गौरव ने रिडले स्कॉट की फिल्म 'एलियन अर्थ' में स्लाइटली के किरदार के लिए खूब प्रशंसा बटोरी। अब अभिनेता इस साइंस फिक्शन शो के आगामी दूसरे सीजन में भी वही भूमिका निभाएंगे और जल्द ही शूटिंग के लिए रवाना होने वाले हैं। दूसरे सीजन में पीटर डिंकलेज के शामिल होने से इसको लेकर लोगों का उत्साह और भी बढ़ गया है। आदर्श ने एमी पुरस्कार विजेता इस अभिनेता की जमकर तारीफ की है। नोआ हॉली द्वारा निर्मित और दिग्गज फिल्म निर्माता रिडले स्कॉट द्वारा कार्यकारी निर्मित 'एलियन: अर्थ' स्कॉट की प्रतिष्ठित एलियन फिल्मों का स्पिन-ऑफ है।



पहले सीजन में आदर्श ने स्लाइटली उर्फ आरुष की भूमिका निभाई, जो मनुष्य और मशीन का एक हाइब्रिड है। आदर्श गौरव ने कहा कि 'एलियन: अर्थ के सीजन 2 में वापसी करना बेहद खास लगता है। स्लाइटली एक ऐसा किरदार है जो शूटिंग खत्म होने के बाद भी लंबे समय तक मेरे मन में बसा रहा, क्योंकि उसकी इमोशनली जटिलता और ट्विस्ट ने मुझे दीवाना बना दिया। नोआ हॉली और रिडले स्कॉट द्वारा निर्मित दुनिया में उसे और गहराई से जानने का अवसर मिलना एक अभिनेता के रूप में रोमांचक और बेहद संतोषजनक है। एलियन: अर्थ में सिडनी चैंडलर, एलेक्स लॉथर, एस्सी डेविस, सैमुअल ब्लेंकिन और बाबौ सीसे मुख्य भूमिका में हैं, जबकि टिमोथी ओलिवेंट एक महत्वपूर्ण भूमिका में नजर आते हैं। सीजन 2 में गेम ऑफ थ्रोन्स के मशहूर अभिनेता पीटर डिंकलेज की एंट्री होती है, जिससे एलियन यूनिवर्स का विस्तार होता है। आदर्श ने आगे कहा कि इस अनुभव को वास्तव में उल्लेखनीय बनाने वाली बात यह है कि मुझे एक टेलेंटेड एक्टर्स के साथ इस लोकप्रिय यूनिवर्स का हिस्सा बनने का मौका मिला। पीटर डिंकलेज, टिमोथी ओलिवेंट और पूरी टीम जैसे कलाकारों के साथ काम करना आपको हर दिन क्रिएटिव रूप से आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है।

## अपने नाम किए तीन पुरस्कार, सर्वश्रेष्ठ बाल कलाकार का सम्मान भी मिला

# न्यूयॉर्क इंडियन फिल्म फेस्टिवल में मणिपुरी फिल्म बूंग की धूम

### फिल्म को कौन से अवॉर्ड मिले?

फेस्टिवल में बूंग ने तीन पुरस्कार अपने नाम किए। पहला सर्वश्रेष्ठ डेब्यू फिल्म का पुरस्कार। दूसरा लक्ष्मीप्रिया देवी को सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार और तीसरा गुगुन किपगेन को सर्वश्रेष्ठ बाल कलाकार पुरस्कार दिया गया। न्यूयॉर्क इंडियन फिल्म फेस्टिवल 28 से 31 मई तक चला, जिसमें 15 भाषाओं की अलग-अलग तरह की फिल्में दिखाई गईं।

### क्या है बूंगकी कहानी?

बूंग की कहानी बहुत प्यारी और दिल को छू लेने वाली है। यह फिल्म मणिपुर की घाटी में रहने वाले बच्चे बूंग (गुगुन किपगेन) पर आधारित है। बूंग वर्षों से अकेली रह रही अपनी मां को खुश करने के लिए खास तोहफा देने की योजना बनाता है। वह, तोहफा है अपने पिता को वापस लाना। वह पिता की तलाश में निकल जाता है। इस सफर में उसका दोस्त साथ देता है। मां की खुशियों के लिए पिता को खोजने निकले बूंग की यह कहानी बेहद मार्मिक है। बूंग को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है।

*लॉस एंजिल्स। मणिपुरी फिल्म बूंग ने पहले बाफ्टा अवॉर्ड में अपना जलवा दिखाया था। अब इस फिल्म ने न्यूयॉर्क इंडियन फिल्म फेस्टिवल में बड़ी उपलब्धि हासिल की है। महोत्सव मे फिल्म ने तीन अवॉर्ड अपने नाम किए हैं। न्यूयॉर्क इंडियन फिल्म फेस्टिवल में भारतीय फिल्म बूंग ने इतिहास रच दिया है। रविवार को खत्म हुए इस महोत्सव में फिल्म ने तीन अवॉर्ड अपने नाम किए हैं। फिल्म के मुख्य कलाकार को सर्वश्रेष्ठ बाल कलाकार का सम्मान मिला है। महोत्सव में दस अलग-अलग कैटेगरी में भारतीय सिनेमा के बेहतरीन कलाकारों और फिल्मों को सम्मानित किया गया।*



***फिल्म में नजर आए ये कलाकार :*** फिल्म बूंग में गुगुन किपगेन के अलावा बाला हिजाम, नेमेतिया नगांगबाम, जेनी खुरई, हामोम सदानंद,एंगम सनामतम, विक्रम कोचर, थौदम बजबिधु और मोधुबाला थौदम जैसे कलाकार अहम भूमिकाओं में दिखाई दिए। फिल्म के बाल कलाकारों का अभिनय बहुत ही सहज है। कई सीन्स दर्शकों को भावुक कर जाते हैं, आंखों को नम कर देते हैं।

### फरहान ने प्रोड्यूस की है बूंग

इस फिल्म को निर्माता-निर्देशक और एक्टर फरहान अख्तर ने प्रोड्यूस किया है। इस फिल्म का वर्ल्ड प्रीमियर साल 2024 के टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में हुआ था। वहा इसे दर्शकों से स्टैंडिंग ओवेशन मिला था। भारतीय सिनेमाघरों में यह फिल्म सितंबर 2025 को रिलीज हुई थी। इस फिल्म का निर्देशन लक्ष्मीप्रिया देवी ने किया है।

### बाफ्टा में मिला था अवॉर्ड

इससे पहले मणिपुरी फिल्म 'बूंग' ने बाफ्टा अवॉड्र्स 2026 में भी जलवा दिखाया था। वहां फिल्म ने बेस्ट चिल्ड्रन एंड फैमिली कैटेगरी में पुरस्कार जीता था। 'बूंग' बाफ्टा में नामांकित होने वाली अकेली भारतीय फिल्म थी। इसने जूटोपिया 2, लिलो एंड स्टिच और आर्को जैसी बड़ी-बड़ी अंतरराष्ट्रीय फिल्मों को हराकर यह अवॉर्ड जीता। इससे पहले फिल्म का पहला प्रीमियर 2024 में टोरंटो फिल्म फेस्टिवल में हुआ था। बाद में इसे वारसॉ, एमएएमआई मुंबई, आईएफएफआई और मेलबर्न इंडियन फिल्म फेस्टिवल जैसे कई बड़े फेस्टिवल में दिखाया गया।